हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची ● शनिवार ● 07.12.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 135 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## कैबिनेट : मुख्यमंत्री का मंत्रियों को निर्देश
## दो महीने में विभागों की समीक्षा कर दें रिपोर्ट

### आप्त सचिव तथा निजी स्टॉफ रखते समय उसकी पृष्ठभूमि जरूर देख लें ताकि विवादित कर्मी को स्थान नहीं मिले

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सभी मंत्रियों को उनके विभागों की दो महीने में समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है। पदाधिकारी से मंत्री तक तय किए गए हैं। आने वाले समय में राज्य को बेहतर दिशा कैसे दें, इसमें कुछ 15-16 प्वाइंट बनाये गये हैं, जो आगे की रूपरेखा तय करेंगे। सोरेन ने कहा कि रांची ही नहीं बाकी जिला कार्यालयों तक बैठक होगी और मंत्री समीक्षा करेंगे। इसमें सभी चीजों को देखा जायेगा। सभी विभागों में प्रमोशन भी होंगे। जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान होगा। कुल मिलाकर बहुत से विषय हैं। मंत्रियों को विभागों को दुरूस्त करने का निर्देश दिया गया है। हेड क्वार्टर से लेकर जिला कार्यालय तक समीक्षा करने को कहा गया है। दो महीने में सभी विभागों की समीक्षा मंत्री करेंगे और पदधिकारियों के कार्यकुशलता का भी ध्यान रखेंगे। फिर सभी चीजों से उन्हें भी अवगत कराने कहा गया है।




- मंत्रिपरिषद में भेजे जाने वाले प्रस्ताव पर स्वयं संतुष्ट हो लें। वित्त विभाग, विधि विभाग, कार्मिक विभाग से भी सम्पर्क करें ताकि ससमय मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रस्ताव आ सके।
- सभी मंत्रीगण अपने-अपने विभागों के सभी जिला के क्षेत्रीय कार्यालय में जाकर विभागीय कार्यकलाप की समीक्षा करें तथा विभागीय योजनाओं के लाभुकों से मुलाकत कर फीडबैक लें।
- विभागीय कार्यकलाप का समीक्षा करें। सभी योजनाओं को समझ कर उसके गुण-दोष का अध्ययन करें।
- वैसी योजनाएं जो बहुत दिनों से लम्बित हैं, उसके लम्बित रहने के कारण की समीक्षा करें और उसको पूरा कराने के लिए कार्रवाई करें।
- कई योजनाएं ऐसी हैं, जिसमें आज की पृष्ठभूमि में बदलाव अपेक्षित है या फिर कुछ प्रावधान के कारण क्रियान्वयन में कठिनाई होती है उसके निराकरण का प्रस्ताव प्राप्त कर कार्रवाई करें।
- राज्य में आपके विभाग के योजना से यदि कोई क्षेत्र छूटा हुआ है, खासकर दूर-दराज के क्षेत्र, एससी-एसटी क्षेत्र, पहाड़ी क्षेत्र उसके लिए योजना के प्रस्ताव पर विचार करें।
- वैसे विभाग जिनमें राजस्व प्राप्ति की बेहतर संभावनाएं हैं, वे राजस्व स्रोत की समीक्षा कर राजस्व प्राप्ति की बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव तैयार करें।
- भवन जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर वाली योजना की विशेष समीक्षा करें ताकि बना हुआ भवन का वास्तविक इस्तेमाल हो सके। अनावश्यक भवन आदि की योजना न लिया जाय।
- वर्ष 2025-26 में ली जाने वाली योजनाओं की रूपरेखा तैयार करें।
- अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारी के प्रोन्नति की स्थिति की समीक्षा करें और प्रोन्नति प्रदान करें।
- पदस्थापना की समीक्षा करें और आवश्यकता या कम जरूरी के आधार पर एडजस्टमेंट करें।
- आप्त सचिव तथा निजी स्टॉफ रखते समय उसकी पृष्ठभूमि जरूर देख लें ताकि विवादित कर्मी मंत्री कार्यालय में स्थान नहीं पायें।
- कोर्ट केस मामले की भी समीक्षा करें ताकि सरकार केस कम से कम हारे।
- अपने विधानसभा क्षेत्र से बाहर भी हर जिला में भ्रमण करें और लोगों से मिलकर वहां की समस्या (खासकर अपने विभाग से संबंधित) के निपटारा के लिए प्रयास करें।
- क्षेत्रीय पदाधिकारियों के बारे में क्षेत्र भ्रमण के क्रम में फीडबैक प्राप्त करें और मुख्यमंत्री को समय-समय पर अवगत कराएं।
- स्थानीय जन प्रतिनिधियों से मिलने के लिए तिथि का निर्धारण कर दें, ताकि सभी को सहुलियत हो।
- सभी मंत्री समय-समय पर अपने विभाग की उपलब्धियों के विषय में प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी उपलब्ध कराते रहेंगे।

## दिल्ली चलो मार्च : किसानों को अवरोधक लगाकर रोका गया

### पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े

एजेंसी

**नई दिल्ली :** पंजाब और हरियाणा सीमा के शंभू बॉर्डर से 101 किसानों के एक जत्थे ने शुक्रवार को दिल्ली के लिए पैदल मार्च शुरू किया, लेकिन उन्हें कुछ मीटर बाद ही बहुस्तरीय अवरोध लगाकर रोक दिया गया। जब कुछ किसान शंभू बॉर्डर पर हरियाणा की ओर लगाए गए अवरोधकों के पास पहुंच गए, तो सुरक्षाकर्मियों ने आंसू गैस का इस्तेमाल किया। हरियाणा पुलिस ने किसानों से आगे न बढ़ने को कहा और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला दिया। अंबाला जिला प्रशासन ने जिले में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के गैरकानूनी रूप से एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया है। किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए मार्च कर रहे हैं। विभिन्न किसान यूनियन के झंडे थामे कुछ किसानों ने घग्गर नदी पर बनाए गए पुल पर सुरक्षाकर्मियों द्वारा लगाई गई लोहे की जाली को नीचे धकेल दिया। हरियाणा सरकार ने शुक्रवार को अंबाला जिले के 11 गांव में मोबाइल इंटरनेट और एक साथ कई लोगों को संदेश भेजने की सुविधा बल्क एसएमएस सेवा को नौ दिसंबर तक निलंबित कर दिया। अंबाला के डंगडेहरी, लोहगढ़, मानकपुर, ददियाना, बड़ी घेल, लार्स, कालू माजरा, देवी नगर, सद्दोपुर, सुल्तानपुर और काकरू गांवों में शुक्रवार दोपहर को यह प्रतिबंध लगाया गया। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) एवं किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसानों ने अपनी मांगों के समर्थन में इससे पहले पैदल दिल्ली कूच करने की घोषणा की थी। उनकी मांगों में फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और कई अन्य मांग शामिल हैं। सुरक्षा बलों द्वारा दिल्ली की ओर मार्च करने से रोके जाने के बाद वे 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं। जत्थे ने दोपहर एक बजे अपना मार्च शुरू किया, लेकिन कुछ मीटर दूरी पर उन्हें हरियाणा सरकार द्वारा लगाए गए बहुस्तरीय अवरोधकों से रोक दिया गया। सतनाम वाहेगुरु का जाप करते हुए और किसान यूनियन के झंडे एवं आवश्यक वस्तुएं लेकर मार्च कर रहे जत्थे ने शुरूआती स्तर के अवरोधक आसानी से पार कर लिए, लेकिन बाद में वे आगे नहीं बढ़ सके। कुछ किसानों ने लोहे की जाली एवं कंटीले तारों को हटा दिया और कुछ अन्य ने राष्ट्रीय राजमार्ग-44 से लोहे की कीलें भी उखाड़ दीं।

## हेमन्त कैबिनेट के मंत्रियों के बीच बंटे विभाग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में हेमन्त सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार हो चुका है। इसी कड़ी में आज सभी 11 मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा भी कर दिया गया। इसकी जानकारी शुक्रवार 6 दिसंबर को अधिसूचना जारी कर दी गई। इस दौरान कई ऐसे विभाग रहे जिसे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने पास ही रखा। वहीं, बाकि विभाग मंत्रियों को आवंटित कर दिए हैं। बता दें कि मीडिया रिपोर्ट्स से मिली जानकारी के मुताबिक, सीएम हेमन्त सोरेन ने अपने पास कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा के साथ-साथ गृह (कारा सहित) विभाग, पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग और मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (संसदीय कार्य रहित) रखा है। इसके साथ ही अन्य विभाग जो मंत्रियों को आवंटित नहीं किए गए हैं, उन्हें भी मुख्यमंत्री ने अपने पास रखा है।



**राज्य के वित्त मंत्री बने राधा कृष्ण किशोर**

पलामू जिले के छतरपुर विधानसभा सीट पर जीत दर्ज करने वाले कांग्रेस विधायक राधा कृष्ण किशोर को वित्त विभाग सौंपा गया है। बता दें कि वह वाणिज्य कर विभाग, योजना एवं विकास विभाग और संसदीय कार्य विभाग के मंत्री भी होंगे।

**दीपक बिरुआ बनाए गए राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री**

चाईबासा सीट पर जीत हासिल करने वाले झामुमो के वरिष्ठ नेता दीपक बिरुआ को राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग (निबंधन रहित) का मंत्री बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें परिवहन विभाग की भी जिम्मेदारी दी गई है।

**चमरा लिंडा को मिला एसटी, एससी एवं ओबीसी कल्याण**

जेएमएम के एक अन्य वरिष्ठ नेता चमरा लिंडा को अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण (अल्पसंख्यक कल्याण को छोड़कर) विभाग की जिम्मेदारी मिली है। बता दें कि उन्होंने गुमला जिले के बिशुनपुर विधानसभा सीट से जीत दर्ज की थी।

**राजद के संजय प्रसाद यादव बने श्रम मंत्री**

राजद से एक मात्र मंत्री संजय प्रसाद यादव को श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग का सौंपा गया है। इसके साथ ही गोड्डा विधायक को उद्योग विभाग की भी जिम्मेदारी दी गई है।

**झारखंड के शिक्षा मंत्री बने रामदास सोरेन**

घाटशिला विधानसभा से पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के बेटे को शिकस्त देने वाले जेएमएम विधायक रामदास सोरेन को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के साथ निबंधन विभाग की जिम्मेदारी मिली है।

**डॉ इरफान अंसारी को स्वास्थ्य**

जामताड़ा से विजयी होने वाले डॉ इरफान अंसारी को सीएम हेमंत सोरेन ने स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग का मंत्री बनाया है। इसके साथ ही उन्हें खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामलों और आपदा प्रबंधन विभाग की भी जिम्मेदारी दी गई है।

**जल संसाधन और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग मंत्री बनाए गए हफीजुल अंसारी**

जेएमएम के हफीजुल हसन को जल संसाधन विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही उन्हें अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का मंत्री भी बनाया गया है।

**दीपिका पांडेय सिंह को मिली ग्रामीण विकास विभाग की जिम्मेदारी**

हेमंत कैबिनेट में शामिल महगामा से कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह को ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग और पंचायती राज विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**पेयजल एवं स्वच्छता और उत्पाद मद्य निषेध मंत्री बने योगेंद्र प्रसाद**

गोमिया विधानसभा सीट से जीतने वाले झामुमो नेता योगेंद्र प्रसाद को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का मंत्री बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग भी सौंपा गया है।

**सुदिव्य कुमार को मिला नगर विकास और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग**

गिरिडीह के झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार को नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग और पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग दिया गया है।

**शिल्पी नेहा तिर्की को मिली कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की जिम्मेदारी**

मांडर से लगातार दूसरी बार जीत दर्ज करने वाली कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मंत्री बनाई गईं हैं।

## केजरीवाल ने भाजपा पर लगाया मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से कटवाने का आरोप

- एक महीने में भाजपा ने लगभग 11,018 वोटर्स के नाम मतदाता सूची से कटवाने के लिए दिए आवेदन



एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा गुपचुप तरीके से वोटर्स का नाम हटवाने का प्रयास कर रही है। केजरीवाल ने दावा किया कि शाहदरा विधानसभा में पिछले एक महीने में भाजपा ने लगभग 11,018 वोटर्स के नाम मतदाता सूची कटवाने के लिए आवेदन दिए हैं, और यह सिलसिला अभी भी जारी है। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा ने अपने लेटरहेड पर वोट कटवाने के लिए आवेदन दिया है। पिछले 1.5 महीनों में उन्होंने 11,018 लोगों के वोट कटवाने का आवेदन दिया है। इन आवेदनों में कहा गया है कि ये लोग या तो कहीं और चले गए हैं या उनकी मौत हो गई है। हमने 500 वोटर्स की रैंडम जांच की, जिनमें से 372 लोग अपने पते पर ही रह रहे थे। इसका मतलब है कि उनकी 75 प्रतिशत लिस्ट गड़बड़ है। केजरीवाल ने यह भी कहा कि यदि एक विधानसभा क्षेत्र से 6 प्रतिशत वोट कटते हैं, तो चुनाव कराने का कोई मतलब नहीं है। वर्तमान में शाहदरा विधानसभा में कुल 186,000 वोटर्स हैं और भाजपा ने इनमें से लगभग 11,000 वोट कटवाने के लिए आवेदन दिए हैं। केजरीवाल ने चिंता व्यक्त की कि अभी और कितने आवेदन आएंगे, इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता। उन्होंने चुनाव आयोग की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जिन लोगों के वोट कटवाने के आवेदन आए हैं, उनकी सूची आयोग की वेबसाइट पर नहीं है। उन्होंने कहा कि वहां केवल 487 आवेदन दिख रहे हैं जबकि चुनाव आयोग ने इन पर कार्रवाई कर ली है।

केजरीवाल ने कहा कि 14 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा की ओर से जनकपुरी से लगभग 6,000, संगम विहार से 5,000 और आरके पुरम से 4,000 वोटर्स को हटाने के आवेदन मिले हैं। हालांकि, भाजपा की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया अभी तक नहीं आई है।

## राज्यसभा में सांसद की सीट से 500 के नोटों की गड्डी मिलने पर हंगामा, चल रही जांच

एजेंसी

**नई दिल्ली :** संसद के शीतकालीन सत्र में दोनों पक्षों की ओर से जमकर हंगामा हो रहा है। इसी बीच गुरुवार को उच्च सदन राज्यसभा में नोटों की गड्डी प्राप्त होने की सूचना मिलने के बाद जमकर हंगामा हुआ। बताया गया कि नोटों की गड्डी कांग्रेस सांसद की सीट से मिले हैं। ये कार्यवाही के बाद सदन की जांच के दौरान ये बरामद की गई है। लेकिन अब इस लेकर जांच की मांग हो रही है। इस घटना पर केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद जेपी नड्डा ने कहा कि यह घटना सामान्य नहीं है और ये सदन की गरिमा पर चोट है। इस घटना की सभापति को जांच करानी चाहिए।



वहीं, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और पीयूष गोयल ने भी मामले में जांच की बात कही। सभापति जगदीप धनखड़ ने दी थी नोट मिलने की जानकारी बता दें कि राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा- सदस्यों को सूचित करना चाहता हूं कि कल सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद नियमित जांच पड़ताल के दौरान सुरक्षा अधिकारियों ने सीट संख्या 222 से 500 रुपये के नोटों की एक गड्डी बरामद की। गड्डी में 100 नोट हैं। यह सीट वर्तमान में तेलंगाना राज्य से निर्वाचित अभिषेक मनु सिंघवी को आवंटित है। उन्होंने आगे बताया कि मामला मेरे संज्ञान में लाया गया और मैंने सुनिश्चित किया कि जांच हो और जांच चल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि नोट असली हैं या नकली।

## पिछली सरकारों ने कम वोटों और सीटों के कारण पूर्वोत्तर के विकास को किया नजरअंदाज : मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पिछली सरकारों ने विकास को वोटों से ज्यादा तवज्जो दी, लेकिन पूर्वोत्तर की प्रगति पर पहले ज्यादा जोर नहीं दिया गया, क्योंकि इस क्षेत्र में आबादी और वोट कम थे। पूर्वोत्तर की जीवंतता का जश्न मनाने के लिए यहां अष्टलक्ष्मी महोत्सव का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार इस क्षेत्र के लिए समर्पित मंत्रालय बनाने वाली पहली सरकार थी और इसके विकास के लिए हर मंत्रालय का 20 प्रतिशत बजट भी निर्धारित किया था। पिछले दशक में, हमने पूर्वोत्तर के विकास की एक शानदार यात्रा देखी है, लेकिन यह आसान नहीं था। हमने पूर्वोत्तर राज्यों को भारत की विकास कहानी से जोड़ने के लिए हर संभव कदम उठाया है। लंबे समय से, हमने देखा है कि कैसे विकास को वोटों से तौला गया। उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर राज्यों में वोट और सीटें कम थीं, इसलिए पिछली सरकारों ने इस क्षेत्र के विकास पर ध्यान नहीं दिया। मोदी ने कहा कि उनका दृढ़ विश्वास है कि आने वाले दिन पूर्वी भारत और पूर्वोत्तर के हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुंबई, हैदराबाद, चेन्नई और बेंगलुरु की तरह, गुवाहाटी, शिलांग, इंफाल, ईटानगर और आइजोल जैसे क्षेत्र के शहर विकास के नए प्रकाश स्तंभ होंगे। उन्होंने कहा कि अपनी जीवंत संस्कृति और गतिशील लोगों के साथ, पूर्वोत्तर भारत के विकास को गति देने की अपार क्षमता रखता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दशक के दौरान उनकी सरकार ने लोगों के बीच पूर्वोत्तर के साथ दिल्ली और 'दिल' के अंतर के बारे में भावना को कम करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में केंद्रीय मंत्रियों ने पूर्वोत्तर की 700 यात्राएं कीं और उनकी सरकार इस क्षेत्र को भावना, अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी की त्रिमूर्ति से जोड़ रही है। यहां भारत मंडपम में 6 से 8 दिसंबर तक पहला अष्टलक्ष्मी महोत्सव मनाया जा रहा है। अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम। इन्हें सम्मिलित रूप से 'अष्टलक्ष्मी' के नाम से जाना जाता है।



## एक नजर

### कुरसे से लापता बच्चे को पुलिस ने पांच घंटे में खोज निकाला



**भुरकुंडा** : भदानीनगर ओपी क्षेत्र के कुरसे गांव निवासी पूर्व पंसस जर्नादन मुंडा का 11 वर्षीय पुत्र नैतिक मुंडा गुरूवार की रात्रि लगभग साढ़े नौ बजे से घर से लापता हो गया। शुक्रवार की सुबह साढे आठ बजे नैतिक के पिता ने भदानीनगर ओपी में बच्चे के लापता होने का आवेदन दिया। दिये गये पत्र में जर्नादन मुंडा ने बताया कि उनका पुत्र नैतिक मुंडा बीती रात्रि करीब साढ़े नौ बजे सभी के सो जाने के बाद मोबाईल लेकर घर से लापता हो गया। जानकारी के अनुसार नैतिक मुंडा मोबाईल लेकर कुरसे में एक टुटे हुए झोपड़ी में रात बिताया। भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक ने त्वरित कारवाई करते हुए टेक्निकल सेल के मदद से ट्रेस करते हुए शुक्रवार को करीब 1 बजे कुरसे में एक टूटे हुए झोपड़ी से नैतिक को ढूंढकर भदानीनगर ओपी ले आई। पूछताछ में नैतिक ने पुलिस को बताया की गेम खेलने के लिए पिता मना करते थे। इसलिए रात को गेम खेलने के लिए मोबाइल लेकर घर से भागा था। पुलिस ने जर्नादन मुंडा को भदानीनगर ओपी में बुलाकर उनके बच्चे को सुर्पुद कर दिया।

### सेवा ही धर्म संस्था के सदस्यों ने दिखायी मानवता



**दारू** : दारू प्रखंड के अंतर्गत दारू में एक बुजुर्ग व्यक्ति ठंड से कप रहा था। तभी सेवा ही धर्म संस्था के सदस्य दिनेश कुमार का नजर बुजुर्ग व्यक्ति पर पड़ा। तो उन्होंने अपनी तात्पर्यता दिखाते हुए। बुजुर्ग व्यक्ति के पास गए और उससे पूछने का प्रयास किया। तो उन्होंने बतलाया कि मुझे ठंड बहुत लग रहा है। तो दिनेश कुमार और अन्य साथियों ने उस व्यक्ति को कम्बल देने का काम किया। और साथ ही साथ खाना भी खिलाया। साथ ही साथ सेवा ही धर्म संस्था के सदस्यों द्वारा ठंड से राहत के लिए दिया गया कम्बल और साथ ही उन्हें सुरक्षित रूप से घर पहुंचाया गया। संस्था सदस्य दिनेश कुमार ने बतलाया कि हम लोगों का प्रथम कर्तव्य है कि जो व्यक्ति गरीब असहाय है। उन लोगों तक राहत पहुंचाना और यह कार्य कई वर्षों से होता आ रहा है। आसपास के व्यक्ति सेवा ही धर्म संस्था के इस सहयोग और मानवीय प्रयास के लिए संस्था को हृदय से धन्यवाद दिया।

### सीसीएल बरका-सयाल महाप्रबंधक को सौंपा तीन सूत्री मांग पत्र



**भुरकुंडा** : विस्थापित समिति न्यू बिरसा पोटंगा के अध्यक्ष सूरज बेसरा के नेतृत्व में शुक्रवार को सीसीएल बरका-सयाल महाप्रबंधक अजय सिंह को तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा गया` मांग पत्र में कहा गया की पोटंगा गांव के 12 टोला के बेरोजगार विस्थापित ग्रामीनो को कार्तिक माइनिंग आउटसोर्सिंग कम्पनी में प्राथमिकता के आधार पर झारखण्ड सरकार के नियमानुसार 75 प्रतिशत रोजगार देने,न्यू बिरसा परियोजना में चल रहें कार्तिक माइनिंग आउटसोर्सिंग कम्पनी में बाहरी मजदूरों को हटाने और न्यू बिरसा रोड सेल में प्रतिमाह पचास हजार टन कोयला का ऑफर देकर प्रतिदिन एक सो गाड़ी लगाने की मांग रखी हैं।

# सदर विधायक ने राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित विवेक कुमार से की मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने कार्यालय सभागार में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सीआरपीएफ की वैली क्यू ए टी कमांडो टीम के पूर्व सदस्य विवेक कुमार तिवारी से मुलाकात की। इस अवसर पर विधायक ने उनका फूलों का गुलदस्ता भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके अदम्य साहस व देश सेवा के प्रति योगदान की बहुत-बहुत प्रशंसा की। मुलाकात के दौरान विधायक ने विवेक कुमार तिवारी के कार्यों और उनके संघर्षों के बारे में विस्तार से जाना और उनकी हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

**विवेक कुमार तिवारी कौन हैं**

विवेक कुमार तिवारी एक वीर और समर्पित सैनिक के रूप में कार्य कर चुके हैं, जिन्होंने अपने साहसिक कार्यों से देश का मान बढ़ाया है। उनके पिता नंद कुमार तिवारी एक सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक हैं। विवेक की शिक्षा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली और संत कोलम्बा महाविद्यालय, हजारीबाग से हुई है। विवेक ने अपनी यात्रा एनसीसी के माध्यम से शुरू की, जहां उन्होंने ए,बी और सी प्रमाणपत्र प्राप्त किए। 2012 में, उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए एनसीसी की राजपथ परेड में भाग लिया और अपने प्रदर्शन के लिए बिहार के राज्यपाल से नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। 2014 में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में नियुक्त होने के बाद, उन्होंने अपनी उत्कृष्टता के लिए प्रशिक्षण के दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षार्थी का खिताब जीता। उनकी पहली तैनाती 2016 में कश्मीर में हुई, जहां उन्होंने आतंकवादियों से मुकाबला करने वाली सीआरपीएफ की वैली क्यू ए टी कमांडो टीमर का हिस्सा बनकर अद्भुत प्रदर्शन किया। अपने अब तक के सेवा काल में विवेक कुमार तिवारी ने अपनी टीम के साथ लगभग 60 से अधिक आतंकवादियों को मुठभेड़ों में मार गिराया है। इन मुठभेड़ों में उन्होंने बार-बार अपने अदम्य साहस, शौर्य और वीरता का प्रदर्शन किया। इसके लिए उन्हें राष्ट्रपति द्वारा वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, उन्हें सीआरपीएफ डीजी प्रशस्ति डिस्क, आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक, नकद पुरस्कार और प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए गए हैं। मुलाकात के दौरान सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि विवेक कुमार तिवारी जैसे वीर सपूत न केवल हमारे जिले बल्कि पूरे देश का गौरव हैं। उनकी वीरता और देश के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा हैं।

## आंगनबाड़ी में गड़बड़ी पर सख्त रुख प्रमुख और उप प्रमुख ने किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : प्रखंड प्रमुख बीना देवी और उप प्रमुख रविकांत सिंह ने शुक्रवार को आंगनबाड़ी केंद्रों में हो रही अनियमितताओं पर सख्त रुख अपनाते हुए कई केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार और प्रमुख प्रतिनिधि गणेश मेहता भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान केशुरा आंगनबाड़ी केंद्र 1 और 2, अमृत नगर और शेखा आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति चिंताजनक पाई गई। केशुरा आंगनबाड़ी केंद्र में 11:30 बजे तक एक भी बच्चा मौजूद नहीं था, जबकि बाकी केंद्रों में रजिस्ट्रार का सही तरीके से रखरखाव नहीं किया जा रहा था। इसके साथ ही, शेखा प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया गया। वहां की पठन-पाठन व्यवस्था पर अधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओरिया और चंदवार तथा पशुपालन विभाग चंदवार का निरीक्षण किया गया। जांच में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कई अनियमितताएं सामने आईं, और पशुपालन विभाग में नियमित कर्मचारी उपस्थित नहीं थे। इसके अलावा, खाता संचालन में भी खामियां पाई गईं। प्रमुख बीना देवी ने संबंधित विभागों को सख्त हिदायत दी कि जल्द से जल्द सभी खामियों को दूर किया जाए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। इस निरीक्षण से प्रशासनिक व्यवस्थाओं में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

## कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने सड़क परियोजना पदाधिकारी से की मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : बरही और चौपारण में एनएच-2 राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य में अनियमितताओं और सुरक्षा मानकों की अनदेखी को लेकर कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने सड़क परियोजना निदेशक के अधिकारियों से मुलाकात की। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ. निजाम उद्दीन अंसारी, ओबीसी कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, बरही प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, ओबीसी जिला महासचिव सुनील साहू और कांग्रेस नेता जितेंद्र गिरी सहित अन्य नेताओं ने इस मुद्दे पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को शिकायत सौंपी और जल्द सुधार न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी।

**बरही में ओवरब्रिज की मांग**

डॉ. निजाम उद्दीन अंसारी ने कहा कि बरही में रोजाना लगने वाले जाम से लोग परेशान हैं। इसके समाधान के लिए क्षेत्र में ओवरब्रिज निर्माण की मांग की गई, ताकि न केवल यातायात सुचारू हो, बल्कि दुर्घटनाओं को भी रोका जा सके। इसके अलावा, तिलैया रोड पर सर्विस रोड के अधूरे निर्माण को भी लेकर स्थानीय लोगों को हो रही कठिनाइयों का मुद्दा उठाया गया।

**सड़क निर्माण में मनमानी और लापरवाही**

ओबीसी कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण कंपनी राज श्री कौशल इंजीनियरिंग द्वारा नियमों का घोर उल्लंघन किया जा रहा है। निर्माण के दौरान सुरक्षा नियमों की अनदेखी की जा रही है, जिसके चलते कई जगहों पर वन-वे यातायात और गलत डायवर्जन के कारण सड़क दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि घटिया सामग्री और मैन्युअल तरीकों के उपयोग से सड़क बार-बार फट और टूट रही है। इन समस्याओं की शिकायत केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और संबंधित अधिकारियों से भी की गई है।

## किलकारी एप, मोबाइल एकेडमी और टीवी प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : बरही अनुमंडलीय अस्पताल में डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी की अध्यक्षता में 100 दिवसीय यक्ष्मा उन्मूलन अभियान के तहत सहियाओं के लिए किलकारी एप, मोबाइल एकेडमी और टीवी प्रशिक्षण का विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं में डिजिटल तकनीक और नवाचार को बढ़ावा देना है, ताकि यक्ष्मा जैसी गंभीर बीमारियों के उन्मूलन के लिए जमीनी स्तर पर बेहतर कार्य हो सके। इस प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व डॉ. सुब्रतो ने किया, जिन्होंने सहियाओं को किलकारी एप और मोबाइल एकेडमी के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। किलकारी एप और मोबाइल एकेडमी स्वास्थ्यकर्मियों को डिजिटल माध्यम से आवश्यक जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विकसित किए गए हैं। इस तकनीक के माध्यम से सहिया और अन्य स्वास्थ्यकर्मी यक्ष्मा रोग से संबंधित लक्षणों की पहचान, इलाज की प्रक्रिया और मरीजों की देखभाल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. सुब्रतो ने बताया कि किलकारी एप गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी प्रदान करता है। इसके अलावा, मोबाइल एकेडमी सहियाओं और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के लिए एक व्यापक प्रशिक्षण मंच है, जो उन्हें आधुनिक स्वास्थ्य तकनीकों और रोगों के उन्मूलन की रणनीतियों से परिचित कराता है। सहियाओं को टीवी रोग से जुड़े प्रशिक्षण के दौरान शुरूआती लक्षणों की पहचान, उपचार के तरीके और समुदाय में जागरूकता फैलाने के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें यह भी बताया गया कि मरीजों के साथ संवेदनशीलता और विश्वास का वातावरण कैसे बनाया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोग बीमारी के बारे में खुलकर बात कर सकें और समय पर इलाज करा सकें।

## संविधान निमार्ताओं में से प्रमुख थे डॉ.भीमराव अम्बेडकर : केशव महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में भारतीय संविधान के निमार्ताओं में प्रमुख डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 67 वीं पुण्यतिथि उनके चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर मनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव नें की । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि दलितों के उद्धारक भारतीय संविधान के निमार्ताओं में से प्रमुख डॉ.भीमराव आम्बेडकर ने समाज सुधार और समाज के संगठन के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन अर्पित कर दिया था। पददलितों को उनके आधिकार का न्याय अधिकार का स्मरण दिलाकर उनमें आत्मविश्वास भरा। अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने की प्रेरणा दी। स्वाधीन भारत के विकास हेतु मार्गदर्शक सिद्धांत संविधान में प्रस्तुत कर अपना देशप्रेम व्यक्त किया ।कार्यक्रम के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव राज्य सभा के सदस्य धीरज साहु पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचु राष्ट्रीय सचिव अम्बा प्रसाद धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जय शंकर पाठक पूर्व विधायक राजेन्द्र प्रताप देव प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा प्रदेश प्रवक्ता रियाज अहमद प्रदेश मीडिया चेयरमैन सतीश पाल मुंजनी प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह, बिनोद सिंह, सीपी संतन, सच्चिदानंद चौधरी ने रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष मंजीत यादव एआईसीसी के पूर्व सदस्य सह अधिवक्ता सत्येन्द्र नारायण सिंह राजीव गांधी पंचायतीराज के जिला अध्यक्ष उदय साव के शोक सम्पत परिवारों से मिलकर संतवाना दिया और कहा कि इस संबंध में वरीय पदाधिकारी से मिलकर शीघ्र ही हत्यारों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाए जाने की बात कही ।

# हमारा उद्देश्य हर व्यक्ति को बेहतरीन और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना : हर्ष अजमेरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग** : हजारीबाग जिले का प्रतिष्ठित एच जेड बी आरोग्यम अस्पताल द्वारा महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को समर्पित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मुफ्त जांच और परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह शिविर 09 दिसंबर दिन सोमवार समय सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक संचालित रहेगा स्थान आरोग्यम अस्पताल परिसर में हजारीबाग। शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच रक्तचाप बी.पी,प्लस, ब्लड शुगर, मुफ्त दवाइयों का वितरण,सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत महिलाओं के लिए विशेष सेवाएँ, विशेषज्ञ डॉक्टरों से निःशुल्क परामर्श।

**शिविर में उपस्थित विशेषज्ञ चिकित्सक**

स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधा भंगरा डॉ. कुमारी ऐश्वर्या एमबीबीएस, डीजीओ, डीएनबी, पूर्व वरिष्ठ रेजिडेंट - फोर्टिस, नई दिल्ली; दिल्ली सरकार शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. हीरालाल एच जेड बी आरोग्यम अस्पताल प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में सूचीबद्ध है। इस योजना के तहत सभी लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ प्रदान की जाएंगी। पंजीकरण एवं अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 7319942219, 7319942220, 7319942210 यह शिविर स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने और महिलाओं व बच्चों की बेहतर देखभाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। हजारीबाग व आसपास के निवासियों से अनुरोध है कि इस अवसर का लाभ उठाएँ और अपने प्रियजनों के स्वास्थ्य की जांच करवाएं। निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा की हम आरोग्यम अस्पताल में हमेशा से ही समाज के हर वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। इस निःशुल्क स्त्री एवं शिशु रोग स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत हमारा अस्पताल आम जनता को गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए समर्पित है। मैं सभी नागरिकों से आग्रह करता हूँ कि इस शिविर का अधिकतम लाभ उठाएँ और अपने परिवार की महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य की जांच अवश्य करवाएँ। प्रशासक जया सिंह ने बताया की एच जेड बी आरोग्यम अस्पताल का उद्देश्य हर वर्ग के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच प्रदान करना है। इस निःशुल्क स्त्री एवं शिशु रोग स्वास्थ्य जांच शिविर के माध्यम से हम महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का समाधान करना चाहते हैं। हमारा प्रयास है कि सभी को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएँ और सही जानकारी मिले।

## संक्षिप्त खबरें

### बुद्धा फाउंडेशन ने असहाय लोगों के बीच किया कंबल वितरण



**पदमा** : बुद्धा फाउंडेशन ट्रस्ट के सौजन्य से सरैया में महापरिनिर्वाण दिवस 6 दिसंबर 2024 को मनाया गया। यह भारतीय समाज के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है, खासकर उन लोगों के लिए जिन्होंने सामाजिक,समानता, न्याय और मानवाधिकारों के लिए संघर्ष किया। इस दिन हम भारतीय संविधान के जनक और महान समाज सुधारक डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की याद में उनके योगदान और जीवन के आदर्शों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। डॉ आंबेडकर का जीवन केवल एक व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे भारतीय समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है यह परिनिर्वाण दिवस हमें डॉक्टर बाबासाहेब के आदर्शों को याद करने और उन्हें अपने जीवन में अपनाने का अवसर प्रदान करता है यह दिन हमें जाति,धर्म और भाषा के भेदभाव को समाप्त करने और समाज में एकता व अधिकार को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है,इस कार्यक्रम में मो. नगिया,मो.उषा,मो. जशवा, मो.यशोदा,मो. जहवा ,मो.सुदामा,मो.सरिता, मो. कौश्वया ,मौली भुईयां,संगिता देवी इन व्यक्तियों के बीच ट्रस्ट के अध्यक्ष राजकुमार दास,सचिव उमेश कुमार के द्वारा कंबल का वितरण किया । इसमें उपस्थित प्रकाश पासवान,राजु रविदास, चंद्रेश्वर पासवान, किशोर कुमार एवं अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय झिकझोर सहित 90 से अधिक विद्यालय में प्रबंधन समिति गठित



**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत के 103 विद्यालयों के विद्यालय प्रबंधन समिति का पूर्णगठन करने का सुनिश्चित किया गया है। जिसमें 90 से अधिक विद्यालयों में पुनर्गठन कर प्रबंधन समिति का गठन किया गया। बाकी शेष बचे विद्यालयों में जल्द ही पुनर्गठन किया जाएगा।

शिक्षा विभाग के द्वारा सभी 103 विद्यालयों में पुनर्गठन के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। आंगो पंचायत अंतर्गत संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय झिकझोर में प्रबंधन समिति गठन किया गया जिसकी अध्यक्षता रूबी देवी एवं संचालन पर्यवेक्षक शमशेर आलम एवं आलोक कुमार ने किया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय झिकझोर मैं प्रबंधन समिति का गठन किया गया जिसमें मुनेश्वर मुंडा निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। मुनेश्वर लगातार दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं । वहीं इस विद्यालय के उपाध्यक्ष संयोजिका एवं उपसंजिका भी सर्व समिति से दुसरे बार तमाम चयनित सदस्यों ने समिति जताते हुए निर्विरोध चयन किया।और शिक्षा के लिए तमाम उपस्थित अभिभावकों एवं सदस्यों ने एक संदेश दिया और कहा कि शिक्षा एवं समाज हित के लिए इसी तरीके से सर्व समिति से चुनाव हो तो बेहतर होगा। वोटिंग या अन्य नियम से चुनाव होने पर हम सभी आपस में टूट जाते हैं।और बिखर जाते हैं। सर्व सहमति से एकता बनी रहती है।

### खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने शहरी क्षेत्र के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण



**हजारीबाग** : उपायुक्त नैंसी सहाय एवं अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग डॉ. शशि जयसवाल के संयुक्त निर्देश पर आज 6 दिसंबर को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी चंद्र प्रकाश चंद्र गुग्गी के द्वारा मेसर्स हेमकूट राइस मिल डेमोटांड, मे.पूजा होटल सदर, मेन रोड , मे.जय माता दी स्वीट्स, अनंदा चौक,मे. साल्ट एंड पेपर रेस्टोरेंट मटवारी, मे. कैनरी इन, सदर,मे.हजारीबाग आरोग्यं हॉस्पिटल, मे. चिल्ली वेनिला, मे. राजश्री निमकी एवं मे. चंद्रावती राइस मिल्स प्राइवेट लिमिटेड मोरंगी का निरीक्षण किया गया। सभी प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता में सुधार के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने खाद्य पदार्थों के साथ साथ पानी की गुणवत्ता की भी जांच की तथा इन प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मियों की व्यक्तिगत स्वच्छता एवं परिसर की समुचित साफ सफाई रखने का निर्देश दिया एवं बिना ढररअकलाइसेंस नंबर एवं लोगों का सामान उपयोग में नहीं लाना को कहा उन्होंने आमलोगों से खाद्य पदार्थों के निर्माण तिथि एवं उपयोग तिथि देखकर ही सामान खरीदने की बात कही। उन्होंने प्रतिष्ठान के संचालकों से लाइसेंस की कॉपी परिसर में लगाने व अखाद्य रंग का उपयोग नहीं करने का निर्देश दिया।

### बढ़ती ठंड से बचाने के लिए चित्रगुप्त भगवान को पहनाए गर्म कपड़े



**हजारीबाग** : वैसे तो ईश्वर पर ठंड गर्मी या बरसात किसी भी मौसम का प्रभाव नहीं पड़ता न ही उनको किसी भोजन की आवश्यकता होती है। मगर अपने आराध्य के प्रति भक्तों की भावनाएं बदलते मौसम के हिसाब से अपने इष्ट के प्रति उजागर होती हैं। ठंड का मौसम बढ़ते ही मंदिरों में विराजमान भगवान को भी ठंड से बचाने के लिए तरह-तरह के उपाय किए जा रहे हैं। मंदिरों में भगवानों को गर्म कपड़े पहनाने के साथ मंदिर में विराजमान भगावानों को ऊनी वस्त्र को पहना दिया गया है। ऊनी कपड़ों के साथ ही भगवान को चढने.वाले भोग प्रसाद में भी बदलाव हुआ है। भगवान को शयन के लिए कंबल ओढ़ाई जा रही है। जिससे ठंड से बचाव हो सके। मंदिर के पुजारियों ने बताया कि जिस तरह हम अपने परिवार व बच्चों को ठंड से बचाने के कई उपाय करते हैं। उसी तरह भगवान को भी ठंड से बचाने उपाय किए जा रहे हैं। इस मौके पर दीपक नाथ सहाय , सुनील श्रीवास्तव, अनुपम सिन्हा ,राज प्रकाश,संजीव कुमार बॉबी, प्रमोद कुमार सिन्हा, बप्पी करण, विवेक प्रकाश सोमु, अनुज सिन्हा, प्रबल संकर, सुमित प्रकाश, बिट्टू, अमित सिन्हा, शुभम प्रकाश मौजूद रहे।

## एक नजर

### हटिया डैम से मिला युवक का शव

**रांची :** शहर के नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित हटिया डैम में शुक्रवार सुबह एक युवक का शव मिला। स्थानीय लोगों ने हटिया डैम में शव को देखा और इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। जानकारी के मुताबिक, आसपास के लोगों से पहचान कराने पर युवक की शिनाख्त धुर्वा निवासी आतिश कुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने इसके गुमशुदगी का मामला धुर्वा थाने में दर्ज कराया था। थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### आरपीएफ ने भारी मात्रा में शराब किया बरामद

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन से भारी मात्रा में शराब बरामद किया है। जब्त शराब की कीमत लगभग 47 हजार 910 रुपये है। एसआई दीपक कुमार ने शुक्रवार को बताया कि रांची रेल मंडल में आरपीएफ के मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ हटिया और फ्लाइंग टीम ने हटिया रेलवे स्टेशन पर ट्रेन नंबर 18624 की जांच की। जांच के दौरान देखा कि ट्रेन के जनरल कोच के बाथरूम के पास 05 लावारिस बैग रखे हुए थे। जांच करने पर बैगों के अंदर कुल 74 बोतलें बियर और शराब विभिन्न कंपनियों के बरामद किये गए।

### 28 महीने से जेल में बंद पूजा सिंघल की बेल पर सुनवाई आज

**रांची :** निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की ओर से दायर उस याचिका पर अब शनिवार को सुनवाई होगी, जिसमें उन्होंने नए कानून के तहत कस्टडी के आधार पर जेल से रिहा करने की गुहार लगाई है। शुक्रवार को पूजा सिंघल के अधिवक्ता के द्वारा आंशिक बहस हुई। जिसके बाद ईडी की ओर से बहस की जाएगी। जिसे रांची प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की विशेष कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हो रही है। इससे पहले बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अधीक्षक को यह बताने का निर्देश दिया था कि पूजा सिंघल कब से जेल में हैं और उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि कितनी हुई है। जिसके आलोक में जेल अधीक्षक की ओर से कोर्ट में जवाब दाखिल कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, पूजा सिंघल अब तक लगभग 28 महीनों से जेल में बंद हैं। पूजा सिंघल के अधिवक्ता के मुताबिक नए कानून के अनुसार किसी मामले में लंबे समय से जेल में बंद आरोपी की न्यायिक हिरासत की अवधि उक्त मामले में दी जाने वाली सजा की एक तिहाई है, तो उसे बेल दी जा सकती है।

### मनी लॉन्ड्रिंग केस : नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया की डिस्चार्ज याचिका खारिज

**रांची :** सरकारी टेंडर में कमीशन के जरिये करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने और उस कमाई को वैध बनाने के लिए मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी निलंबित इंजीनियर इन चीफ वीरेंद्र राम के सहयोगी नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया की डिस्चार्ज याचिका खारिज हो गई है। रांची ईडी की स्पेशल कोर्ट ने दोनों की डिस्चार्ज याचिका खारिज कर दी है। नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया पर जेल में बंद निलंबित अभियंता प्रमुख बीरेन्द्र राम के पैसों के निवेश में सहायता करने का आरोप है। इन्हें ईडी ने दिल्ली से गिरफ्तार किया था। इनके खिलाफ ईडी आरोप पत्र भी दाखिल कर चुकी है। जिसपर कोर्ट संज्ञान ले चुका है।

# राज्य सरकार का स्टूडेंट्स के लिए तोहफा, चार लाख तक लोन लेने पर नहीं देना होगा कोई ब्याज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** हेमंत सोरेन सरकार की गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना में स्टूडेंट्स को 4 लाख तक का लोन लेने पर कोई ब्याज नहीं देना होगा। बता दें कि गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना शुरू करने का कारण है कि पैसों का अभाव किसी की उच्च शिक्षा में बाधक न बने। इसके लिए सरकार छात्रों को 15 लाख रुपये तक का लोन देगी। इसमें से 4 लाख रुपये तक के लोन पर छात्रों को कोई ब्याज भी नहीं देना होगा। हालांकि, इस योजना का लाभ पाने के लिए स्टूडेंट्स को राज्य का स्थानीय निवासी होना आवश्यक है। बहरहाल, इसमें ज्यादा दस्तावेजों की जरूरत नहीं होगी।

**किन दस्तावेजों की होगी आवश्यकता**

बता दें कि हेमंत सरकार के गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ लेने के लिए छात्रों के पास आधार कार्ड, आवासीय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आयु प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, बैंक खाता डिटेल्स, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी और पासपोर्ट साइज फोटो की जरूरत होगी। कैसे करेंगे आवेदन वहीं, इस योजना का लाभ पाने के लिए आवेदन करने के लिए छात्रों को सरकार की आधिकारिक वेबसाइट "https://gscc.jharkhand.gov.in/ पर जाना होगा। इसके बाद अपना रजिस्ट्रेशन करना होगा। अगली विंडो खुलने पर, छात्र अपनी जानकारी सही से उसमें भरेंगे और सफलतापूर्वक आवेदन करने के बाद स्टूडेंट्स को स्कीम का लाभ मिलेगा। जानकारी हो कि इस योजना का लाभ लेने के लिए झारखंड के किसी भी मान्यता प्राप्त स्कूल या कॉलेज से 12वीं तक की पढ़ाई करना अनिवार्य है। नियमों में हुआ है बदलाव जानकारी हो कि सीएम के इस कार्यकाल में गुरुजी क्रेटिड कार्ड योजना में कुछ बदलाव किए गए हैं। इसके अंतर्गत अब ऐसे छात्र भी योजना का लाभ ले सकते हैं, जिन्होंने उच्च शिक्षा लेने के लिए पहले से ही किसी बैंक से लोन ले रखा है। इसके लिए उन्हें केवल पहले लिया हुआ लोन बंद कर संबंधित बैंक से एनओसी लेना होगा। इसके बाद उन छात्रों को भी उच्च शिक्षा के लिए 15 लाख रुपये तक ऋण मिल सकेगा।

# मुख्यमंत्री हेमन्त से राज्य के नवनियुक्त मंत्रीगणों ने की शिष्टाचार मुलाकात






प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज झारखंड मंत्रालय में मंत्री वित्त विभाग राधा कृष्ण किशोर, मंत्री परिवहन विभाग दीपक बिरुवा, मंत्री अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग चमरा लिंडा, मंत्री श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग संजय प्रसाद यादव, मंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग रामदास सोरेन, मंत्री स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग इरफान अंसारी, मंत्री जल संसाधन विभाग हफीजूल हसन, मंत्री ग्रामीण विकास विभाग दीपिका पांडेय सिंह, मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता विभाग योगेंद्र प्रसाद, मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग सुदिव्य कुमार एवं मंत्री कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग शिल्पी नेहा तिर्की ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से नवनियुक्त मंत्रीगणों की यह शिष्टाचार भेंट थी।

### रांची में आदिवासी युवा महोत्सव 14-15 को

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में 14 और 15 दिसंबर को 'आदिवासी युवा महोत्सव-2024' का आयोजन होगा। यह महोत्सव आदिवासी युवाओं में भाषा, संस्कृति, जीवनशैली और प्रकृति प्रेम के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इसके साथ यह मंच आदिवासी और आधुनिक कलाओं और कलाकारों को एक साथ प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करेगा। इस वर्ष के महोत्सव का नेतृत्व युवा समाजसेवी बिपिन टोप्पो (अध्यक्ष) और शशि पन्ना (कार्यकारी अध्यक्ष) की अगुवाई वाली एक समिति कर रही है। महोत्सव में राज्य के 33 आदिवासी समुदाय भाग लेंगे और अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करेंगे।

## पुलिस ने तस्करी के दो आरोपी को पकड़ा, दो करोड़ का गांजा बरामद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** शहर की ओरमांझी पुलिस ने दो करोड़ का गांजा बरामद करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से कुल 16 प्लास्टिक बोरा में लगभग 406.79 किलोग्राम गांजा, दो हजार नकदी, दो मोबाईल फोन और एक कंटेनर ट्रक (एनएल01 एन6915) बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में उत्तर प्रदेश निवासी धर्मवीर सिंह और धनबाद निवासी राजेन्द्र सिंह शामिल हैं। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि ओडिशा से रांची की ओर ट्रक से गांजा लोडकर ले जाया जा रहा है। सूचना के बाद सिल्ली डीएसपी अनुज उरांव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। एसएसपी ने बताया कि टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रांची-रामगढ़ मार्ग में उकरीद नकवाटोली के पास कंटेनर ट्रक को पकड़ा। तलाशी लेने पर ट्रक के केबिन के अंदर ड्राइवर सीट के पीछे बने बॉक्स से कुल 16 प्लास्टिक के बोरों में 406.79 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। गांजा को सम्बलपुर से लाकर टॉल गेट के आगे रामगढ़ में देना था। एसएसपी ने बताया कि बरामद गांजा का बाजार मूल्य लगभग दो करोड़ रुपये है।

## बच्चों के ऑनलाइन यौन शोषण पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था झारखंड सरकार के मार्गदर्शन में बाल कल्याण संघ एवं चिल्ड्रेन ऑफ इंडिया फाउंडेशन के सयुक्त तत्वधान में राजधानी रांची के होटल कैपिटल हिल में एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय बच्चों का ऑनलाइन यौन शोषणः था। कार्यशाला का शुभारंभ समाज कल्याण विभाग झारखंड सरकार के उप सचिव विकास कुमार, झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य विकास दोदराजका उप श्रम अधीक्षक राजेश प्रसाद ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सदस्य सहित विभिन्न विभागों के हितधारक मौजूद थे । इस अवसर मुख्य अतिथि विकास कुमार ने कहा कि डिजिटल युग में बच्चों की सुरक्षा आज की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। उन्होंने ऑनलाइन शोषण के बढ़ते मामलों को गंभीर चिंता का विषय बताते हुए कहा कि सरकार और समाज को मिलकर इस समस्या का समाधान खोजना होगा। और हमारा विभाग इसे गंभीरता से लिया और इसका शुभारंभ हम यहां से कर रहे हैं कार्यक्रम में बच्चों के ऑनलाइन शोषण को रोकने के लिए नीतिगत सुधार, तकनीकी ऑनलाइन खतरों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला में विकास दोदराजका सदस्य झारखंड राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार और आयोग के स्तर में हम बेहतर करने का काम कर रहे हैं साथ ही हमें ध्यान देना होगा कि बच्चों के बायोलॉजिकल परिवर्तनों जैसे संवेदनशील विषयों पर खुलकर बात करनी होगी। यदि हम ऐसे मुद्दों पर संवाद करने से बचते हैं, तो बच्चे अपने सवालों और जिज्ञासाओं के लिए अज्ञात या अविश्वसनीय लोगों की ओर रुख कर सकते हैं, जो उनके लिए हानिकारक साबित हो सकता है।

# लापरवाह पदाधिकारियों का अब ट्रांसफर नहीं, टर्मिनेशन होगा : उमाशंकर सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की मासिक समीक्षा आज विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभागीय सचिव के अलावा राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन, सभी राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सहायक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान विभिन्न योजनाओ, कार्यक्रमों और शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह ने पदाधिकारियों को कार्यशैली में सुधार लाने का निर्देश देते हुए कहा कि कार्यो में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों का अब 'ट्रांसफर नहीं, टर्मिनेशन होगा'। उन्होंने कहा कि विभाग में ऐसे पदाधिकारी अब अपने बेपरवाही से बाज आये, अन्यथा कठोरत्तम कार्रवाई के लिए तैयार रहे। स्कूली शिक्षा सचिव ने स्वेटर वितरण मामले में लापरवाही बरतने वाले चार जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों को शोकॉज जारी करने का निर्देश दिया। साथ ही इन चार जिलों के एडीओपी के खिलाफ टर्मिनेशन लेटर जारी करने का निर्देश दिया। जिन चार जिलों के विरुद्ध कार्रवाई हुई है उनमे चतरा, देवघर, लातेहार और पलामू जिला शामिल है। इसके अलावा इन चार जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी के खिलाफ अनुशासनहीनता का मामला भी उजागर हुआ है, जिसपर सचिव ी उमाशंकर सिंह ने चारो जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों को शोकॉज जारी करने का आदेश दिया है। पदाधिकारियों को शोकॉज का एक हफ्ते के अंदर जवाब देने का निर्देश दिया गया है। स्कूल अनुदान मामले में सचिव उमाशंकर सिंह ने जामताड़ा जिले के प्रदर्शन से नाराजगी जताते हुए उन्हें शोकॉज जारी करने का निर्देश दिया है। सभी जिलों को दिनांक 15 दिसंबर, 2024 तक शत प्रतिशत साइकिल वितरण कर लेने का निर्देश दिया गया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव उमाशंकर सिंह ने स्कूल स्कोर कार्ड की समीक्षा के दौरान लेवल वन में लापरवाही बरतने वाले चार जिलों के पांच विद्यालयों के प्राचार्यो का वेतन रोकने का निर्देश दिया है। जिन चार जिलों के विद्यालयों के प्राचार्यो का वेतन रोका गया है। उनमे बोकारो के बेरमो स्थित राजकीयकृत रामविलास प्लस 2 हाई स्कूल, देवघर के मारगोमुण्डा स्थित यूपीजी हाई स्कूल (पिपरा), सरायकेला खरसांवा के कुकरू स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय (सीरम), नीमडीह स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय (झिमरी), सिमडेगा के बानो स्थित एसएस प्लस 2 हाई स्कूल शामिल है। स्कूली शिक्षा सचिव ने स्कूल स्कोर कार्ड के सतत अनुश्रवण के लिए राज्यस्तरीय टीम का गठन जल्द करने का निर्देश देते हुए सभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और 325 प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालयों का औचक निरिक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने इसके लिए राज्यस्तर से एसओपी बनाने का निर्देश दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### कल्पना सोरेन से लोगों ने की मुलाकात दी बधाई



**रांची:** विधायक कल्पना सोरेन से शुक्रवार को रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में गांडेय, गिरिडीह, सरायकेला-खरसांवा सहित राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने मुलाकात की। लोगों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधायक कल्पना सोरेन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

### भाजपा के झारखंड प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष ने भीमराव अंबेडकर को किया नमन

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। वाजपेयी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि सामाजिक समरसता, समानता एवं कर्तव्यनिष्ठा की प्रतिमूर्ति, विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत देश के 'संविधान' रचयिता 'भारत रत्न' बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत-शत नमन। दूसरी ओर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया पर एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि भारतीय संविधान के शिल्पकार, सामाजिक न्याय के पुरोधा, देश के प्रथम कानून मंत्री भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन।

### एनटीपीसी स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने विस्कासन वृद्धाश्रम को दी सहायता



**रांची :** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने शुक्रवार को रांची स्थित विस्कासन वृद्धाश्रम को ऊनी कंबल और आवश्यक खाद्य सामग्री देकर सहायता की। यह नेक पहल स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब की अध्यक्ष स्मिता रेखा जैन के मार्गदर्शन में की गई। कार्यक्रम के दौरान जैन ने क्लब की समाज कल्याण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता पर जोर दिया। इस पहल के माध्यम से स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब ने समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाने की अपनी प्रतिबद्धता को फिर से साबित किया, विशेष रूप से उन बुजुर्गों के जीवन में जिन्हें देखभाल और सहारे की आवश्यकता है। कार्यक्रम में क्लब की शिखा रस्तोगी, दीपा केशरी, परमेश्वरी डी, अनिता प्रसाद और स्निग्धा रानी मांझी शामिल थीं।

### मेदिनीनगर बालिका गृह की घटना निंदनीय दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई : बाबूलाल मरांडी



**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। मरांडी ने कहा कि मेदिनीनगर बालिका गृह में बच्चियों के शोषण के मामले में बाल संरक्षण आयोग के अधिकारियों की भूमिका बेहद निंदनीय है। मरांडी ने कहा कि सीडब्ल्यूसी सदस्य के जरिये बालिका गृह में रह रहीं बच्चियों की तस्वीर खींचना और गलत कार्यों के लिए दबाव डालना बेहद गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि यह कोई सामान्य घटना नहीं है, बल्कि यह घटना प्रशासनिक तंत्र की असफलता और जिम्मेदार अधिकारियों की संवेदनहीनता को उजागर करती है। साथ ही कहा कि जिन लोगों के उपर सुरक्षा और न्याय के संरक्षक होने की जिम्मेदारी है, वही शर्मनाक कृत्य में लिप्त पाए गए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री राज्य के मुख्यमंत्री से इस मामले में न्यायिक जांच कराकर सभी दोषियों पर सख्त कार्रवाई का आग्रह किया है ताकि पीड़ित बच्चियों को न्याय मिल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

### श्रीराम विवाह दिवस पर खाटूनरेश का केशर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया



**रांची :** हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में श्रीराम विवाह दिवस पर आज खाटूनरेश का केशर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। गत रविवार को खाटूनरेश का अमावस्या का महास्नान पर्व मनाया गया था। रविवार से खाटूनरेश अपने मूल श्यामल रुप में खाटूनरेश भक्तजनों को आशीश प्रदान कर रहे थे। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि खाटूधाम के श्रीश्याम मंदिर में भी आज ही केशर तिलक श्रृंगार हुआ है, उसी परम्परा के अनुसार हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में केशर तिलक श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर खाटूनरेश को हल्का गुलाबी रंग का नवीन पौशाक पहनाया गया। मण्डल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा के नेतृत्व में डच लाल गुलाब, रजनीगंधा, लाल गेंदा, पीला गेंदा, मुरगन, तुलसीदल की मोटी-मोटी फूल मालाओं से खाटूनरेश को मंदिर के आचार्यों ने सजाया। पंचमेवा का भोग लगाया गया। सभी फूल विशेष रूप से कोलकाता से मंगाए गए थे। श्रीश्याम मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं का भी विशेष श्रृंगार किया गया। सायंकाल गर्भगृहो का परदा हटाते ही पुरा मंदिर खाटूनरेश, राजा रामचन्द की जय-जयकारो से गूंजने लगा। दर्शन करने के लिए रात्रि 9.30 बजे तक भक्तजन निरन्तर आते रहे। रात्रि 7 बजे ग्वाल भोग व ग्वाल आरती में बड़ी संख्या में भक्तजनो ने भाग लिया। शनिवार को 136 वां श्रीश्याम भण्डारा श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में शनिवार 07.12.2024 को सायं 5 बजे से 136 वां श्रीश्याम भण्डारा का आयोजन होगा। मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने बताया कि नवीन - शीतल मोदी, अक्षित मोदी व इशिता मोदी अपने परिजनों के साथ 136 वें श्रीश्याम भण्डारे की सेवा निवेदित करेंगे। उन्होंने बताया कि श्रीश्याम भण्डारे की सभी तैयारी चल रही है।

# बोकारो में रिटायर्ड सेल कर्मी की हत्या की साजिश में महिला के साथ दो गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** सेक्टर 12 थाना क्षेत्र में हुई गोली कांड चर्चित मामले का उद्भेदन बोकारो पुलिस ने कर लिया गया है बताते चले कि 1 दिसम्बर को 67 वर्षीय रिटायर्ड बीएसएल कर्मी ललन सिंह पर गोली चलाकर उन्हें घायल करने के मामले का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। इस मामले में एक महिला सहित दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी के अनुसार, आरोपियों ने योजना बनाई थी कि वे ललन सिंह की हत्या कर व उनके घर जा पैसे लूटेंगे, लेकिन उनकी योजना सफल नहीं हो पाई। ललन सिंह एक मनी लेंडर का काम करते हैं जो पैसे उधारी पर देते हैं। आरोपियों को शक था कि उनके घर में काफी पैसा होगा, इसलिए उन्होंने षड्यंत्र रचकर ललन सिंह को वारदात स्थल पे बुलाया और गोली चला दी। यह महिला पिछले छह महीने से फोन के माध्यम से ललन सिंह के संपर्क में थी। इस घटना को अंजाम लिए आरोपी ने एक दोस्त से मोबाइल फोन उधार लिया था। वादी ललन सिंह के बयान पर यह मामला दर्ज किया गया। मामले में आरोपियों का पता लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक ने नगर पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया। इस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और अन्य सबूतों के आधार पर इस मामले में शामिल मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया। सेक्टर 12 थाना में मामला संख्या 136/2024 दिनांक 1 दिसम्बर 2024, धारा 118 (2)/109/3(5) एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज किया गया। वादी ललन सिंह के बयान पर यह मामला दर्ज किया गया।

**गिरफ्तार किए गए आरोपियों में**

गिरफ्तार किए गए आरोपियो में रोशन कुमार उर्फ देव कुमार (20 वर्ष) शामिल हैं, जिनका स्थायी पता चंद्रपुरा, महाराजगंज, जिला छपरा, बिहार है, जबकि वर्तमान पता दुंदी बाग झोपड़ी, बीएस सिटी, बोकारो है। दूसरे आरोपी की पहचान पुष्पा देवी उर्फ सुमन देवी (26 वर्ष) के रूप में की गई है, जिनका वर्तमान पता सेक्टर 12/बी, जोड़ा टावर, बोकारो है, जबकि स्थायी पता बेलहट, भागलपुर, बिहार है।रोशन कुमार का एक आपराधिक इतिहास भी है। वह पहले भी एक मामले में शामिल रह चुका है, जिसका मामला सिटी थाना में दर्ज है।

**बरामद की गई सामान**

पुलिस ने इस मामले से संबंधित कई महत्वपूर्ण सामान बरामद किए हैं, जिनमें एक देशी पिस्टल और एक गोली कारतूस सहित शामिल है। इसके अलावा, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल नंबर: जेएच 09 ऐजे 8642 और दोनों आरोपियों के मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं।

**छापेमारी दल में**

इस ऑपरेशन में शामिल छापेमारी दल के सदस्य थे, पुलिस उपाधीक्षक, नगर बोकारो, आलेक रंजन; पुलिस निरीक्षक और सेक्टर 12 थाना प्रभारी, सुभाष चंद्र सिंह; पुलिस निरीक्षक और सेक्टर 4 थाना प्रभारी, संजय कुमार, पुलिस निरीक्षक और बीएस सिटी थाना प्रभारी, सुदामा कुमार दास; सेक्टर 6 थाना से पुं.अ.नि., प्रभात कुमार; सेक्टर 12 थाना से पुं.अ नि., कृष्णा उरांव; सेक्टर 12 थाना से पुं.अ नि., दिलीप टुडू; और बोकारो की तकनीकी शाखा।

## केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने धनबाद व झरिया विधायक को किया सम्मानित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा धनबाद विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक श्री राज सिंहा जी और झरिया विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती रागिनी सिंह जी को शाल बुके एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया संगठन द्वारा धनबाद विधायक एवं झरिया विधायक द्वारा संगठन के द्वारा हो रहे कार्यों की प्रशंसा की संगठन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने दोनों विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ संबंधित परेशानियां से अवगत कराया गया ऑनलाइन से संबंधित समस्या पर अवगत कराया गया फार्मासिस्ट के कारण जो परेशानी दवा दुकानदारों को होती हैं उससे भी अवगत कराया गया दोनों विधायक ने धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन को विश्वास दिलाया कि आपके दवा दुकानदारों को किसी भी प्रकार की परेशानी उत्पन्न होने पर हम आपके साथ हैं यह विश्वास दिलाया गया, इसके अलावा धनबाद झरिया के विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की गई इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल सचिव धीरज दास कोषाध्यक्ष विकास अग्रवाल उपाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी अनिल तुलस्यान अजय सिंह विजय कुमार राकेश कुमार आदि उपस्थित थे

## अंबेडकर चौक पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन किया अर्पित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** बहुजन समाज पार्टी धनबाद जिला के तत्वाधान में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का शुक्रवार को 69वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। जिला मुख्यालय पर स्थित बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इसके पहले पार्टी का झंडा बैनर तले जुलूस के शक्ल में श्रद्धांजलि स्थल पहुंच गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहुजन समाज पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष,जोन प्रभारी सुबल दास साहब ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर जी आजीवन देश के बहुसंख्यक शोषित वंचित समाज के उत्थान के लिए काम किया। उन्होंने देश को पुनः सोने की चिड़िया बनाने के लिए विश्व का सबसे अच्छा संविधान देश को दिया। मगर आज तक सत्ता में बैठने वाले कांग्रेस-बीजेपी की सरकार संविधान के प्रति गंभीर नहीं रहा। जिसके चलते अक्षरतः संविधान देश में लागू नहीं हो पाया। वरना देश में गरीबी, भुखमरी, भ्रष्टाचार व असमानता नहीं दिखती। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अभय कुमार ने कहा कि ने कहा कि आज के दिन में हो रहे संविधान, आरक्षण व लोकतंत्र पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संविधान विरोधी और लोकतंत्र विरोधी ताकतें आज बाबा साहब के कार्यक्रमों में बाबा साहब का नाम लेकर हमारे लोगों को भ्रमित करने का काम कर रहे हैं, जिससे समाज को सावधान रहने की जरूरत है।

## संविधान शिल्पी बीआर अंबेडकर सामाजिक सुधार को लेकर प्रयत्नशील थेः शम्भु कुमार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के महपरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर सेल एससी - एसटी इम्प्लाइज फेडरेशन ने शम्भु कुमार बोकारो यूनिट अध्यक्ष सह केन्द्रीय कमिटी सदस्य के नेतृत्व में बोकारो शहर में स्थित बाबा साहब के प्रतिमाओ पर प्रभात फेरी कर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सेक्टर 4/डी स्थित बाबा साहब बी आर अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। फेडरेशन के उपस्थित पदाधिकारियों, सदस्यो एवं अतिथियों ने बाबा साहब को पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि दिया। तत्पश्चात वक्ताओ ने अपने सम्बोधन में बाबा साहब के जीवन और समाज के प्रति कार्यो पर प्रकाश डाला। शम्भु कुमार ने कहा कि डॉ॰ अंबेडकर का जीवन केवल एक व्यक्ति के नहीं, बल्कि पूरे भारतीय समाज के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने सामाजिक भेदभाव और जाति प्रथा के खिलाफ अपने पूरे जीवन संघर्ष किया। भारतीय संविधान में समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों को शामिल किया। वह सभी को समाज में समानता का दर्जा दिलाना चाहते थे आज हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है।इस अवसर पर मुख्य अतीथी बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन से हरि मोहन झा मुख्य महाप्रबंधक मौजूद रहे। बतौर विशिष्ट अतिथि प्रभाकर कुमार महाप्रबंधक , शिप्रा हेंब्रोम एससी एवं एसटी कर्मचारी के लाइजन पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से करतार सामंत महासचिव सह केन्द्रीय समिति सदस्य, महेंद्र राम उपाध्यक्ष, राकेश कुमार उपकोषाध्यक्ष, माणिकराम मुंडा संयुक्त महासचिव, पंकज दास संयुक्त महासचिव, मुकेश पासवान संयुक्त महासचिव, नबनांदेश्वर हेम्ब्रम सचिव, आनंद रजक सचिव, देवेश टुडू सचिव, दिलीप कुमार सचिव, सच्चु रजवार सचिव, रबीन्द्र सिंह, संदीप कुमार, हरेन्द्र रजवार, डी पी दास, बलराम रजक आदि मौजूद रहे।

## बंगलादेश से संबंध समाप्त करे भारत : गिरि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो के अधिवक्ताओं ने आज कोर्ट परिसर में बांग्लादेश में हिंदू संन्यासी चिन्मय कृष्ण प्रभु के वकील रमेन रॉय पर हुए गंभीर हमला के विरोध में प्रदर्शन किया। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने कहा कि रमेंन रॉय पर यह हमला उनके द्वारा चिन्मय कृष्ण का समर्थन करने और अदालत में उनका बचाव करने के कारण किया गया। कट्टरपंथियों ने उनके घर में तोड़फोड़ की और उन पर जानलेवा हमला किया है। उनकी स्थिति गंभीर है, और उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया है। यह घटना बांग्लादेश में धार्मिक और सामाजिक तनाव के बढ़ते माहौल को दशार्ती है। इसके विरोध में ही आज बोकारो में आंदोलन किया गया है। गिरि ने भारत सरकार से मांग की है कि तत्काल बंगलादेश से संबंध खत्म करे। अतुल कुमार ने कहा कि ये वकील पर हमला नहीं है ये भारत पर हमला है। इस अवसर पर सोमनाथ शेखर, राकेश झा, डॉली झा, पुष्पांजलि जयसवाल, वीणा रानी, करुणा कुमारी, राज श्री, अंकित ओझा, दीपिका सिंह, रीना कुमारी, दीप्ति सिंह, विष्णु प्रसाद नायक, पंकज दराद, सुनील सिंह सिसोदिया, देवनाथ राम, फतिक चंद्र सिंह, बासुदेव महतो, अरूप चक्रवर्ती, मृत्युंजय कुमार मल्लिक, प्रदीप सिन्हा, संजीत कुमार सिंह, हसनैन आलम, दीपिका सिंह, रंजन कुमार मिश्रा समेत सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद थे।

# बच्चे देश के सुनहरे भविष्य हैं जिन्हें संवारना और सजाना हम सब का कर्तव्य : प्रधान जिला जज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**धनबाद :** बच्चों को विशेष तौर पर कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के आलोक में धनबाद में मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए फ्री लीगल सर्विस यूनिट का गठन किया गया है ।प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में गठित उक्त कमेटी का अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन को बनाया गया। कमेटी में सेवानिवृत्त न्यायिक पदाधिकारी के रूप में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष पियूष कुमार एलएडीसीएस डिप्टी चीफ के अलावा,पैनल अधिवक्ताओं के अलावा पारा लीगल वॉलंटियर को भी शामिल किया गया। इस कमेटी द्वारा मानसिक रूप से दिव्यांग, देखभाल व संरक्षण योग्य बालकों और विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों के संरक्षण और पुनर्वास से संबंधित मामलों में सहायक के तौर पर कार्य किया जायेगा। उक्त बातें शुक्रवार को डालसा द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह चेयरमैन डालसा वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कही, उन्होंने कहा कि नालसा के निर्देश पर बच्चों को चाईल्ड फ्रेंडली लीगल एड दिया जाएगा यह यूनिट नालसा द्वारा प्रायोजित वत्सल्य तथा सहयोग योजना के तहत मिलने वाली हर सरकारी योजनाओं, सुविधाओं को भी बच्चों को दिलवाने में सहयोग करेगा। बच्चे देश के सुनहरे भविष्य है जिन्हें सवांरना और साजना हम सब का कर्तव्य है। कार्यशाला के प्रथम चरण में अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा राकेश रोशन ने यूनिट के सदस्यों को इस यूनिट के द्वारा किए जाने वाले कार्यों के विषय मे बताया।वहीं मनोरोग विशेषज्ञ शाहनवाज जाफर ने मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के देखभाल के विभिन्न तरीकों को बताया । न्यायाधीश श्री रोशन ने बताया कि चिल्ड्रेन यूनिट में सेवानिवृत्त न्यायिक पदाधिकारी पियूष कुमार एलएडीसीएस डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, पैनल अधिवक्ता अभिजीत कुमार साधु,विश्वजीत कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार निषाद, करूणा सिन्हा, हसन इमाम ,हरि विश्वकर्मा, निरज कुमार सिंह, संदीप कुमार, पीएलवी चंदन कुमार, अजीत कुमार दास,नवीन कुमार, राजेश कुमार सिंह, पंकज वर्मा, निमाई प्रमाणिक, योगेश्वर नाथ, विनय कुमार सिन्हा, अनामिका सिंह, सीता कुमारी शामिल हैं।

---

**एक नजर**

### आभूषण दुकान में चोरी जांच में जुटी पुलिस



**बोकारो** : इन दिनों चोरी की घटनाओ मे तेजी से इजाफा हुए है, चोर पुलिस को खुल्लेम चुनौती दे रहे है। ताजा मामला बोकारो के सेक्टर 12 सी की है, जहां गुनगुन जवेलर्स की ताला तोड़कर चोरों ने हजारों रुपए के गहने पर हाथ साफ कर लिया है। दुकानदार प्रमोद कुमार प्रसाद ने बताया कि वे अपनी दुकान बंद कर सोने चले गये थे, जिन्हे घटना की सूचना शुक्रवार की सुबह पड़ोसियों के द्वारा दी गई, जब देखा तो शटर का सभी ताला टुटा हुआ था, घटना मे लगभग तीस हजार के गहने की चोरी हुई है, उन्होंने बताया और गहने लॉकर मे रखा गया था जो सुरक्षित है। मौके पर पुलिस भी पहुँच गई है, मामले की शुरू की गई लेकिन पुलिस अधिकारी ने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। दूसरी ओर फॉरेनसिक टीम मौके पर पहुंच चुकी है तथा दुकान से फिंगर प्रिंट उठाकर जांच शुरू कर दी है।

### मेहनत, लगन व समर्पण सफलता की कुंजी : डीआइजी

**बोकारो** : डीपीएस चास, बोकारो में वार्षिकोत्सव अभ्युदय-द राइजिंग का शानदार आयोजन चास, बोकारो। मेहनत, लगन व समर्पण सफलता की कुजी हैं। उक्त बातें डीपीएस चास बोकारो में आयोजित अभ्युदय-द राइजिंग वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि सुरेंद्र कुमार झा ने कही। उन्होंने शिक्षार्थियों से न केवल सफलता के अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने का आग्रह किया, बल्कि इस समाज, राष्ट्र, दुनिया और धरती माता को रहने के लिए एक बेहतर और सुरक्षित स्थान बनाने का भी आग्रह किया और उन्हें विद्यालय की प्रतिष्ठा बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुति पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए विद्यालय परिवेश की भी प्रशंसा की। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि बच्चों की प्रतिभा को निखरने के लिए उपयुक्त परिवेश दें, केवल उन्हें स्वतंत्र रूप से विकसित होने में मदद करते रहें। विदित हो कि आज शुक्रवार को डीपीएस चास, बोकारो ने आज स्कूल परिसर में अपना वार्षिक समारोह सह स्कॉलर बैज सम्मान समारोह अभ्युदय द राइजिंग 2024 शैक्षणिक विशिष्टता और सांस्कृतिक असाधारणता के शानदार प्रदर्शन के साथ मनाया, जिसमें 82 छात्रों को शैक्षणिक सत्र 2023-2024 में विभिन्न शैक्षिक और सह-शैक्षणिक क्षेत्रों में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए पुरस्कार प्राप्त हुए।

### चिकित्सा प्रभारी ने पल्स पोलियो जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी



**बरहरवा :** प्रखंड क्षेत्र में तीन दिनों तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान की सफलता को लेकर शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा के प्रांगण से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पंकज कर्मकार ने पल्स पोलियो जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। पंकज कर्मकार ने बताया कि 8 से 10 दिसंबर तक पल्स पोलियो अभियान चलेगा। यह जागरूकता रथ प्रखंड के सभी गांव व पंचायतो में घुम घुम कर पल्स पोलियो अभियान की जानकारी देते हुए लोगों को 0 से पांच वर्ष के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाने के लिए जागरूक करेंगे। इस मौके पर डा. ऋषभदेव, बैम दिनेश कुमार, देवव्रत कुमार, रितेश भगत सहित अन्य उपस्थित थे।

---

**संक्षिप्त खबरें**

### रामकनाली में खुला लोहा गोदाम, क्षेत्र में बढ़ेगी चोरी की बारदात



**धनबाद:** रामकनाली ओपी क्षेत्र अंतर्गत अवैध लोहे गोदाम का संचालन प्रारंभ हो गया है,सूत्रों ने बताया कि उक्त लोहा गोदाम का संचालन/ देखरेख गणेश नामक युवक कर रहा है,चर्चा है कि गणेश को स्थानीय पुलिस का भय नहीं है क्योंकि ओपी क्षेत्र से महज कुछ ही दूरी पर चटाई व बोरा का घेराबंदी कर लोहा गोदाम का संचालन शुरू किया है। जहाँ स्थानीय कोलियरी के स्क्रैप व पंपिंग में लगे पाइप व केबल की चोरी होने की संभावना से कॉलोनी के ग्रामीण अभी से ही परेशान होकर चिंतित हो गये है,लोगों की माने तो रामकनाली ओ पी से कुछ दूरी पर लोहा गोदाम का संचालन शुरू हुआ, लेकिन पुलिस व सीआईएसएफ के क्राइम व क्यू आर टी टीम को जानकारी नही होना उनके कार्यशीली पर सवाल खड़ा कर रही है, स्थानीय लोगो ने बताया कि अब शाम ढलते ही लोहा कोयला डीजल की चोरी के लिये असमाजिक तत्वों का सक्रियता बढ़ जायेगी, जिससे महिलाओं को भी घर से निकलना या स्कूली छात्र छात्राओं को शाम ढलने के बाद वापसी में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है,हाट बाजार से लौटने व रात्रि पाली ड्यूटी के दौरान छिनतई का डर बढ़ गया है।

### खरखरी के ग्रामीणों ने हिल टॉप कंपनी का किया विरोध



**धनबाद :** मधुबन थाना क्षेत्र अन्तर्गत खरखरी बस्ती के बाउरी टोला में बंटी बाउरी के नेतृत्व में ग्रामीणों कि एक बैठक की गई जिसमें खरखरी कोलियरी भूमिगत खदान को एमडीओ मोड के माध्यम से खरखरी कोलियरी को निजी कंपनी हिलटॉप को दिए जाने के बाद उत्पन्न होने वाली समस्याओं को लेकर आपसी विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने एक रणनीति के तहत हिलटॉप कंपनी को एक लिखित आवेदन देने की निर्णय लिया गया। हिलटॉप कंपनी में स्थानीय बेरोजगार युवकों को स्थानीयता के आधार पर रोजगार मुहैया करवाने, पानी बिजली पहले की तरह ही बहाल रखने संबंधित समस्याओं पर विचार विमर्श कर आगे की रणनीति बनाई गई। ग्रामीणों ने साफ शब्दों में कहा कि यदि आउटसोर्सिंग कंपनी हमारी मांगों को नहीं मानतीं है तो हम लोग एकजुट होकर कंपनी का चक्का जाम करेंगे तथा खरखरी चानक पर आंदोलन करेंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से सुभाष बाउरी,जयराम बाउरी, रूपलाल बाउरी,मागन बाउरी, श्याम बाउरी,सुनिल बाउरी, सागर बाउरी,मोनजेश बाउरी, विशाल बाउरी, नारायण बाउरी,मानिक बाउरी ,निवेश बाउरी, अर्जुन बाउरी के साथ सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने सुनी जनता की समस्याएं




**धनबाद:** शुक्रवार को जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्री मुकेश बाउरी ने समाहरणालय में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुना। लोगों के आवेदनों को प्राप्त कर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिकायत का निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया। जनता दरबार में सरकारी जमीन पर कब्जा, जमीन बंदोबस्ती, रोड चौड़ीकरण, अवैध निर्माण पर रोक लगाने, आवास एवं भरण पोषण से संबंधित, पारिवारिक मामले, स्वास्थ्य संबंधित मामले, रोजगार एवं शिक्षा से संबंधित मामले, जमीन से जुड़े मामले सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा। मौके पर जिला भूअर्जन पदाधिकारी राम नारायण खलखो, प्रभारी जन शिकायत कोषांग सह सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी आलोक कुमार मिश्रा मौजूद रहें।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाई डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथी



बरहरवा: प्रखण्ड अंतर्गत बरहरवा नगर पंचायत के राजमहल रोड स्थित बसीर गैरेज प्रांगण में कांग्रेस के नेता एवं कार्यकताओं द्वारा शुक्रवार को भारतीय संविधान के निमार्ता डॉ भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि मनाई गई एवं उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रखंड के और भी कई जगह से इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष रणजीत टुडू ने किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में जिला अध्यक्ष बरकत खान उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सभी नेता आम जनता एवं कार्यकताओं ने डॉ भीमराव अंबेडकर के तस्वीर पर बारी-बारी से पुष्प अर्पित किया साथ ही सभी ने 2 मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बरकत खान ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर भारतीय समाज के एक प्रमुख नेता, समाज सुधारक, और संविधान निमार्ता थे। उनकी जीवन यात्रा और संघर्षों ने उन्हें भारतीय सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में एक विशेष स्थान दिलाया। देश के संविधान के निर्माण में उनके अविस्मरणीय सहयोग को सारे हिंदुस्तान के लोग हमेशा याद रखेगा इसी के परिपेक्ष में प्रत्येक वर्ष को उनकी जन्मतिथि तथा पुण्यतिथि मनाई जाती है। इस अवसर पर देश के समस्त नागरिक संविधान के इस महानायक को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस मौके पर अशोक दास, रणजीत टुडू, भोला नाथ महतो, मिथुन कुमार मंडल, हीरालाल साह, आफताब सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महिलाओं की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता : डालसा सचिव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** सिद्धो कान्हू सभागार में को लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभ आरंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकार विश्वनाथ भगत के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने कहा कि लिंग आधारित हिंसा समाज के लिए एक अभिशाप है, जिसे हमें मिलकर खत्म करना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों के प्रति हिंसा एक गंभीर समस्या है। जिसे हमें अपने समाज से मिटाना बहुत जरूरी है। वहीं उन्होंने कानूनी पाठ पढ़ाते हुए कहां की जितने भी आशा है लोग, महिला बच्चे बूढ़े के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार बना है वही जिन्हें किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न होती है वह जिला विधि सेवक अधिकार के पीएलवी जो कि उनके गांव में मौजूद होते हैं उनसे संपर्क कर मौजूदा जानकारी लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड से संपर्क कर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। वहीं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव कार्यक्रम को संबोधित कर महिलाओं में एक बड़ा प्रयास लाने की बात कही जहां उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लिंग आधारित हिंसा के प्रति जागरूकता फैलाना और इसके खिलाफ कार्रवाई करना है। अभियान के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा जिसमे सेमिनार, वर्कशॉप और जागरूकता आदि शामिल हैं। वहीं मंच संचालन करते हुए बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ सुरेंद्रनाथ तिवारी कहा कि सभ्य समाज में महिलाओं के प्रति हिंसा का कोई स्थान नहीं है आज महिलाएं स्वावलंबी है और समाज की मुख्य धारा में अपने कर्तव्यों का पालन कर रही है। वही बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी ने बतायाव कि भारत में महिलाओं के अधिकारों और उनसे सामाजिक आर्थिक राजनीतिक और सांस्कृतिक स्थिति में सुधार के लिए कई प्रयास हुए हैं। लेकिन इसके बावजूद कई चुनौतियां और खामोशियां बनी है भारत में बालिकाओं की शिक्षा की स्थिति में सुधार हुआ है लेकिन ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में आज भी लड़कियों की स्कूल छोड़ने की दर अधिक है उच्च शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी अभी पुरुषों की तुलना में कम है वहीं उन्होंने इस स्पॉन्सरशिप आदि योजनाओं से जुड़ी जानकारी दी।इस अवसर पर बाल विवाह मुक्त समाज निर्माण हेतु शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव ने सभागार में उपस्थित विभिन्न विद्यालयों की बालिकाओं, आंगनबाड़ी सेविकाओं ,चाइल्ड हेल्पलाइन, सामाजिक कार्यकताओं, पुलिस पदाधिकारी को शपथ दिलाया कि हर हाल में हम बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगे। मौके पर किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य बबीता कुमारी, हेमलता पटेल, बाल कल्याण समिति के सदस्य सुधा कुमारी, दिनेश शर्मा, सभी बाल मित्र, थाना प्रभारी, जेएसएलपीएस से प्रिया ज्योति, एक्सआईएसएस से सुभाजित चंद्र, मंथन से नाहिद प्रवीण, शबनम प्रवीण, आराधना मंडल, रंजीत कुमार, अंशु मालाकार, चाइल्डलाइन के मोहम्मद इकबाल अंसारी, अवधेश कुमार, सुमन कुमार, सेविका महिला सहायता समूह, आदि मौजूद रहे।

# अधेड़ की पत्थर से कूचकर हत्या

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड के कुरूमगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत चांदगो गांव में 50 वर्षीय अधेड़ की पत्थर से कुच-कुच कर हत्या कर दी गई। 50 वर्षीय बिगु मुंडा पिता स्व. केशवर मुंडा की पत्थर से मारकर हत्या क्यों कि गई है इसका खुलासा अब तक नहीं हो सका है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, हत्या का कारण पुराने रंजिश को बताया जा रहा है। कुरूमगढ़ थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार चेतन ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमराह भेज दिया गया है। वही हत्या के आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके साथ ही, हत्या के कारणों का खुलासा भी जल्द होगा।

## लोकपाल ने की मनरेगा की समीक्षा और कार्यों का निरीक्षण



**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड परिसर में शुक्रवार को मनरेगा के लोकपाल शाहबान शेख ने प्रखंड में आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लिया। इस बैठक में प्रखंड में चल रहे मनरेगा कार्यों का गहन निरीक्षण किया गया। समीक्षा के दौरान सुधीर कुजूर और मदल देवी का बिरसा सिंचाई कूप का निरीक्षण किया। इसके अलावा स्वासंती कुजूर, अमरजूस लकड़ा और विजेता लकड़ा के आम बागवानी कार्यों का भी अवलोकन किया गया। इस मौके पर लोकपाल ने सभी संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और चेतावनी दी कि यदि कार्यों में कोई गलती पाई जाती है, तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। बैठक में मुख्य रूप से रोजगार सेवक मंझार सिद्दीकी, मनोज कुमार, अनीता, अनुकंपा टोप्पो, विनय, जेई सुमित टोप्पो और एई संजय उरांव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।इस प्रकार की समीक्षा बैठकें मनरेगा के कार्यों की गुणवत्ता और प्रभावशीलता को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## किसी योजना में लापरवाही या शिकायत हो तो लाभुक सीधा संपर्क करें : विधायक



**सरिया (गिरिडीह):** सरिया प्रखंड सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति की बैठक आयोजित की जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख प्रीति कुमारी तथा संचालन बीडीओ ललित नारायण तिवारी ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से बगोदर विधायक नागेंद्र महतो उपस्थित थे। जिन्हें लोगों ने बुके देकर सम्मानित किया। पश्चात सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई। इस बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में शिक्षा,स्वास्थ्य, और आंगनबाड़ी,मनरेगा,आपूर्ति, आवास योजना,नल जल सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं पर समीक्षा के साथ चर्चा हुआ। इस बैठक में बगोदर विधायक ने सभी जन समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी विभागों के अधिकारीयों को निर्देश देते हुए समस्या को समाधान करने की निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी योजनाओं में लापरवाही बढ़ती गई या शिकायत आया तो लाभुक उनसे सीधे संपर्क करें,दोषियों को जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सुदिव्य कुमार सोनू को मंत्री बनाए जाने पर झामुमो में हर्ष, आतिशबाजी कर जश्न मनाया

**सरिया (गिरिडीह):** गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू को झारखंड सरकार में मंत्री पद दिए जाने को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकताओं में काफी हर्ष है। इसे लेकर शुक्रवार की शाम झंडा चौक सरिया के समीप कार्यकताओं ने आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इसे लेकर झामुमो जिला उपाध्यक्ष त्रिभुवन मंडल ने कहा कि झारखंड की माटी की सरकार पर लोगों ने आस्था जताया है। यही कारण है कि जनता ने हेमंत सोरेन के हाथों राज्य का बागडोर पुनः दिया है। वहीं गिरिडीह के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू को झारखंड सरकार में नगर विकास एवं आवास विभाग,उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,पर्यटन, कला,संस्कृति,खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग का मंत्री बनाया गया है।

# जमीन विवाद को लेकर हंगामा, पुलिस ने हवा में तीन राउंड की फायरिंग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मठिया डेरा में जमीनी विवाद सुलझाने को लेकर पुलिस व ग्रामीण में विवाद हो गया। सूचना पाकर मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार घटना पर पहुंचते ही एक्शन में आए। उन्होंने फौरन मामले कि जांच पड़ताल शुरू किया। साथ ही दोनों पक्षों को थाना मे आकर अपनी बात रखने को बोला। इसी बात पर कई ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने एक पक्ष से रुपए लेकर मारपीट कर घायल करने का काम किया है। इसके बाद ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखने को मिला और मुख्य सड़क को ग्रामीणों ने जाम कर दिया। इससे जाम की समस्या उत्पन्न हो गई। मिली जानकारी के अनुसार शोभापुर डेरा के निवासी पप्पू यादव ने मटिया में स्थित मंदिर में दो कट्ठा उनके पूर्वजों ने दान में दिया था और मंदिर के जय दुबे ने जमीन की जगह एक बीघा जमीन पर कब्जा कर लिया जिससे रैयत आक्रोशित होकर मांग किया। परंतु परिजनों को प्रायतों का आरोप है कि पुलिस प्रशासन ने रुपए लेकर दूसरे पक्ष का सहयोग करने का कार्य कर रही है। इस मामले में एसडीपीओ किशोर तिर्की ने बताया कि आवेदन के आलोक में पुलिस घटनास्थल पर जांच पड़ताल को पहुंची थी तभी दूसरा पक्ष उग्र हो गया और पुलिस के साथ उक्त व्यवहार किया। थाना प्रभारी को कुछ देर के लिए बंधक बना लिया गया था। वहीं पुलिस को भीड़ नियंत्रण के लिए हवा में तीन राउंड फायरिंग करनी पड़ी। मामले की छानबीन की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

## प्रशांत कुमार आदित्यदेव से मिलीं विधायक सविता महतो



**ईचागढ़ :** ईचागढ़ के राजा प्रशांत कुमार आदित्यदेव से शुक्रवार को ईचागढ़ के विधायक सविता महतो उनके परसुडीह खासमहल स्थित आवास पहुंचकर मुलाकात किया। इस दौरान राजा प्रशांत कुमार आदित्यदेव नें विधायक सविता महतो को पुष्प गुच्छ देकर जीत का बधाई व शुभकामना दिया। इस दौरान राजा प्रशांत कुमार के परिजनों नें विधायक सविता महतो को सॉल उढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक सविता महतो काफी देर उनके आवास में रुककर विभिन्न मुद्दे पर विचार विमर्श किया।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–तबसूम प्रवीण, उम्र–22 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–5 फीट
पहनावा–हरा रंग का सलवार सूट पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला तबसूम प्रवीण, उम्र–22 वर्ष, पिता–सुभान अंसारी, सा0–बाड़ु, पो0–कोकदोरो, थाना–पिठौरिया, जिला–राँची, जो दिनांक–08.11.2024 को बगैर बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में पिठौरिया थाना सन्हा संख्या–10/2024, दिनांक–11.11.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)
पुलिस उपाधीक्षक, मु0, प्रथम, राँची। –9431706141
थाना प्रभारी पिठौरिया, राँची। –9431706186

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 341426 Police(24-25)#D

**कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ........................../ दिनांक ........................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 29.10.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर कॉलेज रोड पर सिसई कॉलेज मोड़ के पास से 06 पीस पाकर बोटा, 03 पीस आम बोटा सहित एक ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0– अज्ञात को जप्त कर सिसई स्थायी पौधशाला परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।
अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 17.12.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

:–वन है,तो जीवन है–:

प्राधिकृत पदाधिकारी, –सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल

PR 341335 (Forest, Environment and Climate Changes)24-25*D

**कार्यालय: वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail : forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115
Pin Code - 835207

पत्रांक ........................../ दिनांक ........................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 11.11.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर वृंदा पी0एफ0 के पास से लगभग 200 Cft बालू सहित 03 ट्रेक्टर सं0–JH07M0525, JH07H3260, JH07E0286 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर गुमला वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 17.11.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।


:– वन है, तो जीवन है –:

प्राधिकृत पदाधिकारी, –सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल

PR 341344 Forest, Environment and Climate Changes (24-25)_D

# नकली शराब बनाने वाली मिनी शराब फैक्ट्री का हुआ उद्भेदन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज/मंडरो :** मिजाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत नीमगाछी शराब दुकान के पास एक घर के रूम में चल रहा था जहरीली शराब का गोरख धंधा जबकि उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर के द्वारा जहरीली शराब बनाने वाली सामग्री जप्त भी किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मिजाचौकी थाना क्षेत्र के नीमगाछी, मिजाचौकी मंडरो मुख्य सड़क के किनारे चल रहा था जहरीली शराब बनाने की काली कमाई का बड़ा खेल, और न जाने कितने समय से चल रहा था जहरीली शराब सेवन करने वाले लोगों के लिए जहरीली शराब बोतल का मिनी फैक्ट्री, और ना जाने मिजाचौकी में और कहां-कहां ऐसी क्वार्टर शराब बनाने के लिए रखा गया है। इधर मौका पाकर कमरे में ताला मार कर नकली शराब बनाने वाले फरार हो गए। वहीं एक्साईज इन्स्पेक्टर एवं पुलिस बल की उपस्थिति में बंद कमरे की ताला तोड़ा और अन्दर में देखा गया कि खाली ब्लेंडर की बड़ी बोतल 750 एमएल की लगभग 50 पीस एवं ब्लंडर की खाली हो छोटी बोतल 180 एमएल लगभग 50 पीस एवं रायल स्टेक की खाली छोटी बोतल लगभग 25 पीस,12 लीटर एक जार में लूज विदेशी शराब, एवं 360 एमएल ब्लंडर की नकली शराब भरा हुआ लगभग तीस बोतल एवं स्टीकर को एक्साईज इन्स्पेक्टर प्रवीण कुमार राणा ने बरामद किया है।

## मेघनाथ महतो के निधन पर परिजनों को ढाढस बंधाने पहुंचे विधायक मंगल कालिंदी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पटमदा :** पटमदा के जाल्ला गांव निवासी झारखंड आंदोलनकारी मेघनाथ महतो के निधन की सूचना पाकर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी उनके घर परिजनों को ढाढस देने पहुंचे। विधायक ने कहा कि मेघनाथ बाबू मृदुभाषी और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। झारखंड आंदोलन की लड़ाई में आंदोलनकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। झारखंड आंदोलनकारी मेघनाथ महतो की धर्मपत्नी ओर पुत्रों से मिलकर दुख की घड़ी में ढाढस रखने को कहा। इस दौरान उनके साथ विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, समाजसेवी ईशान चंद्र गोप, आंदोलनकारी आनंदमय महतो सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिलाओं का हुआ बंध्याकरण

**बरहरवा:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा में शुक्रवार को 10 महिलाओं का बंध्याकरण का ऑपरेशन किया गया। इस दौरान डॉ अनिता सिन्हा, हेमन्त मुर्मू ,एमओआईसी डॉ पंकज कर्मकार ने महिलाओं का बंध्याकरण किया। एमओआईसी डॉ पंकज कर्मकार ने बताया कि बंध्याकरण के पश्चात महिलाओं को आवश्यक दवा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही उन्हें सावधानी बरतने की सलाह भी दी है। मौके पर बीपीएम दिनेश कुमार, एपपी बीटीटी भोला पंडित, सहिया श्रीति मंडल, ललिता मंडल, रिंकू दास, रानी देवी सहित अन्य मौजूद थे।

## विधायक मंगल कालिंदी की अनुशंसा से पीड़ित परिवार को मिला पचास हजार का चेक


**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के बांगुडदा पंचायत के चिटाईडीह गांव निवासी मृतक अनूप गोप की पत्नी शारदा गोप को विधायक मंगल कालिंदी के अनुशंसा पर पचास हजार का चेक समाजसेवी ईशान चंद्र गोप और आनंदमय महतो के हाथों से सौंपा गया।

## झगड़ा छुड़ाने गए थाना के चौकीदार की हुई पिटाई

**साहिबगंज:** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महादेवगंज के जयंती ग्राम में दो पक्षों के बिच मारपीट के दौरान थाने की चौकीदार हुआ घायल,बताया जा रहा है कि महादेवगंज के जयंती ग्राम में दो पक्षों के बिच मारपीट जमीनी विवाद को लेकर हो रही थी। जहाँ मुफस्सिल थाना के चौकीदार जलधर पासवान 40 वर्षीय लड़ाई झगड़ा को छुड़ाने व शांत कराने गए तो चौकीदार के साथ मारपीट किया गया इधर घायल चौकीदार को बीते रात सदर अस्पताल लाया गया डॉ ऋतुराज के द्वारा इलाज प्रारंभ किया गया। घायल मुफस्सिल थाना के चौकीदार जलधर पासवान ने बताया कि महादेवगंज जयंती ग्राम में जमीनी विवाद में देवानंद के परिवार के साथ लड़ाई झगड़ा हो रहा था और हम शांत कराने के लिए गए तो मंटू यादव, देवानंद, रिख्याशन व उनके परिवार मेरे पर लात घुसा से मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद यह सूचना मुफस्सिल थाना प्रभारी को दी गई। थाना के द्वारा इंजोरी बनाकर सदर अस्पताल भेजा गया डॉक्टर के देखरेख में इलाज किया गया।

# 228 दिनों बाद आज से जिला प्रशासन की देखरेख में शुरू होगी फेरी सेवा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**नाव से मनिहारी जानेवाले यात्रियों को मिलेगी राहत**

**साहिबगंज :** झारखंड से बिहार की दूरी घट जायेगी दरअसल, साहिबगंज-मनिहारी अंतरराज्यीय फेरी घाट की बंदोबस्ती नहीं होने के चलते 21 जुलाई से फेरी सेवा बंद थी। 228 दिनों बाद जिला प्रशासन की देखरेख में स्टीमर व मालवाहक जहाज का परिचालन होगा। साहिबगंज से बिहार के मनिहारी के बीच गंगा नदी में चलने वाले यात्री व मालवाहक जहाजों का परिचालन कारोबारियों को राहत मिलेगी। साहिबगंज-मनिहारी फेरी सेवा छह दिसंबर से अगले आदेश तक विभागीय स्तर से जलयान फेरी सेवा संचालित करने का निर्णय डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में जिलास्तरीय सैरात समिति बैठक में लिया गया था। मिली जानकारी के अनुसार बंगाल फेरी एक्ट 1885 (15) के अनुसार फेरीघाट का संचालन साहिबगंज-मनिहारी फेरीघाट की बंदोबस्ती होने तक अनुमंडल पदाधिकारी अंगारनाथ स्वर्णकार के देखरेख में चलेगा। जिला मुख्यालय में दो प्रकार की फेरीघाट का संचालन होता है। एक यात्री जलयान व दूसरा मालवाहक जलयान का परिचालन किया जाता है। अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज को जलयान की दर निर्धारण अपने स्तर से करने का निर्णय लिया गया। अंतरराज्यीय फेरीघाट पर सीसीटीवी कैमरा लगाने व फेरीघाट का यात्री परिवहन तथा मालवाहक परिवहन की दर निर्धारण कर संथाल परगना प्रमंडल दुमका कमिश्नर व डीसी को जानकारी देने की बात कही गयी। अनुमंडल पदाधिकारी ने जलयान का भौतिक सत्यापन व स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र जिला परिवहन पदाधिकारी साहेबगंज/मोटरयान निरीक्षक साहिबगंज व जिला सहकारिता पदाधिकारी साहिबगंज से कराने की बात कही। प्रत्येक दिन वसूली की गयी राशि को जिला नजारत शाखा साहिबगंज में जमा कराते हुए अनुपालन प्रतिवेदन डीसी को उपलब्ध कराने की बात कही। **दो दिनों के अंदर चलेगा मालवाहक जहाज,एसडीओ डीसी के पत्र मिले है :** फेरी सेवा व मालवाहक जहाज चलाने के लिए शुक्रवार को जहाज चलाने वाले लोगों को नोटिस दिया जायेगा। इसके बाद दर निर्धारित कर दंडाधिकारी व पुलिस बल की नियुक्ति कर दो दिनों के अंदर जहाज चला लिया जायेगा। अंगारनाथ स्वर्णकार, सदर एसडीओ क्या कहते हैं एसी जहां से पहले फेरी सेवा व मालवाहक जहाज चलते थे।

**कार्यालय जिला परिषद, पलामू**
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**दुकान आवंटन हेतु आम डाक सूचना**

दिनांक 02.12.2023 को [illegible] जिला परिषद बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में [illegible] द्वारा निम्नांकित प्रखण्ड में अवस्थित जिला परिषदीय रिक्त दुकान को आम डाक के माध्यम से आवंटन हेतु पलामू जिले के प्रमुख एवं लोकप्रिय समाचार पत्र के माध्यम से इच्छुक व्यक्तियों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र० | प्रखण्ड | | रिक्त दुकान सं० | कुल रिक्त दुकान | मासिक किराया दर प्रति दुकान | जमानत की राशि | डाक की न्यूनतम राशि (Non Refundable) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सतबरवा | भूतल | C-04 | 01 | 8640.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 2 | विश्रामपुर | भूतल | D-04, D-06, D-07, D-08, D-09, D-10, D-11, D-12 | 08 | 8316.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 3 | तरहसी | भूतल | C-01, C-02, C-05, C-06, C-10, C-11, C-12, C-13 | 08 | 9000.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | तरहसी | प्रथम तल | C-14, C-15, C-16, C-18, C-19, C-20, C-21, C-22 | 08 | 6000.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | तरहसी | प्रथम तल | C-17 | 01 | 9400.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | नीलाम्बर–पीताम्बरपुर | भूतल | F-01, F-02, F-03, F-04, F-05, F-06, F-07, F-08, F-09, F-10, F-11, F-12, F-13, F-14, F-15, F-16, F-17, F-18, F-19, F-20, F-21, F-22, F-23 | 23 | 8640.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | | कुल : | 49 | | | |


1. आवेदन पत्र बिक्री की तिथि :– 10.12.2024 से 14.12.2024 तक
2. आवेदन पत्र बिक्री का स्थान : कार्यालय जिला परिषद, पलामू
3. आवेदन पत्र का शुल्क (प्रत्येक दुकान के लिए [illegible]) :– 15000.00 ([illegible]) रुपये मात्र
4. आवेदन पत्र जमा करने की तिथि :– 10.12.2024 से 16.12.2024 अपराह्न 2:00 बजे तक
5. आवेदन पत्र जमा करने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
6. डाक की तिथि एवं समय : 17.12.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न
7. डाक का स्थान :– Block-C [illegible] कार्यालय कक्ष।
8. आवेदन पत्र के साथ संलग्न कागजात :– फोटो पहचान पत्र (आधार कार्ड), स्थानीय प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो

नोट 1: दुकान का आवंटन खुली डाक द्वारा नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से की जायेगी जिसमें सर्वोच्च डाकवक्ता को दुकान आवंटित किया जायेगा। डाक कॉलम संख्या– 7 में अंकित एकमुश्त Non Refundable राशि के आधार पर किया जायेगा। डाक में दो बोली के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 5000.00 (पाँच हजार) रुपये होगी। डाक समाप्ति के पश्चात संपूर्ण डाक राशि राशि (Non Refundable) 24 घंटे के अन्दर जमा करना होगा उसके उपरांत आवंटियों की सूची जारी की जायेगी।
नोट 2: दुकान आवंटन हेतु निर्धारित विस्तृत शर्त पलामू NIC के Website- www.palamu.nic.in, कार्यालय जिला परिषद, पलामू एवं संबंधित प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू

PR 341362 District (24-25)_D

# संघ प्रमुख का बयान: क्या वाकई अच्छे हैं तीन बच्चे



प्रो. लल्लन प्रसाद

भागवत जी का मानना है कि आबादी दर में गिरावट परिवार व्यवस्था के लिए संकट की स्थिति पैदा कर सकती है। नई पीढ़ी में कम से कम बच्चे पैदा करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। यहां तक कि कुछ नौजवान, नवयुवतियां एक बच्चा भी नहीं चाहते। यदि यही क्रम चलता रहा तो हिन्दू आबादी की विकास दर में कमी और मुस्लिम एवं क्रिश्चियन आबादी की विकास दर में वृद्धि हिन्दुओं को अल्पसंख्यक बना देगी। ऐसी आशंका व्यक्त की जा रही है

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघ संचालक डॉ मोहन भागवत का हालिया बयान, जिसमें उन्होंने तीन बच्चे समाज के लिए अच्छे की बात कही है, बहस का भारी मुद्दा बन गया है। इसके पहले आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और तमिलनाडु के मुख्यमंत्रियों ने भी इस तरह का प्रस्ताव किया था। भारत विश्व का सबसे अधिक आबादी वाला देश है, दुनिया की 2.4प्र. भूमि पर 17.5प्र. आबादी रहती है।

देश जब आजाद हुआ था तब कुल आबादी 36 करोड़ थी। अब 144 करोड़ है। इतनी तेजी से आबादी में जो वृद्धि हुई उसने भारत को चीन से भी आगे कर दिया है। प्राकृतिक संसाधन सीमित होते हैं, जो अब 75 वर्षों के बाद पहले से और कम हो चुके हैं। यद्यपि अर्थव्यवस्था का विकास हुआ है, कृषि और उद्योगों का उत्पादन बढ़ा है, रोजगार के अवसर भी पहले से अधिक हैं किंतु आबादी चार गुना हो चुकी है। इसमें बहुसंख्यक हिन्दुओं की आबादी विकास दर 4प्र. कम हुयी है, जबकि अल्पसंख्यक मुस्लिम आबादी 14प्र. बढ़ी है । कुल आबादी बढ़ी है किंतु प्रजनन दर में गिरावट आई है जो 2.1प्र. से भी नीचे जा चुकी है, जिसे आबादी की निरंतरता के लिए सुरक्षित सीमा कहा जाता है। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा मुस्लिम आबादी वाला राष्ट्र भी बन गया है। देश के कई जिले, जो तीन-चार दशकों पहले ही हिन्दू बहुल थे विशेषकर उत्तर पूर्व के, अब मुस्लिम बहुल हो गए हैं।

आबादी में इतनी तेजी से वृद्धि किंतु प्रजनन दर में कमी, और उसके फलस्वरूप जनसांख्यिकी में परिवर्तन और सामाजिक तनाव आबादी पर बहस को हवा दे रहे हैं। भागवत जी का मानना है कि आबादी दर में गिरावट परिवार व्यवस्था के लिए संकट की स्थिति पैदा कर सकती है। नई पीढ़ी में कम से कम बच्चे पैदा करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। यहां तक कि कुछ नौजवान, नवयुवतियां एक बच्चा भी नहीं चाहते। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे के आंकड़ों के अनुसार 2021 में एक महिला जीवनकाल में 2.2 बच्चे जनती थी जो 2015-16 में 2 पर आ गई, अब और नीचे जाने की आशंका जताई जा रही है। 1950 मे यह 6.2 थी, 2021 में 2 हो गई और यदि यही क्रम चलता रहा तो 2050 में यह 1.29 और 2100 में 1.04 पर पहुंच जाएगी।

हिन्दू आबादी की विकास दर में कमी और मुस्लिम एवं क्रिश्चियन आबादी की विकास दर में वृद्धि हिन्दुओं को अल्पसंख्यक बना देगी। ऐसी आशंका व्यक्त की जा रही है।



संघ ने 2015 में विशद आबादी नीति का प्रस्ताव किया था, 3 वर्षों बाद आबादी के लिए एक समान कानून की मांग सभी धर्मों के लिए की थी। समान आबादी नीति के लिए यदि मुस्लिम और ईसाई धर्मावलंबी भी राजी हो जाएं तो आबादी में असंतुलन और उसके विनाशकारी प्रभाव की स्थिति से बचा जा सकता है। 'हम दो हमारे दो' के बाद 'हमारे तीन' की बात विरोधाभास की स्थिति बना रही है। अधिकांश देश, जहां आबादी तेजी से बढ़ रही है, गरीबी से जूझ रहे हैं, या विकास के पैमाने पर अभी भी विकसित पश्चिमी देशों से कहीं बहुत पीछे हैं। सबसे तेज आबादी का विकास सब-सहारन अफ्रीकी देशों में है, जहां अधिकांश लोग गरीबी रेखा के नीचे हैं।

दक्षिण अमेरिका और भारत सहित दक्षिण एशिया के अधिकांश देश विकासशील की श्रेणी में आते हैं, जहां जीवन स्तर विकसित देशों की तुलना में नीचे है। भारत विश्व की चौथी आर्थिक शक्ति बन चुका है, और अगले कुछ वर्षों में तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बन जाने की संभावना है, किंतु प्रति व्यक्ति आमदनी की दृष्टि से विकसित देशों की तुलना में बहुत पीछे है। अमेरिका में प्रति व्यक्ति आय 70000 डॉलर है जबकि भारत में मात्र 2700 डॉलर। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की 2023-24 की मानव विकास रिपोर्ट के अनुसार भारत मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) में 193 देशों में 134वें स्थान पर है जो सोचनीय है। स्विट्जरलैंड नंबर वन पर है, चीन 75वें स्थान पर है। यह सूचकांक तीन बातों का संज्ञान लेता है: लंबा और स्वस्थ जीवन, ज्ञान तक पहुंच और सभ्य जीवन स्तर। भारत में जीवन प्रत्याशा विगत कुछ दशकों में तेजी से बढ़ी है, इस समय यह 68 वर्ष है किंतु विकसित देशों में इससे कहीं अधिक है, जापान में 84 वर्ष और अमेरिका में 77 वर्ष।

शिक्षा से अभी भी करोड़ों बच्चे वंचित हैं, बड़ी संख्या में बच्चे कुपोषण के शिकार हैं, बाल मृत्यु दर भी भारत में विकसित देशों की अपेक्षा कहीं अधिक है। खाद्य पदार्थों और उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि, बच्चों की शिक्षा, मकान किराया, बिजली, पानी, यातायात आदि के बढ़ते खर्चों से आम आदमी त्रस्त है। देश में आर्थिक असमानता भी बढ़ी है, कुछ औद्योगिक घरानों और बड़ी कंपनियों के हाथों में देश की संपत्ति का बड़ा हिस्सा संचित है। आर्थिक विकास के साथ आम आदमी की आमदनी में वृद्धि हुई है किंतु उतनी नहीं जो इतनी बड़ी आबादी को खुशहाली दे सके। ऐसे में आबादी बढ़ाने की बात जब की जाती है, तो सवाल उठना स्वाभाविक है। किंतु आबादी दर में गिरावट चिंता का विषय तो है। सामाजिक असंतुलन और तनाव के अतिरिक्त इसका एक दुष्प्रभाव और भी है-बच्चों और युवकों की आबादी में गिरावट और बूढ़ों की आबादी में वृद्धि जो स्थिति अधिकांश विकसित देशों में देखी जा रही है। यूरोप की आबादी आज लगभग उतनी ही है, जो दूसरे विश्व युद्ध के पहले थी। जन्म दर में भारी गिरावट के कारण आबादी नहीं के बराबर बढ़ी है। यूरोपीय देशों में श्रम की कमी के कारण शरणार्थियों को बसाने की होड़ लगी किंतु उसका घातक परिणाम उन्हें अब भोगना पड़ रहा है। जापान, दक्षिण कोरिया जैसे विकसित देशों में तो यह संकट की स्थिति पैदा कर चुकी है, वहां सरकारें अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहन दे रही हैं, करों में छूट दी जा रही है, मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य और बच्चों के लालन-पालन का खर्च, गर्भवती महिलाओं के लिए सवेतन छुट्टी आदि सुविधा दी जा रही है। मोहन भागवत का बयान पूरे भारतीय समाज के लिए है, सभी संप्रदाय के लोगों को मिल कर और नेताओ को सौहार्दपूर्ण वातावरण में देश हित में समस्या का हल निकालने चाहिए। (लेख में विचार निजी हैं)

## संपादकीय

### फड़णवीस से उम्मीदें

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के करीब दस दिनों बाद तक यहां की राजनीति सस्पेंस फिल्म की तरह चलती रही और अंततः भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फड़णवीस के नाम की घोषणा के साथ इसका अंत एक थ्रिलर की तरह हुआ। फड़णवीस ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में तीसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वस्तुतः भारत में गठबंधन की राजनीति जितनी आम हो गई है, उतनी जटिल भी। नैतिक मान्यता की बात की जाए तो विधानसभा चुनाव में भाजपा सबसे बड़े.दल के रूप में उभर कर आई थी और इस नाते भाजपा का ही मुख्यमंत्री होना चाहिए था। लेकिन एकनाथशिंदे की पर्दे के पीछे की भूमिका के कारण फड़णवीस को प्रतीक्षा करनी पड़ी।



फड़णवीस की राजनीतिक यात्रा की शुरूआत 1997 में नागपुर नगर निगम के महापौर के रूप में हुई। तब वह मात्र 27 वर्ष के थे। दो वर्ष बाद 1999 में महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य बन गए और 2014 में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने। उनकी पहचान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रतिबद्ध कार्यकर्ता के रूप में है। पार्टी के भीतर उनका बहुत तेजी से उभार हुआ लेकिन इसके कारण भाजपा के अंदर कलह भी हुई। महाराष्ट्र जैसे बड़े.और महत्तवपूर्ण राज्य का तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने के साथ ही उन्हें भाजपा के भविष्य का चेहरा भी बताया जा रहा है। देशके अन्य राज्यों की तरह महाराष्ट्र की भी अनेक समस्याएं हैं, जिनका फड़णवीस की सरकार को सामना करना पड़ेगा। आर्थिक-सामाजिक विकास की दृष्टि से महाराष्ट्र भारत का अग्रणी राज्य रहा है। मुंबई देश की आर्थिक राजधानी है, और वहीं पर बॉलीवुड़ है। देश के युवा अपने सपनों को पूरा करने के लिए यहां आते रहते हैं। लेकिन यह प्रदेश क्षेत्रीय असंतुलन का भी शिकार है जिसके कारण राज्य में कृषि क्षेत्रको काफी नुकसान उठाना पड़. रहा है। विदर्भ और अमरावती संभाग काफी पिछड़ा हुआ है जहां फसल का उचित दाम नहीं मिलने के कारण किसान सबसे अधिक आत्महत्या करते हैं। बेरोजगारी दूसरी सबसे बड़ी समस्या है। फड़णवीस को इन चुनौतियों का सामना करते हुए गठबंधन के सहयोगी दलों को भी साथलेकर चलना होगा। वह विनम्र और प्रबंधकीय गुणों में निपुण हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि उनके नेतृत्व में महाराष्ट्र विकास की नई कहानी लिखेगा।

## चिंतन-मनन

### मन का क्रिय

एक प्रोफेसर अपने कमरे में बैठे थे। उनके पास एक व्यक्ति आकर बोला, धन्यवाद, आप जैसा परिश्रमी और योग्य प्रोफेसर मैंने नहीं देखा। आपके परिश्रम से ही मेरा लड़का उत्तीर्ण हो सका है। सौ-सौ साधुवाद! इतने में दूसरा व्यक्ति आकर बोला, आप जैसा परिश्रम से जी चुराने वाला प्रोफेसर मैंने कहीं नहीं देखा। आपके कारण ही मेरा लड़का अनुत्तीर्ण हुआ। पहले व्यक्ति की बात सुनकर प्रोफेसर प्रसन्नता से झूम उठा और दूसरे व्यक्ति की बात सुनकर वह विषण्ण हो गया। यह सारा खेल मन का है। एक घटना मन के अनुकूल थी तो प्रसन्नता का प्रवाह चल पड़ा। वहीं दूसरी घटना मन के प्रतिकूल थी तो विषण्णता का वातावरण बन गया। जब भोजन अच्छा बनता है तो पत्नी को उसके लिए सौ-सौ साधुवाद दिया जाता है। जब कभी भोजन स्वादिष्ट नहीं बनता या नहीं लगता तब परोसी हुई थाली को ठोकर भी मार दी जाती है। यह सारा मन का कार्य ही होता है। भोजन सिर्फ भोजन होता है। पदार्थ सिर्फ पदार्थ होता है। उसमें स्वादिष्ट या अस्वादिष्ट का आरोपण हम स्वयं करते हैं, हमारा मन करता है।

# सांस्कृतिक पहचान को कुचलने की कुचेष्टाएं कब तक?



ललित गर्ग


भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आर्थिक विरासत को कुचलने की चेष्टाएं अतीत से लेकर वर्तमान तक होती रही है। बहुत बड़ा सच है कि अगर किसी देश को नष्ट करना है तो उसकी सांस्कृतिक पहचान को खत्म कर दो। देश अपने आप नष्ट हो जाएगा। भारत पर हमला करने वाले विदेशी आक्रांताओं ने यही किया। इस्लामी आक्रांताओं ने न सिर्फ धन-संपदा लूटी बल्कि भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को खत्म करने के लिए बड़े पैमाने पर मंदिरों और धार्मिक स्थलों को तोड़ कर मस्जिदें बना दीं। भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के शत्रु एवं तथाकथित धर्म-निरपेक्षता की राजनीति करने वाले नेता इस बात को अधिक बेहतर समझते हैं, अतः उन्होंने इतिहास को झुठलाने, धुंधलाने और काल्पनिक बातें गढ़ने एवं फैलाने पर ध्यान केंद्रित किया। हमारे नेताओं-नीतिकारों की नासमझी के कारण ही इसमें वे सफल भी रहे हैं। क्या यह स्थिति बदल रही है? देश में कुछ लोग सही इतिहास को उजागर करने एवं ऐतिहासिक विरासत को धुंधलाने एवं कुचलने की कुचेष्टाओं का परिमार्जन करने के लिये तत्पर हुए है, इसी का परिणाम है कि सैकड़ों वर्षों की गुलामी के बाद आज सनातन संस्कृति का पुनरुद्धार हो रहा है। अयोध्या, काशी, मथुरा के बाद संभल और अजमेर दरगाह जैसे मामलों में साक्ष्यों और दस्तावेजों के आधार पर भारत की सांस्कृतिक पहचान के प्रतीकों को हासिल करने के प्रयास हो रहे हैं। ऐसे प्रयासों के द्वारा अशांति फैलाने का लक्ष्य नहीं है, बल्कि इतिहास बड़ी भूलों को सुधारना एवं वास्तविक तथ्यों को सामने लाना है। लेकिन, इसमें एक बड़ी बाधा है पूजा स्थल अधिनियम, 1991, जो देश में आजादी से पहले से मौजूद धार्मिक स्थलों जुड़े तथ्यों की खोजबीन की भी अनुमति नहीं देता है? क्या इसके चलते देश में आक्रांतवादी सोच एवं देश की विरासत को धुंधलाने की कोशिश पर पर्दा ही पड़ा रहेगा? ऐतिहासिक अन्याय, अत्याचार एवं राष्ट्र-विरोधी सोच एवं सच्चाई तो सामने आनी ही चाहिए। इस देश में उन विघटनकारी एवं संस्कृति-विरोधी लोगों की मर्जी कब तक चलती रहेगी? कब तक बात-बेबात हंगामा होता रहेगा? कब तक सांस्कृतिक पहचान को बेमानी साबित करने के षडयंत्र होते रहेंगे?

इस सच से इंकार नहीं किया जा सकता कि इतिहास से न केवल छेड़छाड़ हुई है बल्कि समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास को निस्तेज भी किया गया है। इसी बात को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उजागर करते हुए कहा कि हमारे इतिहास के साथ छेड़छाड़ की गई है। अतीत में यह बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर गृहमंत्री अमित शाह भी कह चुके हैं, यह बात पूर्व में भी बार-बार अनेक नेताओं ने कही है, लेकिन इतिहास को सही रूप में पेश करने का काम नहीं हो पा रहा है और वह भी तब, जब सभी इससे परिचित हैं कि सच्चे इतिहास की जानकारी के अभाव में लोगों के बीच नासमझी की खाई चोड़ी ही होती है, झूठे इतिहास को ही लोग सच मानने से उनकी अपनी परम्परा एवं इतिहास के प्रति आस्था की बजाय घृणा बढ़ती है। अपनी इतिहास एवं संस्कृति की विलक्षण एवं विशेषताओं से दूरी बनाकर झूठे इतिहास के कसीदें पढ़ने से राष्ट्र के प्रति गौरव का भाव क्षीण होता है। ऐसी स्थितियों में राष्ट्रीय एकता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के गौरवपूर्ण क्षण कैसे सामने आ सकते हैं। झूठे इतिहास के कारण लोग संगठित कैसे हो सकते हैं? उनके स्वर विपरीत ही होते हैं, जिससे एक-दूसरे से जुड़ना तो दूर आपसी द्वेष, नफरत एवं द्वंद्व की स्थितियां ही राष्ट्र पर हावी होती है। सही इतिहास जानने की इस महत्ता से हमारे नीति-निमार्ता अनभिज्ञ रहे हैं। अन्यथा इस विषय पर यहां इतनी दलबंदी न होती। हमें एक असहिष्णु, उन्मादी एवं कट्टरवादी समाज बनने के रास्ते पर ही नहीं, बल्कि भीतर से ज्यादा से ज्यादा विभाजित एवं कमजोर समाज बनने के रास्ते पर धकेला जा रहा है। इस तरह की स्थितियां एवं मुहिमें देश की एकता एवं अखण्डता पर आघात करती है।

भारतीयों ने गणित व खगोल विज्ञान पर प्रामाणिक व आधारभूत खोज की। शून्य का आविष्कार, पाई का शुद्धतम मान, सौरमंडल पर सटीक विवरण आदि का आधार भारत में ही तैयार हुआ। वसुधैव कुटुम्बकम का विचार इसी देश ने किया। अहिंसा यहां की जीवनशैली का सौन्दर्य रहा है, विविधता में एकता को हमने जीकर दिखाया है, लेकिन हमारी उदारता को आक्रांताओं एवं विभाजनकारी ताकतों ने हमारी कमजोरी मान लिया है। यही कारण है कि तात्कालिक एवं अतीत की कुछ नकारात्मक घटनाओं व प्रभावों ने जो धुंध हमारी सांस्कृतिक जीवन-शैली पर आरोपित की है, उसे सावधानी पूर्वक हटाना होगा। आज आवश्यकता है कि हम अतीत की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजें और सवारें तथा उसकी मजबूत आधारशिला पर खडे.होकर नए मूल्यों व नई संस्कृति को निर्मित एवं विकसित करें। ऐसा करके ही हम नया भारत-सशक्त भारत निर्मित कर पायेंगे। समृद्ध संस्कृति भारत की एक विरासत है। इसमें धर्म, अध्यात्मवाद, ललित कलाएं, ज्ञान विज्ञान की विविध विधाएं, नीति, दर्शन, विधि, विधान, जीवन प्रणालियां और वे समस्त क्रियाएं और कार्य हैं जो उसे महान बनाती है। समय-समय पर इसका विविध संस्कृतियों के साथ संघर्ष, मिलन, परिवर्तन, परिवर्धन और आदान-प्रदान हुआ है। भारतीयों की अनेक भावनाओं पर शताब्दियों से समय-समय पर आती रहने वाली विविध जातियों ने बहुत पहले से ही अपना न्यूनाधिक प्रभाव डाल रखा था। परंतु इस्लाम के आ जाने पर भारतीय संस्कृति में एक हलचल सी मच गयी, सांस्कृतिक विरासत को ध्वस्त करने के सलक्ष्य प्रयत्न हुए, कला, धार्मिकता, शिल्प के मन्दिरों को ध्वस्त करके मस्जिदों का निर्माण कराया गया। लेकिन इन ऐतिहासिक भूलों को सुधारने का अवकाश तो हमेशा से रहा है।

सर्वोच्च न्यायालय ने संभल मस्जिद मामले में 29 नवंबर 2024 को स्थानीय अदालत की कार्यवाही पर अस्थायी रोक लगा दी। इस मामले में विपक्षी दल विशेषतः कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी उत्तरप्रदेश सरकार को जबरन घसीट रही है, जबकि सर्वोच्च अदालत शांति बनाये रखने के लिये मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय को सुनवाई करने का निर्देश दिया है। 24 नवंबर को अदालती निर्देश पर हुए सर्वे के दौरान खूनी हिंसा, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी, उसके बाद सर्वोच्च न्यायालय ने जो निर्णय दिया, उसका मर्म यह है कि मामले में फैसला इस बात पर निर्भर करेगा कि क्या सच है या फिर कौन समुदाय कितना उपद्रव करता है और वह शासन-व्यवस्था के लिए कितनी बड़ी चुनौती बन सकता है। अर्थात चाहे ह्यअन्यायह्व कितना भी बड़ा हो, अदालत ह्यन्यायह्व से अधिक ह्यशांति-सद्भावनाह्व को वरीयता देगी। देरसबेर न्याय होता हुआ देखा भी गया है, अयोध्या में बना श्रीराम मन्दिर इस का उदाहरण है।

# लंबित मामले : अदालतों के मर्म को समझना होगा



रजनीश कपूर

हमारे देश में जब-जब सरकारी तंत्र फेल होता है तो उसके खिलाफ कोई न कोई अदालत का रुख कर लेता है। इस उम्मीद से कि संविधान की रक्षा और नागरिकों के अधिकारों के हित में यदि कोई फैसला कर सकता है तो वह न्यायपालिका ही है, परंतु क्या कभी किसी ने सोचा है कि जहां देश भर की अदालतों में करोड़ों मुकदमे लंबित पड़े हैं, वहां सरकारी तंत्र के काम न करने के कारण अदालतों पर अतिरिक्त मुकदमों का ढेर लगता जा रहा है। ऐसा क्यों है कि सरकारी तंत्र अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह से नहीं निभा रहा जिस कारण नागरिकों को कोर्ट का रुख करने को मजबूर होना पड़ता है?

जब भी किन्हीं दो पक्षों में कोई विवाद होता है तो उनका आखिरी वाक्य होता है कि 'आई विल सी यू इन कोर्ट।' परंतु हमारे देश के न्यायालयों में लंबित केसों की संख्या इतनी ज्यादा है कि न्याय मिलते-मिलते या फैसला आते-आते बहुत देर हो जाती है। ऐसे में कोर्ट में हर दिन बढ़ने वाले मामलों की संख्या पर रोक नहीं लग पा रही। विवाद चाहे किसी की जमीन-जायदाद का हो या अन्य किसी मामले का हो।



वादी-प्रतिवादी सीधा कोर्ट का रुख करते हैं और कई मामलों में तो वकील भी अपने मुवक्किल को गुमराह करने में पीछे नहीं हटते। ऐसे में किसी न किसी कारण से न्याय मिलने में देरी हो जाती है। बीते कुछ वर्षों से न्यायपालिका पर काम का बोझ दिन-प्रतिदिन बढ़ने का एक और कारण है कि सरकारी तंत्र में तैनात कई अधिकारी, जो अपने राजनैतिक आकाओं को खुश करने की नीयत से, देश की जनता के साथ धोखा करते हैं। वे संविधान को एक तरफ रख कर अपने राजनैतिक आकाओं को भी गुमराह कर उनसे कुछ ऐसे फैसले दिलवा देते हैं जो जनता के हित में नहीं होते। केवल निहित स्वार्थ के लिए लिए गए ऐसे फैसले राजनैतिक रूप से अक्सर घातक साबित हो जाते हैं। ऐसे में सत्ता पक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा कर जनता को असल मुद्दों से भटकाने का काम करने लगते हैं। अंततः दोनों में से एक पक्ष अदालत का रुख कर लेता है। ऐसे में अदालतें सरकारी तंत्र के खिलाफ दायर याचिकाओं को प्राथमिकता पर सुनने के लिए मजबूर हो जाती है। गौरतलब है कि यदि किसी लंबित मामले में कोई अहम सुनवाई की तारीख लगी हो और उसी बीच कोर्ट के सामने कोई ऐसा 'राजनैतिक' केस आ जाए जिसे, सुनने के लिए उस अदालत को अपनी पहले से तय सूची में फेर-बदल करना पड़े, तो सोचिए कि न सिर्फ अदालत के कीमती समय और पैसे की बर्बादी होती है, बल्कि अदालत में न्याय की उम्मीद कर रहे फरियादी की हिम्मत और न्यायपालिका पर भरोसा भी डगमगाने लगता है।

सोचने वाली बात यह है कि सरकारी मशीनरी अपना काम जिम्मेदारी से करे तो अदालतें भी अपना काम बिना किसी विघ्न के करने लगेंगी। ऐसे में लंबित करोड़ों मामलों में भी गिरावट आएगी। आजकल ऐसा भी देखा जा रहा है कि यदि किसी राजनैतिक दल को उसकी पूर्ववर्ती सरकार द्वारा लिए गए किसी खास फैसले से एतराज होता है, तो वे उसमें कोई न कोई कमी निकाल कर देश भर में एक नया विवाद पैदा करने में कसर नहीं छोड़ते। फिर वो मामला चाहे किसी विशेष कानून को लेकर ही क्यों न हो।


गौरतलब है कि जब ऐसे किसी विधेयक को संसद में पास करके कानून बनाया जाता है, तो उस समय सत्ता पक्ष और विपक्ष, इस पर चर्चा करते हैं, और यदि कुछ संशोधन करना हो तो उसे करके ही कानून का रूप दिया जाता है। ऐसे में यह माना जाए कि उस समय की विपक्षी पार्टी ने भी ऐसे विधेयक को अपनी सहमति प्रदान की है, लेकिन जैसे ही उस समय की विपक्षी पार्टी सत्ता में आती है, तो उसी कानून का विरोध करने लगती है, और देश में उथल-पुथल का माहौल बन जाता है, लेकिन क्या वह राजनैतिक दल इस बात पर ध्यान देता है कि उसने विपक्ष में बैठे हुए क्या इस कानून का विरोध किया था? यदि नहीं तो आज ऐसा क्यों कर रहा है? उस कानून के खिलाफ अराजकता फैला कर उसे क्या मिल रहा है? वहीं ऐसे विवादों में बात-बात पर अदालतों का रुख करने वाले याचिकाकर्ता के राजनैतिक संबंधों की जांच होना भी जरूरी है। इस बात की भी जांच होनी चाहिए कि अदालत में पहुंचने वाला जनहित का मामला क्या वास्तव में 'जनहित' का है या 'निजहित' का?

यदि यह बात सिद्ध हो जाती है कि कोई याचिकाकर्ता जनहित की आड़ में किसी राजनैतिक दल के निजहित में याचिका कर रहा है, तो ऐसी याचिका को देश की किसी भी अदालत में दाखिल नहीं होने दिया जाए। किसे क्या पता कि ऐसे संवेदनशील मामले देश में कैसी आग लगा दें। इसलिए एक स्वस्थ लोकतंत्र को सही-सलामत रखने के लिए लोकतंत्र के हर स्तंभ को मिल-जुल कर ही काम करना चाहिए न कि किसी विशेष समुदाय या राजनैतिक दल के हित में रह कर। यदि ऐसा होता है तो शायद हम अपने संविधान के मूल ढांचे का पालन कर पाएं। (लेख में विचार निजी हैं)

# राम विवाह में शामिल होंगे 1 लाख बाराती

## सीता के प्रतिरूप की पूजा हो रही, 5 किलो सोने के जेवर चढ़ेंगे, दशरथ महल में भांगड़ा हो रहा







**अयोध्या ।** अयोध्या में राम विवाह हो रहा है। 12 मंदिरों से बारात निकाली जाएगी। इसमें हाथी, घोड़े और बग्घियां रहेंगी। यूपी के करीब 1 लाख लोग अयोध्या पहुंचे हुए हैं। वह बतौर बाराती इन आयोजनों में शामिल होंगे। आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश समेत 5 राज्यों से बैंड भी अयोध्या पहुंचे हैं। लक्ष्मण किला में श्री सीता के प्रतिरूप का पूजन और मटकोड़ पूजा चल रही है। दशरथ महल में इस वक्त पंजाब से आए युवक भांगड़ा कर रहे हैं। घोड़ा डांस हो रहा है। अयोध्या के पुजारियों का कहना है- राम विवाह का शुभ मुहूर्त अगहन शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि यानी 6 दिसंबर का है। इसके लिए चार दिनों से उत्सव चल रहा है। इस उल्लास में डूबी अयोध्या के दशरथ महल, कनक भवन, रंग महल, जानकी महल ट्रस्ट, रामहर्षण कुंज, हनुमत निवास समेत 12 मंदिरों से राम बारात निकाली जाएगी। ये बारात पूरे शहर में भ्रमण करेगी। लोग आरती और पुष्प वर्षा से स्वागत किया जाएगा। आचार्य पीठ लक्ष्मण किला में मिथिला से आई सखियों में मीरा, युगल प्रिया आदि के मंगल गीत गुंजायमान रहे। यह सीता जी की हल्दी की रस्म बेहद भाव पूर्ण ढंग से मनाई गई। किशोरी जी का पैर पूजन कर उनसे नेग बंटवाया गया। राम बारात निकलने के बाद यही पर वापस आएगी। पूरा श्री राम वल्लभा कुंज जानकी घाट को फूल मालाओं से सजाया गया है। यह दृष्य दशरथ महल का है। यहां पंजाब से आए युवक भांगड़ा नृत्य कर रहे हैं। यह शाम को राम विवाह के दौरान भी होगा, उस वक्त ये युवक बारातियों की तरह सजे हुए होंगे। विवाह उत्सव पर श्री राम बल्लभ कुंज का गर्भ गृह सजाया गया। भगवान को स्वर्ण मुकुट, हार सहित दिव्य वस्त्र धारण कराए गए हैं। रामलाल देवस्थानम के जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी राघवाचार्यने कहा- श्री सीता के बिना भगवान श्री राम की उपासना अधूरी है। दशरथ महल के महंत देवेंद्र प्रसादाचार्य ने कहा- बारात में आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश सहित 5 राज्यों के बैंड बजेंगे। शहनाई की धुन सुनाई देंगी। राजसी ठाठ से राम बारात निकालने की तैयारी है। वर पक्ष की अगुआई दिल्ली के मुरारी लाल अग्रवाल करेंगे तो वधू पक्ष जानकी महल ट्रस्ट दुलहा सरकार और उनके बारातियों की सेवा करेगा। जानकीमहल में राम विवाह उत्सव में तिलक, मेंहदी, नेग न्यौछावर, घुड़चढ़ी, बारात प्रस्थान वैवाहिक कार्यक्रम और विवाह उत्सव के अगले दिन छप्पन भोग और कुंवर कलेवा के आयोजनों से समझा जा सकता है। दुलहा सरकार व किशोरी जी के लिए ट्रस्ट ने जयपुर के रुक्मण ज्वेलर्स से विशेष आभूषण बनवाए है। जो विवाह उत्सव पर युगल सरकार को समर्पित किया जायेगा। यह लगभग 5 किलो सोने का है। यहां बनारस का मशहूर चाट से बारातियों का स्वागत होगा। साथ ही कोलकाता का चाय टोस्ट व कानपुर की दूध लोग आनंद उठायेंगे। जानकी महल ट्रस्ट में मिथिला पद्धति से विवाह उत्सव मनाया जा रहा है। यहां पर भगवान राम को दुलहा सरकार और किशोरी जी को बेटी माना जाता है। श्री जानकी महल ट्रस्ट का सीताराम विवाहोत्सव देखने के लिए दूर -दूर से रहे हैं। यहां की विवाह उत्सव प्रसिद्ध है।

# शिविर में 82 मरीजों के आंखों की हुई जांच



संवाददाता

कुशीनगर। क्षेत्र के जौरा बाजार स्थित राज आई एवं हेल्थ केयर के तरफ से ग्राम सभा लक्ष्मीपुर में शुक्रवार को आंखों की जांच हुई।जिसमें 82 मरीजो के आंखों का जांच कर निःशुल्क चश्मा व दवा वितरण किया गया। वरिष्ठ नेत्र सहायक आलोक उपाध्याय ने बताया कि बिना चिकित्सक की सलाह के आंखों में किसी भी प्रकार की आई ड्रॉप डालना अथवा कोई दवा खाना आपकी स्वस्थ आंखों में मोतियाबिंद पैदा कर सकता है या पूर्ण रूप से रोशनी छीन सकता है। चिकित्सकों से सलाह लेकर ही आंखों की दवा अथवा आई ड्रॉप का इस्तेमाल करें। आंखों को धूप, धूल और धुएं से बचाव के लिए चश्मे पहनें। जिन व्यक्तियों की आंखों में चश्मे का नंबर है, वे चश्मा पहनकर ही कार्य करें। 40 साल से ऊपर के व्यक्ति रुटीन में अपना चैकअप अवश्य कराएं। बाहर से आने पर आंखों को ठंडे पानी से धोएं। इस दौरान अब्दुल अंसारी, ग्राम प्रधान आफताब आलम,पूर्व प्रधान देवानंद गिरी, रामनारायण सिंह, मेवालाल गुप्ता, मोहन गुप्ता, गायन्ति देवी, देवेंद्र कुमार गुप्ता, संजू देवी, अनुज गिरी, रघुनाथ, सुग्रीव प्रसाद मौजूद रहे।

## पुण्यतिथि पर निःशुल्क शिविर में

# एक हजार मरीजों की हुई जांच



संवाददाता

**कुशीनगर।** फाजिलनगर विकास खण्ड के ग्राम मधुरिया में स्वर्गीय श्रीमती माता कलावती देवी की 12 वीं पुण्यतिथि शिद्दत के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में एक हजार मरीजों की जांच कर दवा वितरित किया गया। शुक्रवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सर्व प्रथम श्रीमती देवी के चित्र पर गणमान्य जनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड एआरटीओ अजय त्रिपाठी ने कहा कि श्रीमती कलावती देवी करुणा, ममता, सादगी की प्रतिमूर्ति थीं। जिन्होंने अपने संतानों को नेकी की सीख दीं। माता - पिता के ऋण से संताने कभी उऋण नहीं होतीं। इसी क्रम में सत्य प्रकाश मणी त्रिपाठी जी पुर्व विधायक, जिला पंचायत सदस्य राजन शुक्ला, एशियन डान के पूर्व संपादक जितेंद्र पाण्डेय सैलानी, सुनील आर्या, किसान नेता अरविंद सिंह, राघवेंद्र राय, संतोष सिंह, गोरखनाथ पाण्डेय, आबिद हुसैन, ग्राम प्रधान राजीव यादव ने अपने विचार व्यक्त किये। इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए सप्पू पाण्डेय जी को बहुत बहुत बधाई। सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए रालोद प्रदेश सचिव सियाशरण पाण्डेय उर्फ सप्पू पाण्डेय ने कहा कि कहा कि हमें जन्म देने व पोषण करने वाले माता पिता व बुजुर्गों का सदा सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। हम नैतिक, सांस्कारिक जिम्मेदारी समाज मे निभाएं और बुजुर्गों की सही देखभाल करें। उन्हें वृद्धाश्रम न भेजें। इस अवसर पर राज आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर गोरखपुर के डा. मिथिलेश सिंह ने मरीजों के आंखों की जांच की। श्वेता मेडिकेयर व एक्युप्रेशर सेंटर के चिकित्सक डा. देवेंद्र कुमार, डा. मीनू दत्य, डा. अजय शर्मा व मेडिकल स्टाफ विकास मौर्य, राहुल राव, अर्जुन पटेल ने मरीजों की जांच कर दवा दी। इस अवसर पर आयोजक श्री पाण्डेय व शिवांशु पाण्डेय, अनूप पाण्डेय, तारकेश्वर पाण्डेय, ने गणमान्य जनों, पत्रकारों, बुजुर्गों को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान नंदकुमार चौबे, सत्यम चौबे, मोइनुद्दीन अंसारी, किसन पांडेय, रक्षा तिवारी, भोला प्रसाद, प्रभु दत्त पाण्डेय, राम किशोर राजभर, पल्टू राजभर, राजेश सिंह, लक्ष्मी सिंह, अवध सिंह, देव दत्त यादव, विमला पाण्डेय, धर्मेन्द्र सिंह, सौम्या पाण्डेय, गरिमा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# 11वीं की छात्रा की गोली लगने से मौत



**कानपुर ।** गोली लगने से 11वीं की छात्रा की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। फायरिंग और फिर घर में चीख-पुकार सुन गांव के लोग पहुंचे। बिधनू थाने की पुलिस, फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉयड ने भी जांच की। पुलिस को घर से ही तमंचा और कारतूस मिल गए हैं। पुलिस ने पहले सुसाइड मानते हुए जांच शुरू की, मगर पिता, मां और भाई के घटना कैसे हुई, इस पर अलग-अलग बयान सामने आए। इसके बाद पुलिस ने घटना को ऑनर किलिंग मानते हुए जांच शुरू की है। बिधनू के जामू गांव में रहने वाले विनय सिंह चंदेल एक अधिवक्ता के यहां मुंशी हैं। 6 दिसंबर को करीब 11:30 बजे विनय सिंह चंदेल की बेटी श्रेया (16) की घर के भीतर ही संदिग्ध हालात में गोली लगने से मौत हो गई। परिवार के लोग बिधनू सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां पर जांच के बाद डॉक्टरों ने श्रेया को मृत घोषित कर दिया। संदेह होने के बाद पुलिस ने आस-पास रहने वाले लोगों के बयान दर्ज किए। सामने आया कि छात्रा की गांव के ही एक युवक से दोस्ती थी। जब उनका लव अफेयर खुलकर सामने आया, तब लड़की के पिता ने लड़के के परिवार पर दबाव बनाया। विवाद और झगड़ा भी हुआ। इसके बाद लड़के का परिवार औरैया शिफ्ट हो गया। करीब 4 महीने पहले परिवार फिर गांव लौट आया था। इसके बाद दोनों परिवारों के बीच एक बार फिर तनाव बढ़ गया। गांव के लोगों ने बताया कि अब एक बार फिर लड़का और लड़की मिलने लगे थे। पुलिस ऐसा मान रही है कि ये ऑनर किलिंग का मामला भी हो सकता है। परिवार के सदस्यों से अलग-अलग बयान दर्ज किए जाने लगे। इसमें जिस तरह मां ने घटना होना बताया, पिता के बयान उससे अलग थे। इस दौरान मौके पर साक्ष्य जुटाने फोरेंसिक टीम भी पहुंची और हत्यारे का पता लगाने के लिए डॉग स्क्वॉयड पहुंचा। डॉग कमरे और फिर बरामदा तक ही आ सका। उसका मूवमेंट घर के आस-पास ही रहा। इसके अतिरिक्त घर की दीवारों और छत पर किसी बाहर के अंदर आने के चिह्न नहीं मिले हैं। ऐसे में परिवार के सदस्यों पर ही पुलिस का शक है। इसके बाद परिवार से पूछताछ शुरू की गई। परिवार के सदस्यों के बदलते बयान पढ़िए।

बयान 1. मां रेखा ने कहा- बेटी श्रेया घर के बाहर कपड़े की दुकान पर बैठी थी। उन्होंने तेज आवाज सुनी और बाहर आकर देखा तो बेटी लहूलुहान हालत में थी।

बयान 2. पिता विनय सिंह चंदेल ने कहा- बेटी की तबियत ठीक नहीं होने के चलते पहली मंजिल पर अपने कमरे में थी। इस दौरान गोली लगने से उसकी मौत हुई है। इसके बाद उसे नीचे लाया गया है।

बयान 3. श्रेया का छोटा भाई रुद्र प्रताप ने कभी दुकान तो कभी घर के ऊपर बहन के होने के बयान देता रहा।

अलग-अलग बयान सामने आने के बाद फोरेंसिक टीम ने श्रेया के पिता और मां के हाथों को केमिकल से धोया। ताकि अगर गोली उनके हाथ से चली तो पता चल सके। इस जांच को स्वाब सैंपलिंग कहते हैं। पुलिस का प्रोसेस बढ़ता हुआ देखकर पिता ने गांव के ही महेंद्र सिंह, योगेश सिंह, रजोल सिंह, अनुराग सिंह समेत के खिलाफ तहरीर सौंप दी। लिखा - रंजिश के चलते मेरी बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी है। आरोप है कि बीते 1 दिसंबर को भी इन सभी आरोपियों ने विनय सिंह और उनके साथी अधिवक्ता विशाल वर्मा पर जानलेवा हमला करने की तहरीर दी थी। जिसकी पुलिस जांच कर रही है। डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने बताया- जांच के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया गया था। टीम ने पूरे घर की जांच की और एक-एक साक्ष्य जुटाया। पुलिस की टीमें जांच के दौरान मिले इनपुट के आधार पर काम कर रही हैं। मृतका का पोस्टमॉर्टम पूरी होने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पीलीभीत में कार खाई में गिरी, 6 की मौत



**पीलीभीत ।** बेकाबू अर्टिगा कार खाई में गिर गई। इसके बाद पेड़ से टकरा गई। टक्कर से पेड़ टूटकर कार पर गिर गया, जिससे कार सवार दब गए। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। 4 घायल हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार सवार बेटी की शादी के बाद चौथी देने उत्तराखंड से पीलीभीत आए थे। गुरुवार देर रात घर लौट रहे थे। न्यूरिया थाना क्षेत्र के पास हादसा हुआ। मरने वाले में लड़की के पिता-ससुर, बुआ-फूफा, भतीजा और ड्राइवर शामिल हैं। 4 दिसंबर को पीलीभीत के चंदोई गांव के अनवर का निकाह उत्तराखंड के खटीमा की हुस्ना बी से हुआ था। निकाह के अगले दिन यानी गुरुवार को लड़की के घरवाले चौथी लेने पीलीभीत आए थे। देर रात दुल्हन की चौथी देकर दो कार से घर लौट रहे थे। एक गाड़ी में दुल्हन, दुल्हन का भाई और अन्य रिश्तेदार थे। जबकि दूसरी गाड़ी अर्टिगा में दुल्हन के पिता-ससुर और अन्य लोग थे। दोनों गाड़ियां आगे-पीछे ही चल रही थी। न्यूरिया थाना क्षेत्र में अर्टिगा के ड्राइवर ने स्पीड तेज की और दुल्हन की गाड़ी को ओवरटेक किया। इसी दौरान गाड़ी अनियंत्रित हो गई। सड़क से 6 फीट नीचे खाई में उतर गई। नीचे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि पूरा पेड़ कार के ऊपर गिर गया। हादसा रात करीब 11 बजे हुआ। चीख-पुकार सुन आसपास के लोग जुट गए। तुरंत दुल्हन की गाड़ी के लोग भी मौके पर पहुंच गए। लेकिन, एक्सीडेंट में कार बुरी तरह पिचक गई थी। लोगों ने कार सवार लोगों को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन बाहर नहीं निकाल पाए। थोड़ी देर में पुलिस भी आ गई।

# भव्य कलशयात्रा के साथ शुरू हुआ गायत्री महायज्ञ



संवाददाता

कुशीनगर। फाजिलनगर के जूनियर हाईस्कूल के प्रांगण से भव्य कलशयात्रा से 108 कुण्डीय नारी शक्ति संवर्द्धन गायत्री महायज्ञ शुरू हुआ। शुक्रवार को कलश यात्रा के दौरान कन्याएं गायत्री माता की जय, भारत माता की जय, हम सुधरेंगे युग सुधरेगा, और युग निर्माण योजना सफल हो, ज्ञान यज्ञ की ज्योति जलाने हम घर घर में जाएंगे, हम बदलेंगे युग बदलेगा, युग निर्माण कैसे होगा, व्यक्ति के निर्माण से जैसे जयघोष करते हुए नगर के प्रमुख मार्गो से गुजरीं। शांतिकुंज हरिद्वार से आए परिव्राजक सुनील शर्मा ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य नारी शक्ति के प्रति जागरूकता फैलाना है। गायत्री परिवार के जिला संयोजक डा. डीएस तिवारी ने बताया कि यह कार्यक्रम युग निर्माण योजना के अंतर्गत महिलाओं के सम्मान और उनके सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। कलशयात्रा के पूर्व फाजिलनगर के नगर पंचायत अध्यक्ष शत्रुमर्दन शाही ने यज्ञस्थल पर सहयोगियों के साथ आकर आयोजकों को आश्वस्त किया कि यज्ञ के निमित्त हर सहयोग के लिए तत्पर हैं। मुख्य यजमान पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि पशुपतिनाथ जायसवाल, अवकाश प्राप्त सार्जेंट अभिमन्यु पांडेय, नंदलाल विद्रोही, परिव्राजक रामप्रताप , रामबीर नेगी, दिलथीर, देवी, विवेक प्रताप सिंह, बाबु सिंह, दिनेश जायसवाल, अतुल श्रीवास्तव, पारसनाथ सिंह, शिवशंकर सिंह त्रिवेणी सिंह, डा. राम एकबाल कुशवाहा, नरेन्द्र मिश्र, डा.हीरालाल श्रीवास्तव, हरदयाल मिश्र, परसन कुशवाहा, मुन्ना ऊर्फ शिवनारायण सिंह, कन्हैयालाल स्वर्णकार, नितीन बरनवाल, आमोद उपाध्याय, राम ग्रहण सिंह, द्रोपदी देवी, कंचन देवी, राजपति देवी निर्मला देवी, सिंधु बरनवाल, ऊषा देवी, प्रियंका सिंह, अंजु,अन्नू, पुष्पा सिंह उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### डिप्टी कमिश्नर ने मुसहर बस्ती व विद्यालय का किया निरीक्षण



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** कसया विकास खंड के ग्राम मैनपुर के दीनापट्टी मुसहर बस्ती एवं कम्पोजिट विद्यालय मैनपुर कोट का निरीक्षण डिप्टी कमिश्नर एनआर एल एम आर के मिश्र ने शुक्रवार को किया। उन्होंने आवास व पेंशन से वंचित पात्रों की सूची दो दिनों में बनाने का निर्देश दिया। डिप्टी कमिश्नर आरके मिश्र, बीडीओ कसया रवि रंजन के साथ सबसे पहले कम्पोजिट विद्यालय मैनपुर कोट पहुंचे। विद्यालय में कायाकल्प के तहत हुए कार्यों को देखा शौचालय एवं यूरिनल मरम्मत कराने हेतु सेक्रेटरी को कहा। इसके बाद नामांकन, उपस्थिति, पढाई, मिल रहे सरकारी योजनाओं की जानकारी ली। इसके बाद दीनापट्टी मुसहर बस्ती का निरीक्षण किया। मुसहर समुदाय के लोगों से आवास, पेंशन, शौचालय, राशन वितरण, पुष्टाहार वितरण आदि के विषय में पूछा। उन्होंने सेक्रेटरी को विभिन्न योजनाओं से वंचित पात्रों की सूची बनाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर बीडीओ कसया रवि रंजन, प्रधान प्रभुनाथ प्रसाद, सेक्रेटरी पवन कुमार गुप्ता, रणजीत सिंह, संजय यादव पीएन राय शुभम निगम, नेहा सिंह अर्चना, अखिलेश, अनिल आदि लोग उपस्थित रहे।

### एससी,एसटी के मामले में गुनाहगार को तीन साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ नौ हजार रुपये का जुमार्ना

संवाददाता



एडीजीसी- विजय सिंह

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के मौदहा में 8 अप्रैल 2006 में पीड़ित को कुल्हाड़ी और लाठी से मारकर जख्मी करने के साथ ही जाति सूचक शब्दों के इस्तेमाल के मामले में दर्ज हुये अ०सं०- 292/2006 धाराआ 324,325,308,323,504 आईपीसी सहित 3(1)10 एससी,एसटी के तहत अभियुक्त रामकृपाल पुत्र गिरधारीलाल तिवारी निवासी सिलौली थाना मौदहा के खिलाफ दर्ज हुये मामले में आपरेशन कन्विक्शन के तहत 5 दिसम्बर 2024 को हमीरपुर की एससी,एसटी अदालत के स्कालर जज सुशील कुमार खरवार ने धाराआ 324,323,504 भा0द0सं0 सहित 3(1)10 एससी,एसटी एक्ट में अभियुक्त रामकृपाल को गुनाहगार मानते हुये तीन साल की सख्त सजा के साथ ही नौ हजार रुपये का किया जुमार्ना, जबकि मामले की जांच तत्कालीन एस आई यदुनाथ सिंह ने पूरी कर अदालत में चार्जशीट सम्मिट की, वहीं इस मामले की अभियोजन की तरफ से अदालत में जोरदार पैरवी कर एडीजीसी विजय सिंह ने अभियुक्त रामकृपाल को तीन साल की सख्त सजा दिलवाने के साथ ही नौ हजार रुपये का जुमार्ना कराने में कामयाबी हासिल की।

### दुनिया को अमन, चैन, मोहब्बत का पैगाम देता है इस्लाम



संवाददाता

**कुशीनगर।** विकास खण्ड खड्डा के ग्राम नवल छपरा आबादकारी में हजरत मुफ्ती सद्दाम हुसैन बरकाती मिस्बाही के सदारत में एक विशाल जलसा बनाम जश्ने ईद मिलादुन्नबी व रस्में दस्तारबंदी का आयोजन किया। गया। मौलाना शब्बीर आलम मिस्बाही व मौलाना सदरे आलम मिस्बाही के रस्मे दस्तारबंदी का प्रोग्राम कारी अबुल हसन नूरी मदरसा कोहरगड्डी की तिलावत से आगाज हुआ। जिन लोगों की दस्तार 3 दिसंबर में जामिया अशरफिया मुबारकपुर से हुई। मुख्य मौलाना कमरुद्दीन साहब व मौलाना अब्दुल्लाह ने कहा कि मजहबे इस्लाम एक पाकीजा मजहब है, जो हमेशा अमन औरे सलामती का सन्देश देता है और दुनिया को मोहब्बत का पैगाम देता है। जलसे को मौलाना मुश्ताक आलम साहब ने सम्बोधित किया। इसके पूर्व नातिया कलाम का गुलदस्ता कारी शकील अहमद साहब छावनी, दिल जान फैजी ने नातिया कलाम का गुलदस्ता पेश किया। जलसे की सरपरस्ती मुफ्ती अब्दुससत्तार साहब ने किया। संचालन मौलाना व पत्रकार मसरूर रजवी द्वारा किया गया ' हजरत मौलाना सैयद नुमान के निगरानी में यह जलसा हुआ। हाफिज कैफ रजा, हाफिज अबरार रजा, व मदीन शमसुद्दीन मौजूद थे।

### पांच गुंडे किस्म के अपराधियों को दिखाया गया जिले के बाहर का रास्ता



संवाददाता

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की पुलिस कप्तान के निर्देशन में अपराध की रोकथाम और अपराधियों की। धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत जोरदार पैरवी के चलते हमीरपुर जिला मजिस्ट्रेट, अपर जिला मजिस्ट्रेट की अदालत ने सदर कोतवाली , राठ सहित थाना मुस्करा के गुण्डे किस्म के अपराधियों को हमीरपुर की सीमा से 6 महीने के लिये बाहर का रास्ता दिखा दिया है। जिले से छै महीने के लिये बाहर का रास्ता देखने वाले अपराधियों में खासतौर से जयचन्द्र पुत्र रामआसरे निषाद निवासी मुहाल डिग्गी डांडा कोतवाली सदर, जबकि अंशुल उर्फ राजेश मिश्रा पुत्र प्रकाश मिश्रा निवासी ग्राम धनौरा थाना राठ, जबकि विनोद कुमार पुत्रा हरिया वर्मा निवासी मेरापुर कोतवाली नगर, जबकि हरिओम पुत्र देवेन्द्र निवासी पहाड़ी भिटारी थाना मुस्करा सहित आंशू उर्फ इम्तियाज पुत्र बब्लू उर्फ शमशाद निवासी बिहुनी खुर्द थाना मुस्करा को छैः महीने के लिये जिले से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है, ताकि जिले में शान्ति बनी रहे और अपराधों पर कानून का शिकंजा कसा रहे।

# ओपेक देश जारी रखेंगे तेल कटौती मगर भारत पर नहीं होगा असर

### - अगले साल मार्च तक जारी रहेगी तेल की कटौती

**नई दिल्ली ।**

तेल उत्पादन और निर्यात करने वाले देशों के संगठन ओपेक प्लस ने कच्चे तेल के उत्पादन में मार्च 2025 तक चल रही कटौती में बनाए रखने का फैसला किया है। इस कटौती के कारण भारत पर कोई असर नहीं पड़ेगा। वैश्विक मांग में गिरावट और रूस से कच्चे तेल पर छूट के कारण भारत को किसी प्रकार की परेशानी की संभावना नहीं है। ओपेक प्लस देशों ने अपनी बैठक में उत्पादन में स्वैच्छिक कटौती जारी रखने पर सहमति दी है। इसके अनुसार चल रही 22 लाख बैरल प्रतिदिन की कटौती आगामी साल मार्च तक जारी रहेगी। इसके बाद सितंबर 2026 तक यह कटौती धीरे-धीरे घटाकर समाप्त हो जाएगी। अधिकारियों के अनुसार इस कटौती से भारत पर कोई प्रभाव नहीं होगा।



उनके अनुसार कटौती जारी रहने के बावजूद 2025 में मांग के मुकाबले 10 लाख बैरल रोजाना ज्यादा उत्पादन होगा। तेल की कीमतों में कमी की उम्मीद है। ओपेक प्लस 13 देशों का संगठन है जिसमें सऊदी अरब, ईरान, इराक, वेनुजुएला सहित अन्य देश शामिल हैं। ओपेक प्लस देशों के पास दुनिया भर के तेल उत्पादन का करीब 44 फीसदी और साबित तेल भंडार का 81.5 फीसदी हाथ में है। इस निर्णय से तेल बाजार में हलचल आ सकती है, लेकिन भारत को इसका सीधा प्रभाव नहीं पड़ेगा। मांग कम होने और गैर ओपेक स्रोतों से उत्पादन बढ़ने से अपेक्षित कीमतों में कमी हो सकती है। इससे तेल उत्पादकों के लिए चुनौतियां तो हो सकती हैं, लेकिन भारत को उन्हें स्वीकारने की तैयारी करनी चाहिए।

# बीमा योजनाएं: सार्वजनिक बैंकों के लिए संकट

### - जीवन ज्योति बीमा योजना के लिए लक्ष्य 4.1 करोड़ नामांकन, मगर हुआ 30 फीसदी नामांकन

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने विगत कुछ वर्षों से आम नागरिकों को बीमा की सुरक्षा देने के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) पर भरपूर जोर दिया है। ये योजनाएं आम जनता के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं लेकिन आंकड़ों के मुताबिक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में इन दोनों योजनाओं की हासिल करने में कई समस्याएं आ रही हैं। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए मिले आंकड़ों के मुताबिक सरकारी बैंकों ने सुरक्षा बीमा योजना के लिए तय किए गए 6.4 करोड़ के कुल नामांकन लक्ष्य में से बमुश्मिल 40 फीसदी ही हासिल किया था। जीवन ज्योति बीमा योजना के लिए सरकारी लक्ष्य 4.1 करोड़ नामांकन है मगर केवल 30 फीसदी नामांकन हुआ है। पीएमएसबीवाई योजना के तहत बैंक या पोस्ट ऑफिस खाता रखने वाले 18-70 वर्ष के व्यक्तियों को मृत्यु या विकलांगता की स्थिति में बीमा कवरेज की पेशकश की जाती है। इसे सबस्क्राइब करने के लिए 20 रुपये का सालाना





प्रीमियम देना होता है। पीएमजेजेबीवाई योजना में 18-50 वर्ष की उम्र के व्यक्तियों को किसी भी परिस्थिति में हुई मौत की स्थिति में बीमा कवरेज मिलती है, जिसके लिए उन्हें 436 रुपये का सालाना प्रीमियम चुकाना पड़ता है। सरकारी बैंकों में बैंक ऑफ इंडिया केवल 11 फीसदी नामांकन करने में सफल हुई है, जबकि अन्य बैंकों में इस हिसाब से भी कम नामांकन हुआ है। भारत में इन बीमा योजनाओं की कम हिस्सेदारी के बावजूद, बीमा क्षेत्र से जुड़े लोगों की संख्या में धीमी गति से वृद्धि हो रही है, जिसका संकेत यह समझा जा सकता है कि लोग इस महत्वपूर्ण सुरक्षा योजनाओं के महत्व को समझ रहे हैं। सरकार को इन बीमा योजनाओं को सफल बनाने के लिए अधिक प्रचार और जन संचार की आवश्यकता है ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का उपयोग कर सकें और उनकी सुरक्षा में समर्थ हो सकें।

# कंपनी जगत द्वारा कर्मचारियों को कम वेतन देना आत्मघाती हो सकता है: नागेश्वरन

### - उपभोक्ता मांग पर पड़ सकता है प्रतिकूल प्रभाव

**नई दिल्ली ।**

वित्त मंत्रालय के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि भारतीय कंपनी जगत द्वारा कर्मचारियों को अपेक्षाकृत कम वेतन देना आत्मघाती हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसका उपभोक्ता मांग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। विश्लेषकों ने जुलाई-सितंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात तिमाही में सबसे कम 5.4 फीसदी रहने के पीछे शहरी क्षेत्रों में कम वेतन वृद्धि को एक प्रमुख कारण बताया था और नागेश्वर ने इसी संदर्भ में यह टिप्पणी की। एसोचैम के एक कार्यक्रम में नागेश्वरन ने कहा कि वित्त वर्ष 2024 में कारोबारी जगत का मुनाफा 15 साल में सबसे अधिक 4.8 फीसदी रहा था। उन्होंने कहा कि सूचीबद्ध निजी कंपनियों की कर्मचारी लागत घट रही है। कंपनियों ने मुनाफे का इस्तेमाल अपना कर्ज घटाने में किया है। लेकिन अब पूंजी निर्माण के साथ रोजगार वृद्धि के सही तालमेल का समय आ गया है। इसके बिना कंपनियों के उत्पादों के लिए अर्थव्यवस्था में पर्याप्त मांग नहीं आएगी। दूसरे शब्दों में कर्मचारियों को पर्याप्त वेतन भुगतान नहीं होने से अंततः कारोबारी जगत को ही नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि सरकार अर्थव्यवस्था में रोजगार सृजन करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है। जीडीपी आंकड़ों पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के एक विश्लेषक की रिपोर्ट में कहा गया है कि शहरी मांग में तेजी नहीं आने से निजी खपत वृद्धि नरम रही। रिपोर्ट में कहा गया कि खपत मांग में कमी कंपनियों की लाभ वृद्धि में गिरावट के साथ ही शहरी वेतन वृद्धि में मंदी को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2024 की दूसरी छमाही में शहरी मांग में नरमी आनी शुरू हुई थी और शहरी क्षेत्रों में वेतन वृद्धि भी कम रही थी। यह रुझान वित्त वर्ष 2025 में भी जारी रह सकता क्योंकि कंपनियों की मुनाफा वृद्धि घटी है। सितंबर तिमाही में कम जीडीपी वृद्धि के बारे में नागेश्वरन ने कहा कि इन आंकड़ों में मौसमी प्रभाव को शामिल नहीं किया गया था और बाद में वृद्धि दर के आंकड़े को संशोधित कर बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष 6.5 से 7 फीसदी वृद्धि दर का अनुमान अभी भी हासिल किया जा सकता है।

# भारत ने दोपहिया वाहनों की बिक्री ने स्थापित किया कीर्तिमान

**नई दिल्ली ।**

साल 2023 में भारत ने दोपहिया वाहनों की बिक्री में चीन को पीछे छोड़ दिया। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) के आंकड़ों के अनुसार, 2023 में चीन में 16.6 मिलियन यूनिट दोपहिया वाहन बेचे गए, जबकि भारत में यह आंकड़ा 17.10 मिलियन तक पहुंच गया।

यह सफलता ग्रामीण खपत में तेजी और एंट्री-लेवल निर्माताओं की ग्रामीण इलाकों में बढ़ती पहुंच का परिणाम है। भारत सरकार की उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना ने ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट्स क्षेत्र में भारी निवेश को प्रोत्साहित किया है। इस योजना के तहत एडवांस्ड ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी (एएटी) उत्पादों के घरेलू निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 25,938 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया है। केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने बताया कि योजना के तहत पांच टू-व्हीलर ओईएम को मंजूरी दी गई है। इलेक्ट्रिक वाहनों की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए भी सरकार ने कई कदम उठाए हैं। एडवांस केमिस्ट्री सेल (एसीसी) के निर्माण के लिए 18,100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिसमें 50 गीगावाट घंटे की बैटरी उत्पादन क्षमता स्थापित करने का लक्ष्य है। इसके अलावा, 15 मार्च, 2023 को इलेक्ट्रिक पैसेंजर कार मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक नई योजना अधिसूचित की गई, जिसमें 15 प्रतिशत की कम सीमा शुल्क पर पूरी तरह से निर्मित इकाइयों के आयात की अनुमति दी गई।

केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी ने बताया कि 28 नवंबर तक, पीएलआई-ऑटो योजना के तहत 82 आवेदकों को मंजूरी दी गई है। ये आवेदक देशभर में मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं और अनुसंधान केंद्रों की स्थापना में जुटे हैं। एएटी दोपहिया वाहन इस योजना के तहत निर्धारित बिक्री मूल्य पर 13 से 18 प्रतिशत तक के प्रोत्साहन के पात्र हैं।

# आरबीआई ने प्रवासी भारतीयों की विदेशी मुद्रा जमा पर ब्याज दरें बढ़ाईं

### नया नियम 31 मार्च तक ही लागू रहेगा

**मुंबई ।**

भारतीय रिजर्व बैंक ने अनिवासी भारतीयों की विदेशी मुद्रा जमाओं पर ब्याज दर सीमा बढ़ाने का ऐलान किया। इस प्रस्ताव के पीछे का कारण है रुपये के मुकाबले डॉलर के अधिकतम निचले स्तर पर पहुंचना। रिजर्व बैंक के गवर्नर ने घोषणा की कि विदेशी मुद्रा अनिवासी बैंक जमाओं पर ब्याज दर की सीमा को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। अब बैंकों को नए एफसीएनआर (बी) जमाओं के लिए नई व्यावसायिक अवधि प्रदान की गई है, जिसमें एआरआर दर बढ़कर चार प्रतिशत पर होगी। यह उनके लिए एक अच्छा वैकल्पिक संदर्भ दर हो सकता है, जो तीन से पांच वर्ष की अवधि वाली जमाओं को लेकर प्लस पांच प्रतिशत दर पर जुटा सकते हैं। आरबीआई के गवर्नर ने इस नए नियम को 31 मार्च तक ही लागू रहने की स्पष्ट जानकारी भी दी। इस समय रुपये में अस्थिरता को कम करने के लिए रिजर्व बैंक विवेकपूर्ण दृष्टिकोण बनाए रखने का प्रयास कर रहा है। विदेशी मुद्रा-खुदरा मंच के माध्यम से भारत कनेक्ट को बढ़ाने की भी घोषणा करते हुए, गवर्नर ने कहा कि विदेशी मुद्रा के मूल्य में अधिक पारदर्शिता और निष्पक्षता के इरादे से सीसीआईएल ने 2019 में एफएक्स-रिटेल मंच का पेशकश किया था। जो अब भारत कनेक्ट के अंतर्गत एनपीसीआई भारत कनेक्ट द्वारा संचालित हो सकता है।



## रुपया बढ़त पर बंद

**नई दिल्ली ।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया दो पैसे की बढ़त के साथ ही 84.69 पर बंद हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में सात पैसे मजबूत होकर 84.64 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। वहीं विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी के ताजा प्रवाह ने निवेशकों की धारणा को समर्थन दिया। हालांकि घरेलू बाजारों में सुस्त प्रवृत्ति ने रुपये पर दबाव डालने का काम किया। इसके अलावा निवेशकों को आरबीआई की मौद्रिक नीति का भी इंतजार है। इस नीति में मुद्रास्फीति और आर्थिक वृद्धि के बीच संतुलन साधने की कोशिश की जा सकती है। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.66 प्रति डॉलर पर खुला और सीमित दायरे में कारोबार करता हुआ 84.64 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, ये पिछले बंद भाव से सात पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया गुरुवार को 84.71 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 फीसदी की बढ़त के साथ ही 105.78 पर रहा।





## टॉरेंट पावर ने क्यूआईपी से जुटाए 3,500 करोड़

### - कंपनी की चुकता शेयर पूंजी 480.62 करोड़ से बढ़कर 503.90 करोड़ हुई

**नई दिल्ली ।** बिजली कंपनी टॉरेंट पावर ने पात्र संस्थागत आवंटन (क्यूआईपी) के जरिये 1,503 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 2.32 करोड़ शेयर जारी कर 3,500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस निर्गम में शेयरों के आवंटन के हिसाब से कंपनी की चुकता शेयर पूंजी 480.62 करोड़ रुपये से बढ़कर 503.90 करोड़ रुपये हो गई है। इसमें 10 रुपये प्रति शेयर के 48,06,16,784 शेयर शामिल हैं। निदेशक मंडल की कोष जुटाने वाली समिति ने गुरुवार को अपनी बैठक में पात्र संस्थागत खरीदारों को 1,503 रुपये प्रति शेयर (1,493 रुपये प्रति शेयर के प्रीमियम सहित) के निर्गम मूल्य पर 2,32,86,759 शेयरों के निर्गम एवं आवंटन को मंजूरी दी थी। इस तरह कुल राशि करीब 3500 करोड़ रुपये बैठती है। कंपनी ने पहले कहा था कि उसके बिजली उत्पादन, वितरण कारोबार और चालू परियोजनाओं के उन्नयन एवं विस्तार के लिए कार्यशील पूंजी और पूंजीगत व्यय की निरंतर जरूरत है।


## सुरक्षा डायग्नोस्टिक के शेयर 437 रुपये प्रति शेयर पर हुए लिस्ट

### निवेशकों को नहीं हुआ फायदा

**नई दिल्ली।** सुरक्षा डायग्नोस्टिक के आईपीओ की शेयर बाजार में फीकी एंट्री हुई। बीएसई पर सुरक्षा डायग्नोस्टिक के शेयर 437 रुपये प्रति शेयर पर लिस्ट हुए, जो 0.90 प्रतिशत का डिस्काउंट दर्शाता है। कंपनी का आईपीओ का प्राइस बैंड 441 रुपये तय किया गया था। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर सुरक्षा डायग्नोस्टिक के शेयर प्राइस बैंड की तुलना में 0.68 प्रतिशत के डिस्काउंट के साथ 438 रुपये पर लिस्ट हुए। 846.25 करोड़ रुपये के इस पब्लिक ऑफर का प्राइस बैंड 420-441 रुपये प्रति शेयर रखा गया था। इसमें 34 शेयरों का एक लॉट था। आईपीओ में कुल 1,70,65,280 शेयरों के लिए बोलियां आईं, जबकि ऑफर में 1,34,32,533 शेयर थे। इस तरह यह आईपीओ 1.27 गुना सब्सक्राइब हुआ। क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स ने इश्यू को सबसे ज्यादा 1.74 गुना, नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स ने 1.41 गुना सब्सक्राइब और रिटेल निवेशकों ने 0.95 प्रतिशत सब्सक्राइब किया था। सुरक्षा डायग्नोस्टिक की स्थापना 2005 में हुई थी और इसका हेडक्वार्टर कोलकाता में है। यह कंपनी पश्चिम बंगाल, बिहार, असम और मेघालय सहित भारत के कई क्षेत्रों में इंटीग्रेटेड डायग्नोस्टिक सेवाएं प्रदान करती है। इसमें पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी और विशेष डायग्नोस्टिक सॉल्यूशन शामिल हैं।

## रुपे क्रेडिट कार्ड के जरिए लेनदेन में जबरदस्त उछाल

**नई दिल्ली ।** यूपीआई से जुड़े रुपे क्रेडिट कार्ड के जरिए लेनदेन में वित्त वर्ष 2024 के पहले सात महीनों में जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया है। अप्रैल से अक्टूबर 2024 तक 63,825.8 करोड़ रुपये के कुल 750 मिलियन लेनदेन हुए। वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष 2024 की समान अवधि की तुलना में दोगुने से भी अधिक है, जब कुल 33,439.24 करोड़ रुपये के 362.8 मिलियन लेनदेन दर्ज किए गए थे। यूपीआई से जुड़े रुपे क्रेडिट कार्ड की सुविधा सितंबर 2022 में शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना और यूपीआई उपयोगकर्ताओं को क्रेडिट लेनदेन का एक आसान विकल्प प्रदान करना है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने संसद में बताया कि सरकार ने टियर-2 और उससे नीचे के क्षेत्रों में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं। रुपे क्रेडिट कार्ड पर यूपीआई का जुड़ना इन्हीं पहलों का हिस्सा है। सरकार ने छोटे व्यापारियों को राहत देते हुए 2,000 रुपये तक के लेनदेन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) और इंटरचेंज शुल्क को शून्य कर दिया है। इससे छोटे और मध्यम व्यापारियों के लिए डिजिटल भुगतान को बढ़ावा मिलेगा।





## नवंबर के दूसरे पखवाड़े में विदेशी निवेशक बने शुद्ध खरीदार

### - भारतीय शेयर बाजार में 809 करोड़ रुपए का निवेश किया

**नई दिल्ली ।** एक रिपोर्ट के अनुसार नवंबर की दूसरी छमाही में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में 809 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इसके मुकाबले, पहली छमाही में इन निवेशकों ने 22,400 करोड़ रुपए से अधिक की निकासी की थी। इस छमाही में वित्तीय सेवाओं और आईटी शेयरों में निवेश किया गया था, जबकि तेल और गैस तथा ऑटो शेयरों से मुख्य रूप से निर्वाह किया गया था। वित्तीय सेवाओं के शेयरों में 9,597 करोड़ रुपए की खरीद हुई, जबकि आईटी शेयरों में 2,429 करोड़ रुपए की बिक्री हुई। तेल और गैस शेयरों में 6,132 करोड़ रुपए की बिक्री हुई। अमेरिकी अर्थव्यवस्था के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के कारण, आईटी में निवेश किया गया। बैंकिंग शेयरों में भी वृद्धि हुई थी। विशेषज्ञों के अनुसार एफपीआई ने वित्तीय क्षेत्र में 28.94 प्रतिशत निवेश किया, जबकि आईटी में 9.9 प्रतिशत निवेश किया। इसमें एफएमसीजी, रियल्टी और कैपिटल गुड्स शेयरों में भी बड़ी खरीदारी की गई। इस रिपोर्ट के साथ विदेशी निवेशकों का अपने निवेश धाराओं में बदलाव करने की उम्मीद की जा रही है, जो भारतीय बाजारों के लिए एक सकारात्मक संकेत हो सकता है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुए। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले-जुले संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रीपो रेट को लगातार 11वीं बार 6.5 फीसदी पर स्थिर रखने के बाद बाजार में ये गिरावट आई है। वहीं इससे पहले लगातार पांच कारोबार सत्र में बाजार बढ़त पर बंद हुआ था। आज कारोबार के दौरान एचडीएफ़सी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस के शेयरों में गिरावट रही।

दिन भर के बारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 56.74 अंक करीब 0.07 फीसदी नीचे आकर 81,709.12 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 30.60 अंक करीब 0.12 फीसदी की हल्की गिरावट के साथ ही 24,677.80 अंक पर बंद हुआ।



आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स का शेयर सबसे ज्यादा नीचे आकर बंद हुआ। इसके अलावा एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व, अल्ट्रा सीमेंट, एचडीएफ़सी बैंक, कोटक बैंक, स्टेट बैंक के शेयरों में गिरावट रही। वहीं टाटा मोटर्स का शेयर 3 फीसदी से ज्यादा ऊपर आया। साथ ही एक्सिस बैंक, मारुति सुजुकी, आईटीसी, टाटा स्टील, एलएंडटी, टाइटन, जेएसडब्ल्यू स्टील, नेस्ले इंडिया के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। बाजार जानकारों के अनुसार आरबीआई के तरलता की स्थिति को आसान बनाने के लिए बैंकों के कैश रिजर्व रेश्यो यानी सीआरआर (सीआआर) को 4.5 से घटाकर 4 फीसदी किये जाने से भी बैंक स्टॉक्स नीचे आये। इसके अलावा इंडेक्स में हैवी वेटेज रखने वाले एचडीएफ़सी बैंक , रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस के शेयरों में गिरावट नीचे आया। वहीं गत दिवस बाजार बढ़त पर बंद हुआ था।

इसके पहले आज सुबह बाजार मिलेजुले रुख के साथ खुले। सेंसेक्स जहां 100 अंक से अधिक चढ़कर खुला वहीं निफ्टी बढ़त पर खुलने के बाद गिरावट पर पहुंच गया। सेंसेक्स 100 से ज्यादा अंक चढ़कर 81,887.54 अंक पर खुला। निफ्टी भी मामूली बढ़त के साथ 24,729.45 अंक पर खुला। हालांकि बाजार खुलने के कुछ ही देर में दोनों इंडेक्स गिरावट में आ गये।

# भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयर में जोरदार तेजी

### - भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर के लिए 340 रुपए का टारगेट प्राइस बताया गया

**मुंबई ।**

देश की एक सरकारी कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयरों में जोरदार तेजी देखने को मिले रही है। यह कंपनी ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) बनाती है और इसके शेयर फिलहाल 314 रुपये के स्तर पर है, जो 340 रुपये तक जा सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार स्टॉक मार्केट के टेक्निकल एक्सपर्ट ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयर के लिए 340 रुपये का टारगेट प्राइस बताया है। एक टेक्निकल एनालिस्ट की माने तो यह शेयर अगले 3-4 सप्ताह में 340 रुपये के लेवल को टच कर सकता है। इसके लिए टेक्निकल चार्ट और प्राइस एक्शन भी समर्थन दे रहे हैं। इसके अलावा सरकार के डिफेंस सेक्टर में लिए गए फैसले से डिफेंस सेक्टर के शेयरों में भी अच्छी तेजी देखने को मिल रही है। उन्होंने बताया कि डिफेंस एक्विजिशन कॉउंसिल ने डिफेंस सेक्टर से जुड़े 21772 करोड़ रुपये की पांच योजनाओं को मंजूरी दी है, जिसके चलते सेक्टर में उत्साह देखा जा रहा है। इस रौनक के संग भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयर भी उछाल दिखा रहे हैं। टेक्निकल एक्सपर्ट ने 12 सप्ताह के कंसोलिडेशन के बाद इसे वीकली चार्ट पर ब्रेकआउट कहा है, जिससे उनकी सुझाव से इसमें





बड़ी तेजी की संभावना बनी है। एक इक्विटी डेरिवेटिव टेक्निकल एनालिस्ट ने इस शेयर के लिए भी अच्छी खबर दी है। उन्होंने बताया कि इसके करंट टेक्निकल सेटअप के आधार पर यह 340 रुपये के स्तर तक जा सकता है, साथ ही 293 रुपये के स्टॉप लॉस के साथ खरीदने की सलाह दी है। इस तेजी के दौरान भारतीय शेयर बाजार में उत्साह और उम्मीद की लहर छाई है।

भविष्य में भी इस कंपनी के शेयर में और तेजी की संभावना है और निवेशकों के लिए यह एक अच्छा मौका हो सकता है।

## आरबीआई अब किसानों को बिना गारंटी के देगा दो लाख रुपये तक कर्ज

### किसानों को मिलेगी बड़ी राहत

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने महंगाई से प्रभावित किसानों को सहायता प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। आरबीआई ने गारंटी के बिना अब किसानों के लिए दो लाख रुपये तक का कर्ज उपलब्ध कराने की घोषणा की है। गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बताया कि मुद्रास्फीति और कृषि में उपयोग होने वाले कच्चे माल की लागत में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए सीमा को 1.6 लाख रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दिया गया है। यह निर्णय किसानों के लिए बड़ी राहत होगी और उन्हें वित्तीय मदद पहुंचाने में सहायक होगा। इस निर्णय से छोटे और सीमांत किसानों का बढ़ेगा वित्तीय संस्थानों से कर्ज लेने का दायरा। यह उन्हें अधिक पूंजी प्राप्त करने में मदद करेगा और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार लाएगा। आरबीआई ने इस मौद्रिक नीति समीक्षा के संदर्भ में जल्द ही परिपत्र जारी करने का भी ऐलान किया है। यह कदम भारतीय किसानों के लिए ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।



# CHO परीक्षा फर्जीवाड़े में लिए बदला गया ऑपरेटिंग सिस्टम

## अभ्यर्थियों के कंप्यूटर में इंस्टॉल कराया एमी एडमिन-एनी डेस्क सॉफ्टवेयर

**पटना।** कम्युनिटी हेल्थ अफसर (सीएचओ) की परीक्षा में फर्जीवाड़ा में हर दिन नए खुलासे हो रहे हैं। हजारों फर्जी बहाली करा कर 100 करोड़ से अधिक की अवैध कमाई करने की साजिश परीक्षा माफियाओं ने एजेंसी वी-शाइन के साथ मिलकर रची थी। वी-शाइन को ही हेल्थ अफसर बहाली की ऑनलाइन परीक्षा कराने का जिम्मा दिया गया था। गिरफ़्तार केंद्र के मालिक और आईटी मैनेजर से पूछताछ में यह बात आई कि सी का निरीक्षण विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम के बजाय नेटबूट ऑपरेटिंग सिस्टम पर किया गया।पूछताछ में आईटी मैनेजर ने पुलिस से कहा कि कंप्यूटर पर नेटबूट ऑपरेटिंग सिस्टम में कोई अन्य सॉफ्टवेयर शामिल नहीं हो सकता है। लेकिन विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम से परीक्षा की देखभाल सुरक्षित नहीं है। इस मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। ईओय की टीम माफिया रवि भूषण, प्रतीक, आशुतोष रंजन, अतुल प्रभाकर, आदित्य कुमार, निखिल कुमार, रवि शंकर, हिमांशु सिंह, हैप्पी, अंकिश गौतम को तलाश रही है। इसके अलावा पुलिस को वी-शाइन कंपनी के स्थानीय अधिकारियों की भी तलाश है। पुलिस की टीम पटना, नालंदा के साथ साथ कई इलाके में छापेमारी कर रही है। ईओयू अबतक 36 जालसाजों को जेल भेज चुकी है। इनमें से पांच-छह जालसाजों को रिमांड पर लेगी। इनमें सेंटर मालिक और आईटी मैनेजर शामिल हैं। जांच कर रही टीम को सॉल्वर पॉइंट की जानकारी



मिल गई है। भागवतनगर के एक फ्लैट में ही रवि भूषण ने सॉल्वर पॉइंट बनवाया था। यहां एक दर्जन से अधिक स्कॉलर बैठे हुए थे और अभ्यर्थियों के कम्प्यूटर को रिमोट पर लेकर प्रश्न सॉल्व कर रहे थे। लेकिन जैसे ही पुलिस की कार्रवाई शुरू हुई सभी फरार हो गए। 3 मीटिंग पेपर लीक की रची गई साजिश लीक मामले की शुरूआत कराने वाली पहली मीटिंग वी शाइन टेक प्राइवेट लिमिटेड के मालिक और बड़े परीक्षा माफिया रवि भूषण के बीच दिल्ली में हुई। दूसरी मुलाकात अगमकुआं थाना क्षेत्र स्थित भागवत नगर के अयोध्या ऑनलाइन कोचिंग संस्थान में हुई। यह कोचिंग संस्थान परीक्षा माफिया रवि भूषण के नाम से है। संचालन भी खुद करता है। फिलहाल ईओयू ने इसे सील कर दिया है।इस मुलाकात में वी शाइन टेक के सह मालिक, रवि भूषण और आदित्य के साथ दो अलग-अलग ऑनलाइन परीक्षा सेंटर के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। आदित्य रवि भूषण का करीबी है। तीसरी मुलाकात आदित्य के भगवत नगर स्थित फ्लैट पर हुई थी। आदित्य नालंदा का रहने वाला है। पटना में फ्लैट लेकर अपने सहयोगी आशीष रंजन के साथ रहता है। इस मुलाकात में साजिश का पूरा प्लान तैयार कर लिया गया था। इसमें वी शाइन के 2 प्रतिनिधि, रवि भूषण, आदित्य, आदित्य का रूम पार्टनर आशीष रंजन, वायर ऑनलाइन एग्जाम सेंटर के मालिक, निताय इंफोटेक के प्रतिनिधि और एकम इवोलेशन सेंटर के मालिक शामिल हुए।

### 5 आरोपियों को रिमांड पर लेने की तैयारी

ईओयू अब तक 37 जालसाजों को जेल भेज चुकी है। इसमें से पांच-छह आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। इसमें सेंटर मालिक और आईटी मैनेजर शामिल हैं। अब तक की जांच में प्रमुखता से 5 लोगों की संलिप्तता सामने आ रही है। जांच एजेंसी को लगता है कि इनके पास बहुत सी जानकारियां मौजूद है। जो इस मामले का उद्भेदन करा सकती है।

# बक्सर में खेत में हार्वेस्टर लाने पर हुआ था विवाद



**बक्सर।** के गोपालपुर में दो पक्षों के मारपीट में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को पहले इटाढी उसके बाद बेहतर इलाज के लिए बक्सर सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। सदर अस्पताल में भर्ती घायलों ने बताया कि उनके ऊपर लाठी, डंडा, तलवार और गड़ासा से हमला किया गया है। जिसने उन्हें मारा है वह अपने आप को रंगबाज कहता है। हालांकि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। एक पक्ष मिले आवेदन पर आगे की कार्रवाई में लगी हुई है। घटना इटाढ़ी थाना क्षेत्र के गोपालपुर का है। इटाढी थानाध्यक्ष ने बताया कि यह मारपीट धान के खेत में हार्वेस्टर घुसाने को लेकर हुआ है।गेरुआ बांध निवासी दया यादव ने बताया कि हार्वेस्टर से धान कटवाने के बाद संतोष यादव पैसा नहीं दे रहा था, ऊपर से 50 हजार की रंगदारी मांग रहा था। मुझे मारने लगा तो हमने आवाज दिया तो मेरे मामा और लड़का पहुंचा। जिनपर उसके अन्य भाईयों से लाठी-डंडे और तलवार से हमला कर दिया गया। इस हमले में रमाशंकर यादव, दया यादव,दुर्गेश यादव गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जांच में जुटी पुलिस इटाढी थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने कि गोपालपुर में दो पक्ष में मारपीट हुई है।

# लोकगीतों से गूंज उठी मिथिला की गलियां

**बेगूसराय।** मिथिलांचल के दक्षिणी प्रवेश द्वार पर माधुर्य वैष्णव भक्ति के परिचायक विश्वनाथ मंदिर बीहट में गुरुवार की देर रात प्रभु श्रीराम और माता जानकी के विवाह की रस्म पूरा करने के साथ ही अलौकिक एवं अद्वितीय 93वां श्री जानकी विवाह महोत्सव की तीसरी कड़ी पूरी हो गई। इस बेमिसाल विवाह महोत्सव को देखने-सुनने के लिए बीहट स्थित विश्वनाथ मंदिर के प्रांगण में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं, देर रात विवाह की प्रक्रिया संपन्न होने तक ठंड में भी लोग डटे रहे तथा पूरा इलाका मैथिली विवाह, भक्ति और लोकगीतों से गुंजायमान होता रहा। विवाह की रस्म पूरी कराए जाने से पहले पूरे विधि-विधान से दूल्हा बने अयोध्या से आए राम रुपी बालक को मौड़ी पहनाया गया। इसके बाद बैंड-बाजे के साथ मंदिर के अवध द्वार से भगवान श्रीराम की



बारात निकाली गई तथा नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान जगह-जगह पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवृष्टि करने के साथ आरती उतारकर दूल्हे का स्वागत किया। नगर भ्रमण के बाद बारात के जानकी द्वार पर पहुंचते ही लोगों ने जोरदार स्वागत किया गया। जहां कि परिछन के बाद विवाह मंडप के बाहर दूल्हा बने भगवान श्रीराम की आरती उतारी गई तथा उसके बाद द्वार पूजा किया गया।इस दौरान दूल्हे से सखियों की हंसी-ठिठौली देख लोग काफी आनंदित हो रहे थे। उसके बाद आदर के साथ ले जाकर उन्हें विवाह मंडप के आसन पर विराजमान कराया गया तथा माता जानकी को भी विवाह मंडप में लाया गया। यहां नाखून काटने से लेकर कन्यादान की सभी रस्में पूरे विधि विधान के साथ पूरी की गई तथा सिया ने रघुवर और रघुवर ने सिया को वरमाला पहनाई। इसके बाद विवाह की सभी रस्में वैदिक मंत्रोच्चार एवं मिथिला के पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ संपन्न कराया गया। जहां कि पीठासीन आचार्य राजकिशोर शरण ने जनक के रूप में कन्या दान का विधान पूरा किया। पीठासीन आचार्य राजकिशोर शरण ने बताया कि सिय रनिवास का जानकी महोत्सव वैष्णव माधुर्य भक्ति की पराकाष्ठा एवं महान श्रृंगार का उच्चतम ही नहीं, बल्कि अनिवर्चनीय रस है। आध्यात्मिक गुरु की कृपा से परब्रह्म के अलौकिक विवाह महोत्सव में शामिल होने का सौभाग्य मिलता है। मिथिला ने परब्रह्म श्रीराम को दामाद रूप में अपनाकर सबके लिए पाहुन बना दिया। पाहुन भाव से परम ब्रह्म की आराधना से श्रीराम से शाश्वत संबंध जुड़ता है। सबसे बड़ी बात है कि यहां ना सिर्फ विवाह का महोत्सव मनाया जाता है। बल्कि वैष्णव माधुर्य भक्ति के परिचायक विश्वनाथ मंदिर बीहट में बेटी की शादी की तरह मिथिला परंपरा के अनुसार सभी रस्म निभाए जाते हैं। अवध (अयोध्या) से आए श्रीराम के स्वरूप दूल्हा से मिथिलांचल की बेटियां हास-परिहास करती है

# शराब की होम डिलीवरी के लिए जा रहे दो गिरफ्तार

## प्लास्टिक की थैली से 7 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद

**जमुई।** के सोनो थाना क्षेत्र में उत्पाद पुलिस ने फोन कॉल पर बाइक से होम डिलीवरी करने जा रहे दो युवकों को रंगेहाथ धर दबोचा। जिसका वीडियो भी सामने आया है। जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो दो दिन पूर्व का बताया जाता है। कस्टमर के डिमांड पर शराब की होम डिलीवरी करने के आरोप में उत्पाद पुलिस ने दो युवक को गिरफ्तार किया है। इनके पास से प्लास्टिक के थैले से लगभग 7 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान राजा कुमार पिता पप्पू बरनवाल और सचिन कुमार पिता संजय बरनवाल सोनो थाना क्षेत्र के सारेबाद इलाके के रूप में हुई है। बताया जाता है कि दोनों युवक दोस्त है और पढ़ाई भी साथ में ही करते है। जानिए क्या था पूरा मामला जमुई उत्पाद पुलिस का बाइक सवार दो युवक से पूछताछ



का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो के आधार पर होम डिलीवरी करने जा रहे हैं दोनों युवक ने बताया कि यह साबेजोर का इलाका है। बाइक पर बैठे दोनों युवक ने बारी बारी से पुलिस को अपने बारे में बताया। पुलिस ने इस दौरान बाइक के नंबर की भी जांच की, डिलीवरी बॉय ने बताया कि सारेबाद इलाके से सबेजोर आए थे। पुलिस ने जब प्लास्टिक के थैले को खोलकर दिखाने को कहा तो, पुलिस के होश ही उड़ गए, प्लास्टिक के थैले में लगभग 7 बोतल अंग्रेजी शराब मिले। पुलिस ने पूछा कि शराब को लेकर कहां जा रहे थे, तो दोनों ने बताया कि सबेजोर जाना था।

तभी पुलिस के सामने ही दोनों युवक ने यह भी कहा कि राकेश नाम के आदमी ने कॉल किया वही मंगवाये थे।

मुझे क्या पता भरोसा पर आकर दिए,वही पकड़वा दिए। उत्पाद पुलिस के गिरफ़्त में आने के बाद दोनों युवक ने कहा कि दारू बेचते नहीं है पहुंचाते हैं,

एक दोस्त ने बोला था पहुंचना के लिए। शराब की होम डिलीवरी के लिए जा रहे थे उत्पाद अधीक्षक सुभाष कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई उत्पाद पुलिस के द्वारा सोनो थाना क्षेत्र इलाके में की गई थी।

दो युवक को शराब की होम डिलीवरी किए जाने के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

इसके जरिए पुलिस मुख्य शराब तस्करों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि जो वीडियो सामने आया है,वह दो दिन पूर्व का बताया जाता है।

# 50 हजार का इनामी कुख्यात गया में गिरफ्तार




**गया।** में अपराध पर शिकंजा कसने के लिए एसएसएपी के निर्देश पर लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस ने जिले के टॉप-10 अपराधियों में शामिल और 50,000 रुपए के इनामी कुख्यात अपराधी कृष्णा यादव को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अपराधी की गिरफ्तारी बेलागंज के बेला बाजार से की गई है। वह पंचानपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि पंचानपुर थाना क्षेत्र के बाली गांव का रहने वाले कृष्णा यादव पर कई संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। टिकारी थाना क्षेत्र में 2020 में हुए एक हत्याकांड में उसकी भूमिका पाई गई थी। लंबे समय से फरार इस अपराधी की गिरफ्तारी के लिए गया पुलिस ने तकनीकी और पारंपरिक तरीके से सूचना जुटा रही थी। इस बीच सूचना मिली कि कृष्णा यादव बेला बाजार में मौजूद है। पुलिस ने तुरंत वहां छापेमारी की। छापेमारी के दौरान, पुलिस को देख कृष्णा यादव भागने लगा। लेकिन पुलिस टीम ने सशस्त्र बल की मदद से उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान स्वीकार कर ली। कुख्यात के खिलाफ मामलों की फेहरिस्त कृष्णा यादव पर हत्या, फायरिंग और लूट समेत कई गंभीर मामले दर्ज हैं। 2020 के एक हत्याकांड में उसने फायरिंग कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी।

## संक्षिप्त डायरी

### फोन से बात करते कुएं में गिरा युवक, मौत



**मुंगेर।** के हवेली खड़गपुर प्रखंड के शिवपुर लोगांय गांव में एक 25 वर्षीय की गुरुवार शाम कुएं में गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान संजय शर्मा के बेटे शशि शर्मा (25) के रूप में हुई है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि मृतक अपने एक रिश्तेदार के साथ मंदारे गांव के सौतारी टोला गया था। जहां वह कुएं के मुंडेर पर बैठकर मोबाइल पर बात कर रहा था। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह कुएं में गिर पड़ा। उसके साथ गए रिश्तेदार ने तुरंत घटना की सूचना मृतक के परिवार को दी। जिसके बाद परिजन और ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद शशि को कुएं से बाहर निकाला। उसे खड़गपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टर प्रदीप कुमार ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद घटना की जानकारी परिजनों ने शामपुर थाना पुलिस को दी। फर्नीचर बनाने का काम करता था मृतक परिजनों ने बताया कि 8 दिन पहले ही शशि की शादी हुई थी। वह तीन भाइयों और दो बहनों में सबसे बड़ा था और फर्नीचर बनाने का काम करता था। पिता संजय शर्मा बढ़ई का काम करते हैं। इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम छा गया है।

### नदी पार कर रहे अधेड़ की डूबने से मौत



**मधेपुरा।** के आलमनगर थाना क्षेत्र बसनबाड़ा में नदी में डूबने से एक अधेड़ की मौत हो गई। घटना गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे की है। देर शाम में मृतक का शव नदी से बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान बसनबाड़ा वार्ड चार निवासी कमलेश्वरी ऋषिदेव के बेटे दिलो ऋषिदेव (41) के रूप में हुई। घास लेकर नदी पार कर रहा थे उनके भाई राजो ऋषिदेव ने बताया कि गुरुवार को दिलो ऋषिदेव से घास लेकर नदी पार कर रहा था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया। काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर उसकी खोजबीन शुरू की गई। देर शाम में उसे नदी से बाहर निकाला गया। घटना की सूचना आलमनगर सीओ और थाना को दी गई। मौके पर पहुंची थाने की पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मधेपुरा सदस्य अस्पताल भेज दिया। इधर मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वह अपने घर में अकेले कमाने वाला सदस्य था। मदद का दिया आश्वासन आलमनगर सीओ ने परिजनों को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार सरकारी सहायता उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया है।

### रेलवे ट्रैक पर मिली शख्स की सेमी न्यूड बॉडी

**मुजफ्फरपुर।** में संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर एक शख्स की सेमी न्यूड बॉडी मिली। शख्स के शरीर, पैर और चेहरे पर चाकूओं से वार के निशान मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि कही और शख्स के साथ मारपीट कर हत्या की गई और लाश को हाजीपुर-मुजफ्फरपुर रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गया। घटना सदर थाना क्षेत्र के डाउनलाइन भगवानपुर पुल के पास की है। मृतक की उम्र करीब 25 से 26 साल बताई जा रही है। उसके शरीर पर सिर्फ अंडर गारमेंट मिला है। स्थानीय लोगों ने भी उसे पहचानने से इनकार किया है। फिलहाल, पुलिस मामले की पड़ताल और शख्स की शिनाख्त की कोशिश में जुटी है। पुलिस के मुताबिक, शख्स के शरीर पर चाकुओं से वार के निशान मिले हैं। उसकी शिनाख्त न हो, इसलिए अपराधियों ने उसके चेहरे को भी बिगाड़ दिया है।

# पटना: में महिला प्रिंसिपल से 3.10 लाख की छिनतई



**पटना।** के राजवंशी नगर में निजी स्कूल की महिला प्रिंसिपल से 3.10 लाख की छिनतई हुई है। सब्जी खरीदते समय बाइक सवार 2 बदमाश रुपयों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। पीड़िता ने सचिवालय थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पति के साथ जा रही थी घर पीड़िता निकिता रितेश ने बताया कि गुरुवार को शाम के समय पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास राजभवन की दीवार से सटे एक दुकान से मशरूम खरीद रही थी। इस दौरान बाइक सवार 2 युवक मेरा बैग छीनकर भाग गए। पहचान छिपाने के लिए दोनों ने हेलमेट पहन रखा था। बैग में 3 लाख 10 हजार रुपए कैश और साइन किया हुआ चेक बुक था। मेरे पास 1 लाख 35 हजार रुपए पहले से थे। बोरिंग कैनाल रोड स्थित केनरा बैंक की शाखा से 1 लाख 75 हजार रुपए विड्रोल किया था। बैग में ही सारे रुपए रखकर पति के साथ घर जा रही थी। सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है सीडीपीओ डॉक्टर अनु कुमारी ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# 100 की स्पीड से चल रही टियागो डिवाइडर से टकराई

## बेगूसराय में 2 फाइनेंस कर्मी की मौत दो घायल: चारों एक ही कंपनी के थे एम्प्लॉय








**बेगूसराय।** में NH -28 पर गुरुवार की देर रात सड़क हादसे में दो फाइनेंस कर्मी की मौत हो गई। जबकि हादसे में दो युवक घायल भी हो गए, जिन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना बछवाड़ा थाना क्षेत्र में चिरंजीवीपुर के पास की है। बताया गया कि 100 की स्पीड में कार चल रही थी।

NH पर जहां से डिवाइडर शुरू होता है, वहीं हादसा हुआ है। आशंका जताई जा रही कि गाड़ी बीचों-बीच चल रही होगा, अचानक डिवाइडर शुरू हो जाने का उनको अंदाजा नहीं रहा, जिसके कारण हादसा हो गया। घटना के बाद वाहन के परखच्चे उड़ गए।

दो लोगों की ऑन स्पॉट डेथ हो गई। मृतक की पहचान मुजफ्फरपुर जिला के अखाड़ा घाट से शेखपुर निवासी अजीत सिंह के बेटे रवि कुमार (45) और बेगूसराय जिले के बलिया थाना क्षेत्र स्थित रहाटपुर निवासी सुबोध सिंह के बेटे आशीष कुमार (29) के रूप में की गई है। घायल राहुल कुमार वैशाली के महुआ तथा निरंजन सिंह धनबाद के निवासी हैं। दोनों घायल को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चारों एक निजी फाइनेंस कंपनी में काम करते थे। बेगूसराय जिला मुख्यालय के विष्णुपुर में किराए के मकान में रहते थे।गुरुवार को मार्केट विजिट के लिए फोर व्हीलर टाटा टियागो से समस्तीपुर के सरायरंजन गए थे। रात में वहां से वापस लौटने के दौरान तेज रफ्तार कार चिरंजीवीपुर के पास डिवाइडर से टकरा गई।

जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े। कार का शीशा तोड़कर चारों को बाहर निकाला फिर स्थानीय थाना की पुलिस को सूचना दी।

इसके बाद चारों को वहां से उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टरों ने आशीष कुमार और रवि कुमार को मृत घोषित कर दिया।

वहीं, घायल राहुल कुमार, निरंजन सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर रहने के कारण हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। फिलहाल घटना के बाद रहाटपुर निवासी आशीष के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं, मृतक रवि तथा घायलों के परिजन को सूचना दिया गया है। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि समस्तीपुर की ओर से आ रही गाड़ी डिवाइडर से टकराकर बुरी तरह से दुर्घटना हो गई।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची।

हादसे में दो युवक मौत हो गई, वहीं दो युवक घायल हो गए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



# अनिल कपूर ने पूरा किया 'सूबेदार' का शेड्यूल

बॉलीवुड अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्म 'सूबेदार' का शेड्यूल पूरा कर लिया है। इस फिल्म में वह मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। सोमवार को अभिनेता ने सोशल मीडिया पर सेट से कई बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं।
अनिल कपूर ने लिखा भावुक नोट
अभिनेता ने बीटीएस तस्वीरों के साथ एक नोट भी लिखा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, सपनों से हकीकत तक, दृष्टि से निर्माण तक, 'सूबेदार' समर्पण और दिल से आकार लेता है! शेड्यूल पूरा हो गया है, लेकिन जादू अभी शुरू हो रहा है। टीम, जुनून और यात्रा के लिए आभारी हूं।

### क्या है फिल्म की कहानी?

'सूबेदार' की अर्जुन मौर्य अनिल कपूर द्वारा अभिनीत के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक पूर्व सैनिक है। अनिल कपूर का किरदार जैसे-जैसे वह व्यक्तिगत और सामाजिक चुनौतियों का सामना करता है, उसे अपनी बेटी श्यामा के साथ अपने तनावपूर्ण संबंधों को सुधारना होगा। कभी देश के लिए लड़ने वाले एक सैनिक सूबेदार को अब अपने घर और परिवार की रक्षा के लिए अंदर के दुश्मनों से लड़ना पड़ता है।
फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया है और इसका निर्माण विक्रम मल्होत्रा, अनिल कपूर और त्रिवेणी ने मिलकर किया है। फिल्म का प्रीमियर प्राइम वीडियो पर होगा।

### अनिल कपूर का वर्क फंट

अनिल कपूर के आगामी कार्यों की बात करें तो उनकी पाइपलाइन में पास 'वॉर 2' है, जिसमें वह ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ नजर आएंगे। अभिनेता के पास यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स फिल्म अल्फा' भी है, जिसमें वह आलिया भट्ट के साथ स्क्रीन साझा करेंगे।



फिल्म जेलर के गाने कवाला से लेकर स्त्री 2 के आज की रात तक में अपनी अदाओं और डांस मूव्स से हर किसी को झूमने पर मजबूर करने वाली ऐक्ट्रेस तमन्ना भाटिया इन दिनों चर्चा में हैं, अपनी फिल्म सिकंदर का मुकद्दर को लेकर। नीरज पांडे निर्देशित इस फिल्म में तमन्ना एक ऐसी सिंगल मदर बनी हैं जो हीरों की चोरी के आरोप में फंस जाती है।

# डांस ऐसा करो कि दूसरे नाचने पर मजबूर हो जाए

**फिल्म मुकद्दर का सिकंदर का से जुड़ने की खास वजह क्या रही? कैसा अनुभव रहा?**

यह फिल्म करने की सबसे बड़ी वजह ये रही कि मुझे नीरज सर की फिल्में हमेशा से बहुत पसंद रही हैं। उनकी फिल्मों में जिस तरह बहुत ही आम लोगों की कहानी होती है, जो बहुत ही अजीब परिस्थिति में पड़ जाते हैं और फिर उन हालातों से वे कैसे जूझते और निकलते हैं, वो मुझे बहुत अच्छा लगता है। मुझे लगता है कि ये उनकी एक थीम है तो जब मैंने ये स्क्रिप्ट पढ़ी तो मुझे लगा कि यह एक अलग दुनिया है और हिंदी फिल्मों में निश्चित तौर पर लोगों ने मुझे अब तक ऐसे रोल में नहीं देखा है। फिर, यह साल बहुत ही दिलचस्प रहा है, क्योंकि बहुत अलग-अलग किस्म की फिल्में आई हैं। ऐसे में, इस तरह की फिल्म के लिए यह एक बेहतरीन समय है। यह एक तेज रफ्तार की हीस्ट थ्रिलर है। आप जैसे-जैसे इन किरदारों की जिंदगी को समझने लगते हैं, उनसे जुड़ते जाते हैं, तो मेरे लिए कुल मिलाकर यह एक बहुत अच्छा अनुभव रहा।

**इन दिनों हर तरफ आपके डांस नंबर्स का जलवा है, वो फिर कवाला हो या आज की रात, हर कोई इन पर झूम रहा है। आपके लिए डांस क्या है?**

डांस से मेरा रिश्ता बहुत ही दिलचस्प रहा है, क्योंकि मैंने डांस सीखा नहीं है। मैं ट्रेंड डांसर नहीं रही हूं। मैं कभी डांस स्कूल नहीं गई। मैंने सेट पर ही डांस सीखा है तो मैं अपने डांस का श्रेय उन सभी कोरियोग्राफर्स को देना चाहूंगी, जिनसे मैंने सीखा। प्रभु देवा सर, राज सुंदरम सर, प्रेम रक्षित सर, वृंदा मैम और साउथ के बहुत सारे कोरियोग्राफर्स ही मेरे टीचर रहे हैं। उन्होंने मुझे फिल्म डांस समझने में काफी मदद की, क्योंकि फिल्म डांस बाकी से काफी अलग होता है। मेरा मानना है कि डांस शो ऑफ करने की चीज नहीं है कि मैं ये मुश्किल स्टेप कर सकती हूं। डांस ऐसा होना चाहिए कि उसे देखकर दूसरे का मन भी नाचने के लिए मचल जाए। मेरी कोशिश कभी ये नहीं होती कि देखो, मैं कितने मुश्किल स्टेप कर सकती हूं, मेरी कोशिश यही रहती है कि जब कोई मेरी ओर देखे और उसे मेरे अंदर की मस्ती या कोई एक्सप्रेशन पसंद आ जाए और उनका मन भी डांस करने का कर जाए और शायद इसीलिए लोग उससे कनेक्ट करते हैं।

# विक्रांत मैसी के सिनेमा से ब्रेक पर बोले हर्षवर्धन राणे



विक्रांत मौसी ने सोमवार को अपने फिल्मी करियर से ब्रेक लेने की घोषणा की है। सोशल मीडिया पर की इस घोषणा के बाद विक्रांत मैसी चर्चा में आ गए हैं। विक्रांत को विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वी फेल से पहचान मिली, इन दिनों वे द साबरमती रिपोर्ट में नजर आ रहे हैं। विक्रांत के इस एलान के बाद लोग तरह- तरह के कयास लगा रहे हैं। खबरों की मानें तो लोग विक्रांत मैसी के करियर को लेकर चर्चा कर रहे हैं, कहीं ये पीआर स्टंट तो नही है।
ये एक अस्थायी ब्रेक हो सकता है। ये हमेशा का रिटायरमेंट है या नहीं इसे लेकर संशय बना हुआ है। ये किसी अन्य प्रोजेक्ट को लेकर कोई रणनीति तो नहीं है। इसको लेकर विक्रांत मैसी के सह कलाकार हर्ष वर्धन राणे ने कुछ बातें रखी हैं। हर्षवर्धन राणे ने कहा कि ये पीआर एक्टिविटी हो सकती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विक्रांत बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान की तरह फिल्में बनाना शुरू कर देंगे। हर्षवर्धन ने कहा विक्रांत सुलझे हुए और स्पष्ट व्यक्ति हैं। विक्रांत मैसी के काम के तरीके का मैं हमेशा सम्मान करता हूं। मैं आशा करता हूं कि यह किसी फिल्म निर्माता द्वारा उन पर थोपी गई कोई पीआर गतिविधि हो।

# बॉयफ्रेंड एंटनी के साथ दो वेडिंग सेरेमनी करेंगी कीर्ति सुरेश



कुछ दिन पहले अभिनेत्री कीर्ति सुरेश अपने माता-पिता के साथ आंध्र प्रदेश के तिरुपति में स्थिति श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर पहुंची थी। यहां उन्होंने भगवान का आशीर्वाद लिया। जब वह मंदिर के बाहर आई तो उन्होंने मीडिया को बताया कि वह अपनी अगली फिल्म की सफलता के लिए भगवान का आशीर्वाद लेने आई, साथ ही दिसंबर महीने में उनकी गोवा में शादी है। इस तरह से कीर्ति सुरेश ने अपनी होने वाली शादी की बात को कंफर्म कर दिया था। अब खबर है कि वह दो तरह से शादी करेंगी यानी फैंस को उनकी दो वेडिंग सेरेमनी देखने को मिलेंगी।

### हिंदू-क्रिशियन वेडिंग होगी

कीर्ति धर्म से हिंदू हैं और एंटनी क्रिशियन, यही कारण है कि दोनों अपने-अपने धर्मों के रीति-रिवाज से शादी करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार 12 दिसंबर 2024 को दोनों शादी के बंधन में बंध जाएंगे। सुबह हिंदू रीति से शादी होगी और उसी दिन शाम को क्रिशियन रीति से कीर्ति और एंटनी शादी करेंगे। इस तरह से कीर्ति के फैंस को उनकी दो वेडिंग सेरेमनी देखने को मिल सकती हैं। वह दो तरह के दुल्हन के गेटअप में नजर आएंगी। कीर्ति सुरेश बॉयफ्रेंड एंटनी को लगभग 15 साल से डेट कर रही हैं। उन्होंने अब तक अपने रिश्ते को दुनिया के सामने जाहिर नहीं किया। कुछ दिन पहले ही एंटनी के साथ उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली जिसमें अपने इतने लंबे साथ की बात को बयां किया था। अब इन दोनों के प्यार को मंजिल मिल गई, दोनों दिसंबर में गोवा में शादी कर रहे हैं। कीर्ति सुरेश एक तरफ अपनी शादी में व्यस्त हैं। वहीं वह अपनी आने वाली फिल्म बेबी जॉन को लेकर भी उत्साहित हैं। इस फिल्म में वह अभिनेता वरुण धवन की पत्नी के रोल में नजर आएंगी। वरुण धवन के साथ काम करने के एक्सपीरियंस को वह यादगार भी बताती हैं।





# शादी के बाद शोबिज को अलविदा कह देंगी शोभिता धुलिपाला? नागा चैतन्य ने बताई सच्चाई



नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला के वेडिंग फंक्शन जोरो-शोरों से जारी हैं। कुछ सालों की डेटिंग के बाद नागा और शोभिता ने शादी कर हमेशा साथ रहने का फैसला कर लिया है। इसी कड़ी में नागा ने अपने हालिया इंटरव्यू में शादी को लेकर बात की। इस दौरान उन्होंने उस सवाल का भी जवाब दिया जो सभी प्रशंसकों के मन में है कि क्या शोभिता अपनी शादी के

### नागा ने दी प्रतिकिया

इंटरव्यू के दौरान जब नागा चैतन्य से पूछा गया कि क्या शोभिता उनकी तरह फिल्मों में अपना करियर जारी रखेंगी, तो बिना किसी हिचकिचाहट के नागा ने कहा, हां, बिल्कुल। अभिनेता ने अपने कबूलनामे के बाद हर प्रशंसक के संदेह को दूर कर दिया और नेटिजन्स यह सुनकर खुश होंगे कि इतने प्रभावशाली फिल्मी परिवार में शादी के बाद भी उन्हें शोभिता की जादुई स्क्रीन उपस्थिति का अनुभव मिलेगा। उसी इंटरव्यू में नागा चैतन्य ने शोभिता धुलिपाला के परिवार के बारे में भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा, प्रत्येक तेलुगु घराने की तरह, शोभिता का परिवार भी बहुत सम्मानित और प्यारा है। मेरे साथ बेटे की तरह व्यवहार किया जाता है। नागा चैतन्य ने आगे कहा, शुरू से ही बहुत आराम और कई चीजें समान रही हैं। शोभिता एक पारिवारिक लड़की हैं, और हमारे पास सब कुछ है उन्होंने कुछ त्यौहार भी एक साथ मनाए, मुझे यकीन है कि समय के साथ हमारा बंधन और भी मजबूत होगा।

### नागा-शोभिता का वर्कफंट

नागा चैतन्य का अगला प्रोजेक्ट थंडेल है, जो 7 फरवरी, 2025 को रिलीज होने वाला है। एक अनटाइटल्ड प्रोजेक्ट भी है जिसका वह हिस्सा हैं। दूसरी ओर, शोभिता को आखिरी बार लव, सितारा और एमी-नामांकित शो द नाइट मैनेजर में देखा गया था।



# शिवाजी महाराज की भूमिका निभाएंगे कांतारा फेम ऋषभ शेट्टी

कंतारा स्टार ऋषभ शेट्टी ने निर्देशक संदीप सिंह की आगामी ऐतिहासिक ड्रामा द प्राइड ऑफ भारत- छत्रपति शिवाजी महाराज में छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका निभाएंगे। फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया जा चुका है, जिसमें शिवाजी महाराज के किरदार में ऋषभ शेट्टी को देखकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। भारतीय राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता अभिनेता ऋषभ शेट्टी ने इस ऐतिहासिक फिल्म द प्राइड ऑफ भारत- छत्रपति शिवाजी महाराज में छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का पहला पोस्टर कुछ ही देर पहले ऋषभ शेट्टी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया है, जिसे लेकर कंतारा स्टार ऋषभ के प्रशंसक बेहद खुश और उत्साहित हैं।
बतौर निर्देशक संदीप की ये दूसरी फिल्म है। ऋषभ ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर साझा किया और लिखा, हमारा सम्मान और विशेषाधिकार, भारत के महानतम योद्धा राजा - भारत के गौरव की महाकाव्य गाथा प्रस्तुत है। इसके साथ ही ऋषभ ने बताया कि फिल्म 21 जनवरी 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी

### शिवाजी की बायोपिक

शिवाजी की बायोपिक निर्देशक के तौर पर यह संदीप की पहली फीचर फिल्म होगी। इस प्रोडक्शन में महान योद्धा राजा की कहानी को पर्दे पर लाने के लिए अंतरराष्ट्रीय तकनीकी और बेहतरीन ग्रॉफिक्स का इस्तेमाल किया जाएगा। ऋषभ शेट्टी निर्देशक संदीप की फिल्म द प्राइड ऑफ भारत- छत्रपति शिवाजी महाराज में छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका में नजर आएंगे। ऋषभ शेट्टी ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका निभाना शब्दों से परे सम्मान की बात है। वे एक राष्ट्रीय नायक हैं जिनका प्रभाव इतिहास से परे है और मुझे उनकी कहानी को स्क्रीन पर लाने में बहुत गर्व महसूस होगा।

### फिल्म को लेकर संदीप सिंह का बयान

संदीप सिंह ने टोरंटो टाइटल, बॉक्सिंग बायोपिक मैरी कॉम में उन्होंने सह-निर्माता के रूप में काम किया। इसके अलावा संदीप ने अलीगढ़ और स्लम सॉकर फिल्म झुंड सहित कई फिल्मों का निर्माण किया है। संदीप ने बायोपिक पीएम नरेंद्र मोदी और बायोपिक मैं अटल हूं और स्वातंत्र्य वीर सावरकर का निर्माण किया है। संदीप सिंह ने कहा, ऋषभ शेट्टी इस भूमिका के लिए मेरी पहली और एकमात्र पसंद थे। ऋषभ वाकई में छत्रपति शिवाजी महाराज की ताकत, भावना और वीरता का प्रतीक हैं। यह फिल्म कई सालों से मेरा सपना रही है और इस कहानी को सिल्वर स्क्रीन पर लाना मेरे लिए सौभाग्य और सम्मान की बात है।

# फिल्म जी ले जरा को लेकर प्रियंका चोपड़ा ने तोड़ी चुप्पी

फरहान अख्तर ने साल 2021 में फिल्म जी ले जरा का एलान किया था। उन्होंने यह भी साझा किया था कि फिल्म में आलिया भट्ट और कैटरीना कैफ मुख्य भूमिका में होंगी। इतना ही नही प्रियंका चोपड़ा भी जी ले जरा का हिस्सा हैं। हालांकि, एलान के बाद से फिल्म पर कोई बड़ा अपडेट सामने नहीं आया है। वहीं, अब इस पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रियंका ने कहा, आपको इस बारे में एक्सेल एंटरटेनमेंट से बात करनी होगी। प्रियंका ने बॉलीवुड में अपनी वापसी का संकेत देते हुए खुलासा किया कि वह फिल्म निर्माताओं से मिल रही हैं और स्क्रिप्ट पढ़ रही हैं।



# स्टार्क ने भारतीय टीम को 180 पर समेटा, ऑस्ट्रेलिया ने एक विकेट पर 86 रन बनाये


**एडिलेड (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क की घातक गेंदबाजी से भारतीय टीम यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में टिक नहीं पायी और अपनी पहली पारी में 180 रनों पर ही आउट हो गयी। मेजबान ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्टार्क ने 48 रन देकर छह विकेट लिए। इसके बाद बल्लेबाजी करते हुए मेजबान टीम ने पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय तक अपनी पहली पारी में एक विकेट पर 86 रन बनाये। स्टंप्स के समय मैकस्वीनी 97 गेंदों में 38 रन और लाबुशेन 67 गेंदों में 20 रन बनाकर क्रीज पर थे। इस मैच में भारत की ओर से एकमात्र विकेट जसप्रीत बुमराह ने लिया उन्होंने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को आउट किया। ख्वाजा ने 35 गेंदों में 13 रन बनाये। नेथन मैकस्वीनी और मार्नस लाबुशेन ने इसके बाद संभल कर खेलते हुए ऑस्ट्रेलिया को स्टंप्स तक कोई और नुकसान नहीं होने दिया। इस प्रकार मेजबान टीम इस मैच में हावी नजर आ रही है।

इससे पहले आज दिन-रात के इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल पहली ही गेंद पर आउट हो गये। ोस्टार्क ने 48 रन देकर 6 विकेट लिए जबकि स्कॉट बोलैंड और कप्तान पैट कमिंस ने 2-2 विकेट लिए। भारत की तरफ से नितीश कुमार रेड्डी ने सबसे अधिक 42 रन बनाए। वहीं लोकेश राहुल ने 37 जबकि शुभमन गिल ने 31 रन की बनाये।

युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी मिशेल स्टार्क का शिकार हुए। इसके बाद केएल राहुल भी स्टार्क की गेंद पर आउट हो गये। उन्होंने 64 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 37 रन बनाए। स्टार्क ने तीसरा विकेट विराट कोहली का लिया। विराट 7 रन पर ही आउट हो गये। इसके बाद स्कॉट बोलैंड ने शुभमन गिल को पेवेलियन भेज दिया। गिल 51 गेंदों पर 5 चौकों की मदद से 31 रन बना पाये। लंच के बाद बोलैंड ने रोहित शर्मा को आउट किया। रोहित केवल 3 रन ही बना पाये। ऋषभ पंत 35 गेंदों पर मात्र 21 रन ही बना पाये और बड़ी पारी खेलने में असफल रहे। वह पैट कमिंस की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद आर अश्विन (22) और हर्षित राणा (0) पर आउट हुए। राणा ने बुमराह के साथ पारी को आगे बढ़ाने का प्रयास किया पर बुमराह (0) पर ही कमिंस की गेंद पर कैच आउट हो गये। वहीं मोहम्मद सिराज ने नाबाद 4 रन बनाये।



# '7 से 10 किलो वजन कम करें' : पूर्व चयनकर्ता ने पृथ्वी शॉ के लिए भेजा 'पूरी तरह से बदलाव का संदेश'



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पृथ्वी शॉ निश्चित रूप से अपने क्रिकेट करियर के सबसे कठिन दौर से गुजर रहे हैं। अगला सचिन तेंदुलकर कहे जाने वाले दाएं हाथ के बल्लेबाज को पिछले महीने सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में कोई खरीदार नहीं मिला। शॉ को आईपीएल नीलामी में 75 लाख रुपए के बेस प्राइस पर अनसोल्ड रहने से पहले मुंबई की रणजी ट्रॉफी टीम से भी बाहर कर दिया गया था। 2018 अंडर-19 विश्व कप विजेता कप्तान को बड़े प्लेयर के रूप में देखा जा रहा था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में हुई घटनाओं ने उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम के विचार से बाहर कर दिया है। वह वर्तमान में चल रही सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई के लिए खेल रहे हैं, लेकिन अपने खेल से अब तक प्रभावित करने में विफल रहे हैं। पूर्व बीसीसीआई चयनकर्ता जतिन परांजपे को लगता है कि युवा खिलाड़ी को 'अपनी मानसिक सोच में पूरी तरह बदलाव' की जरूरत है। परांजपे ने अपने कॉलम में इस बाबत अपनी राय साझा की। परांजपे ने यह भी बताया कि शॉ को फिट होने के लिए कुछ वजन कम करने की जरूरत है। पूर्व बीसीसीआई चयनकर्ता ने कहा, 'अगर मैं पृथ्वी होता, तो मैं जल्दी से मूल्यांकन करता और निष्कर्ष निकालता कि फिटनेस एक बड़ी कमी है। इसके बिना क्रिकेट में उसका भविष्य अनिश्चित है। मैं इस पहलू पर जोर दूंगा, अगर वह ताकत खोए बिना 7 से 10 किलोग्राम वजन कम कर सकता है, तो यह एक महत्वपूर्ण शुरुआत होगी।'

उन्होंने कहा, 'अगर मैं उनकी जगह होता, तो मैं रामजी श्रीनिवासन के साथ चेन्नई में 10 दिन बिताता और अगले दो या तीन साल पूरी तरह से इस बदलाव के लिए समर्पित कर देता। अगले 45 से 60 दिनों में नतीजे दिखने शुरू हो जाएंगे।' परांजपे ने आगे कहा कि शॉ को स्पिन के खिलाफ अपने खेल में सुधार करने की जरूरत है और सुनिश्चित करना होगा कि वह आसानी से अपना विकेट न गंवाएं। उन्होंने कहा, 'चलिए कौशल वाले हिस्से पर आते हैं। मैंने अक्सर उनसे कहा है कि वह अपने विकेट के साथ बहुत उदार दिखते हैं, खासकर स्पिनरों के खिलाफ। भारत में लगभग हर घरेलू स्पिनर उन्हें आउट करने में कामयाब रहा है। उन्हें स्पिन के खिलाफ अपने खेल का पुनर्मूल्यांकन करने की जरूरत है।'

# 6 विकेट लेकर बोले मिशेल स्टार्क- आज ऐसा लग रहा था कि गेंद...



**एडिलेड (एजेंसी)।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का दिन-रात के टेस्ट मैचों में गुलाबी कूकाबुरा गेंद से शानदार प्रदर्शन जारी है। स्टार्क ने एडिलेड के मैदान पर भारतीय टीम के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले ही दिन 14.1 ओवर में 6-48 के आंकड़े दिए। स्टार्क की इस गेंदबाजी के कारण भारतीय टीम पहले ही दिन 180 रन पर आऊट हो गई। छह मिमी घास वाली पिच पर स्टार्क ने खेल की पहली ही गेंद पर यशस्वी जयसवाल को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया था। ऐसा होते ही लोगों को 2021 में गाबा के मैदान पर स्टार्क द्वारा इसी तरह आऊट किए गए रोबी बर्न्स याद आ गए। इसके बाद उन्होंने केएल राहुल को आउट करने के लिए डबल स्ट्राइक की और रविचंद्रन अश्विन, हर्षित राणा और नितीश कुमार रेड्डी को आउट करने से पहले विराट कोहली का भी विकेट लिया।

स्टार्क ने डिनर ब्रेक के दौरान प्रसारकों से कहा कि वास्तव में गेम दर गेम कुछ भी नहीं बदलता है, यह एक अच्छी शुरुआत थी। मुझे नहीं पता। मैं बता नहीं सकता। ऐसा महसूस हो रहा है कि गेंद अच्छी तरह से बाहर आ रही है; हमने उतना बुरा नहीं खेला; उन्होंने पर्थ में हमसे बेहतर खेला। स्टार्क के घातक स्पैल के कारण भारतीय टीम गुलाबी गेंद वाले टेस्ट में पहले दिन पकड़ बनाने में नाकामयाब रही। स्टार्क अब पिंक टेस्ट में सबसे अधिक पांच विकेट लेने का कारनामा कर चुके हैं। उन्होंने अपने प्रदर्शन पर कहा कि निश्चित रूप से आज उतनी मदद नहीं मिली। यह (गुलाबी गेंद) अजीब पैच से गुजरती है, ज्यादा कुछ नहीं करती। पहले दिन आप उम्मीद करते हैं कि थोड़ी सी घास के साथ ऐसा किया जाएगा। थोड़ा सा, हो सकता है कि हमारे अनुमान के अनुसार यह बाद में थोड़ा सूख जाए लेकिन पहले घंटे के अलावा जब हम थोड़े चौड़े थे तो हम अच्छे थे।

# अंडर 19 एशिया कप क्रिकेट : वैभव की आक्रमक पारी से भारतीय टीम ने श्रीलंका को हराया , बांग्लादेश से होगा फाइनल

**शारजाह (एजेंसी)।** वैभव सूयवंशी की आक्रामक पारी से भारतीय अंडर 19 टीम एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गयी है। भारतीय टीम ने दूसरे सेमीफाइनल मैच में श्रीलंका को सात विकेट से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनायी। इस मुकाबले में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम को जीत के लिए 174 रन का लक्ष्य दिया जिसे भारतीय टीम ने 21.4 ओवर में ही प्राप्त कर लिया1

श्रीलंका की ओर से पारी की शुरुआत करते हुए दुलनिथ सिगेरा और पुलिंदु परेरा 2 और 6 रन ही बना पाये। वहीं तीसरे नंबर पर आए शरुजन ने 42 रन बनाये। अलावा लैकविन अभयसिंघे ने 69 रनों की पारी खेली। इन दोनों की शानदार पारी की सहायता से श्रीलंका की टीम ने 173 रन बनाये। भारतीय टीम की ओर से चेतन शर्मा ने सबसे अधिक 3 जबकि आयुष महात्रे और किरण चोरमल ने 2-2 विकेट लिए।

इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए वैभव के 67 रनों की सहायता से भारतीय टीम ने 21.4 ओवर में ही मुकाबला जीत लिया। इसके अलावा आयुष ने 28 गेंदों में 34 रन बनाए। . वैभव ने अपनी पारी में 6 चौके और 5 छक्के मारे। वहीं आद्रि सिद्धार्थ ने 24 गेंदों में 20 रन बनाए। वहीं एक अन्य सेमीफाइनल में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया। पाक अंडर 19 ने 116 रन बनाये और इस लक्ष्य को बांग्लादेश अंडर-19 टीम ने 3 विकेट पर 120 रन बनाकर हासिल कर लिया। ऐसे में अब 8 दिसंबर को दुबई में होने वाले खिताब मुकाबले में भारतीय टीम का मुकाबला बांग्लादेश से होगा।



## यशस्वी को मैच की पहली ही गेंद पर आउट कर स्टार्क ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

एडीलेड । भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली ही गेंद पर आउट हो गये । यशस्वी को मिचेल स्टार्क ने आउट किया । इससे यशस्वी जायसवाल गोल्डन डक होने वाले क्लब में शामिल हो गये । दिन-रात के इस मैच मे भारतीय टीम की शुरुआत यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने की । मैच की पहली ही गेंद का सामना करने में यशस्वी विफल रहे और स्टार्क ने एक विश्व रिकार्ड बना लिया । इसी के साथ ही मिचेल स्टार्क ने पहली ही गेंद पर सबसे अधिक विकेट लेने के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की है । इस प्रकार स्टार्क ने टेस्ट करियर में तीसरी बार मैच की पहली ही गेंद पर विकेट लिया है । वहीं उनसे पहले केवल वेस्टइंडीज के पेड्रो कॉलिंस के नाम ही ये उपलधि है । इसके अलावा भारतीय टीम के महान ऑलराउंडर कपिल देव के नाम टेस्ट करियर में अपनी पहली ही गेंद पर 2 बार विकेट लेने का रिकार्ड है । कपिल के अलावा रिचर्ड हैडली, ज्योफ अर्नॉल्ड और सुरंगा लकमल ने भी दो बार पहली ही गेंद पर विकेट लिए हैं ।




## 36 साल के हुए रविन्द्र जडेजा

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा 6 दिसंबर को 36 साल के हो गये । इस अवसर पर उन्हें साथ खिलाड़ियों के साथ ही प्रशंसकों ने भी बधाई दी है। जडेजा भारतीय क्रिकेट के सबसे अच्छे ऑलराउंडरों में उनकी गिनती होती है । जडेजा इस साल की शुरुआत में टी20 विश्वकप में मिली जीत के बाद टी20 क्रिकेट को अलविदा कह दिया था । टेस्ट में उनके नाम 300 से अधिक विकेट होने के साथ ही 3000 से अधिक रन हैं । वह दो बार सफेद गेंद से आईसीसी खिताब जीतने के दौरान टीम में रहे हैं । ये जीत उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी 2013 और आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 में मिली हैं । जडेजा ने अपने करियर के यादगार इस साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई टेस्ट के दौरान दोनो ही पारियों में पांच-पांच विकेट लिए थे । एक पारी में 100 से अधिक रन और 5 विकेट का रिकार्ड भी उनके नाम है । साल 2022 में श्रीलंका के खिलाफ मोहाली टेस्ट के दौरान जडेजा एक पारी में शतक और पांच विकेट लेने वाले भारतीय क्रिकेटरों की सूची में शामिल हो गए ।



## बुमराह से मुकाबले को लेकर कोई दबाव नहीं : हेड

एडिलेड । ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने कहा कि वह भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का सामना करने को लेकर डरे हुए नहीं हैं । हेड ने कहा, बुमराह स्टंप्स पर आक्रामक करना पसंद करते हैं । वह शॉर्ट गेंदों का भी अच्छा इस्तेमाल करते हैं और ज्यादा रन बनाने का मौका नही देते पर मेरा मानना है कि अगर आप अपने पैरों की मूवमेंट को लेकर सतर्क रहें और ध्यान दें कि वह कहां से आपको आउट कर सकते हैं तो आप आप रन बना सकते हैं । मैं इसी ध्यान देते हुए काम करता हूं। वह दुनिया के बेहतरीन गेंदबाजों में से एक हैं पर मेरे लिए वह अन्य गेंदबाजों में से ही एक हैं जो मुझे पुरानी गुलाबी गेंद मुझे फेंक रहे होंगे । इसलिए मैं ज्यादा परेशान नहीं हूं । हेड ने पर्थ में हुए पहले टेस्ट में भी शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक लगाया था। वही पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर नेएडिलेड में गुलाबी गेंद से स्कॉट बोलैंड की गेंदबाजी देखने के लिए उत्सुक थे और उनकी ये इच्छा पूरी हो गयी। बोलैंड इस मैच में चोटिल जोश हेजलवुड की जगह उतरे और उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की । बोलैंड ने करीब 18 महीने बाद टेस्ट मैच में वापसी की है । बोलैंड ने एडिलेड ओवल में अब तक एक ही टेस्ट खेला है, जिसमें उन्होंने 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 विकेट (3/45) लिए थे ।



# डब्ल्यूएफआई ने तदर्थ पैनल के अधिकार क्षेत्र को बहाल करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी

**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** नयी दिल्ली । भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाते हुए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को महासंघ के मामलों के संचालन के लिए एक तदर्थ पैनल का पुनर्गठन करने की स्वतंत्रता देने के आदेश को चुनौती दी। यह अपील कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विभु बाखरू और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ के समक्ष आई जिसने इसे 18 दिसंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया क्योंकि एक पक्ष के वकील बृहस्पतिवार को उपलब्ध नहीं थे।

डब्ल्यूएफआई ने एकल न्यायाधीश की पीठ के 16 अगस्त के अंतरिम आदेश को चुनौती दी है जिसमें कहा गया था कि आईओए का तदर्थ समिति को भंग करने का निर्णय पिछले साल दिसंबर में चुनावों के तुरंत बाद डब्ल्यूएफआई को निलंबित करने के खेल मंत्रालय के आदेश के अनुरूप नहीं है। एकल न्यायाधीश ने कहा था कि निलंबन आदेश वापस लिए जाने तक तदर्थ समिति के लिए महासंघ के मामलों का संचालन करना आवश्यक है।



## चैम्पियंस ट्रॉफी अब हाइब्रिड मॉडल पर आयोजित होगी : पीसीबी भारतीय टीम के मैच दुबई में खेले जाएंगे

दुबई । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की फटकार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) चैम्पियंस ट्रॉफी को हाइब्रिड मॉडल पर आयोजित करने के लिए तैयार हो गया है । ऐसे में अब भारतीय टीम के मैच दुबई में खेले जाएंगे । इससे पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई ने सुरक्षा कारणों से अपनी टीम पाक भेजने से इंकार कर दिया था । अब साल 2027 तक कई टीम वाली प्रतियोगिताओं में इसी तरह की व्यवस्था के लिए ' सैद्धांतिक रूप से सहमति बन गई है । आईसीसी के अनुसार दुबई में आईसीसी के नए चेयरमैन जय शाह और पाकिस्तान सहित निदेशक मंडल के बीच एक अनौपचारिक बैठक के दौरान ही इस फैसले को अंतिम रूप दिया गया । आईसीसी सूत्र का कहना है कि सभी पक्षों ने सैद्धांतिक रूप से सहमति व्यक्त की है कि 2025 चैंपियंस ट्रॉफी यूएई और पाकिस्तान में आयोजित की जाएगी जबकि भारतीय टीम अपने मैच दुबई में खेलेगी । यह सभी हितधारकों के लिए जीत की स्थिति है । चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी-मार्च में पाक में आयोजित की जाएगी । इससे पहले पीसीबी ने पिछले सप्ताह आईसीसी की पिछली बैठक में बहिष्कार की धमकी वापस लेते हुए हाइब्रिड मॉडल पर सहमति जताई थी और 2031 तक अपने लिए भी इसी तरह की व्यवस्था की मांग की थी ।

## करण सिंह जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को निजी प्रायोजकों और महासंघ से सहयोग की जरूरत : बोपन्ना



मुंबई । भारत के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने निजी प्रायोजकों और राष्ट्रीय महासंघ से करण सिंह जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया । बोपन्ना अभी टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) में राजस्थान रेंजर्स की तरफ से खेल रहे हैं जो 154 अंक लेकर अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है और फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बना हुआ है टेनिस प्रीमियर लीग की विज्ञप्ति के अनुसार बोपन्ना ने कहा कि मैं करण को खेलते हुए देख रहा हूं और मुझे लगता है कि वह बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। हमें इस तरह के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए न सिर्फ निजी प्रायोजकों बल्कि राष्ट्रीय महासंघ से भी सहयोग की जरूरत है। यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि युवा खिलाड़ियों को बड़े मंच पर खेलने का मौका मिल रहा है ।'' बोपन्ना पहली बार टीपीएल में भाग ले रहे हैं । वह पुरुष युगल और मिश्रित युगल में अपनी चुनौती पेश कर रहे हैं ।

## यशस्वी को देखकर एक दशक पहले का अपना दौरा याद आ गया : राहुल

एडीलेड । बल्लेबाज केएल राहुल ने कहा है कि वह जब भी युवा यशस्वी जायसवाल को देखते हैं । उन्हें एक दशक पहले का अपना ऑस्ट्रेलिया दौरा याद आ जाता है । वह एक प्रकार से यशस्वी में अपने आप को देखते हैं । राहुल ने साल 2014-15 की मेलबर्न क्रिकेट मैदान (एमसीजी) पर पदार्पण करते हुए छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए तीन और एक रन बनाये थे पर इसके बाद अगले मैच मैच में उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में जबरदस्त वापसी करते हुए सिडनी में 110 रन बनाये थे । सिडनी में दूसरी पारी में राहुल दबाव में भी थे । उन्होंने एक घंटे में मुरली विजय के साथ तब केवल 16 रन बनाए थे, तब विजय ने उन्हें आराम से खेलने को कहा था। राहुल अब यशस्वी जायसवाल के साथ वही भूमिका निभाने का प्रयास कर रहे हैं जो पूर्व सलामी बल्लेबाज और राष्ट्रीय टीम के सीनियर साथी विजय ने उनके साथ निभाई थी । राहुल और यशस्वी ने पर्थ में पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 201 रन की रिकार्ड साझेदारी की थी । यशस्वी ने पर्थ में शतक लगाया था जबकि राहुल ने 77 रन बनाए थे । यशस्वी के साथ अपनी बातचीत के बारे में पूछे जाने पर राहुल ने कहा, ' मैंने उसमें अपने आप को देखा, जैसा कि मैं 10 साल पहले था, पहली बार पारी की शुरुआत कर रहा था, बहुत सारे संदेह, बहुत सारी घबराहट और आप अपने खेल पर संदेह करते रहते हैं और आपके दिमाग में बहुत कुछ चलता रहता है और इसलिए आप बस इतना कर सकते हैं कि चीजों को धीमा करने की कोशिश करें, कुछ गहरी सांसें लेने की कोशिश करें । राहुल ने सिडनी में अपने टेस्ट शतक को याद करते हुए कहा कि उनसे यही बात तब विजय ने कही थी ।



# मैच देखने 10 किलोमीटर पैदल चलते थे, अब हॉकी इंडिया लीग में छाप छोड़ने को तैयार हैं कप्तान आमिर अली

**नई दिल्ली (एजेंसी)** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के 20 वर्षीय कप्तान आमिर अली आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं। नीलामी में टीम गोनासिका द्वारा 34 लाख रुपए में खरीदे गए आमिर का भारतीय हॉकी के शीर्ष पर पहुंचना किसी प्रेरणा से कम नहीं है। लखनऊ में जन्मे और पले-बढ़े आमिर एक बाइक मैकेनिक के बेटे हैं। उन्होंने स्कूल के बाद अपने पिता की मदद करने और हॉकी के प्रति अपने जुनून को पूरा करने के लिए काम के साथ-साथ कोचिंग के बीच संतुलन बनाए रखा। पार्ट-टाइम मैकेनिक के रूप में काम करने से लेकर प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारतीय जूनियर टीम की कप्तानी करने तक का उनका सफर उनके करियर को परिभाषित करने वाली दृढ़ता और समर्पण को दर्शाता है।

अपनी यात्रा और हॉकी खिलाड़ी बनने के लिए उन्हें किस बात ने प्रेरित किया, आमिर ने बताया, 'अपनी किशोरावस्था के दौरान मैं अपने पिता की बाइक मैकेनिक की नौकरी से शर्मिंदगी महसूस करता था, क्योंकि मैं यह समझने के लिए पर्याप्त परिपक्व नहीं था कि कोई भी काम छोटा नहीं है। लेकिन यह हमारे परिवार के संघर्ष ही थे, जिन्होंने मुझे हॉकी में अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। मैं अपनी वित्तीय स्थिति को बदलना चाहता था और अपने परिवार और देश को गौरवान्वित करना चाहता था। यही इच्छा हॉकी खिलाड़ी के रूप में सफल होने के लिए मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा बन गई।'

उन्होंने कहा, 'अब, मैं हॉकी खेलकर जो भी कमाता हूं, मैं उसे अपने पिता को भेजता हूं, क्योंकि मैं नहीं चाहता कि उन्हें किसी भी कठिनाई का सामना करना पड़े। मेरा लक्ष्य उन्हें हर संभव तरीके से सहायता प्रदान करना है और यह जानना कि इससे उन्हें खुशी मिलती है, यही मुझे वास्तव में संतुष्टि देता है।'

उल्लेखनीय है कि आमिर एक डिफेंडर हैं और ने हाल ही में भारतीय टीम को जूनियर एशिया कप खिताब दिलाया और अब वह अपनी जीत की लय को जारी रखने के उद्देश्य से आगामी हॉकी इंडिया लीग में खेलने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, 'जूनियर एशिया कप जीतना मेरे लिए बहुत बड़ा आत्मविश्वास बढ़ाने वाला था और मैं इस जीत की लय को लीग में भी जारी रखने के लिए तैयार हूं। HIL में सीनियर खिलाड़ी अपना अनुभव लेकर आएंगे और मैं उनके साथ सीखने और प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हूं।'

दिलचस्प बात यह है कि आमिर का हॉकी इंडिया लीग से जुड़ाव उनके बचपन से है। उन्होंने बताया कि कैसे एक युवा लड़के के रूप में वह अपने आदर्श मनप्रीत सिंह को लखनऊ में HIL मैच खेलते देखने के लिए 10 किलोमीटर पैदल चलकर जाते थे। अब आमिर के लिए जीवन का चक्र पूरा हो गया है क्योंकि उन्होंने न केवल उसी प्रतिष्ठित लीग में अपनी जगह बनाई है बल्कि टीम गोनासिका में अपने आदर्श मनप्रीत सिंह के साथ खेलेंगे।

उन्होंने कहा, 'यह सोचना कि मैं कभी HIL मैच देखने गया था और अब मैं उनमें खेलूंगा, एक बहुत ही खास एहसास है। मेरे माता-पिता गर्व महसूस करते हैं और इससे मुझे बहुत खुशी मिलती है। मैं अपने आदर्श मनप्रीत सिंह के साथ खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं और उनसे सीखने और उनके मार्गदर्शन में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए उत्सुक हूं।' युवा डिफेंडर आगामी सत्र के लिए अपने लक्ष्यों के बारे में स्पष्ट हैं। मैं अपना 100 प्रतिशत देना चाहता हूं और यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि टीम गोनासिका अच्छा प्रदर्शन करे। मुझे बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है, और मैं टीम की सफलता में योगदान देकर उस विश्वास को चुकाने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं। आगामी सत्र के लिए मेरा लक्ष्य अपनी टीम के साथ HIL ट्रॉफी उठाना है।'



जमीनी स्तर की हॉकी से राष्ट्रीय स्तर तक आमिर की यात्रा महत्वाकांक्षी एथलीटों के लिए प्रेरणा का काम करती है। युवा खिलाड़ियों को उनका संदेश कड़ी मेहनत, अनुशासन और कोचों के प्रति सम्मान है। उन्होंने सलाह दी, 'हमेशा अपने कोच का सम्मान करें, अनुशासित रहें और कड़ी मेहनत करें। अगर आप अपने काम के प्रति ईमानदार हैं, तो आप अपना लक्ष्य हासिल कर लेंगे।'

## लोजपा सांसद ने कहा, बिहार के विकास के लिए वापस लौटें बिहारी छात्र

मुंगेर । बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए राजनीतिक पार्टियों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। एनडीए में शामिल लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) भी जिला स्तर पर पार्टी को मजबूती प्रदान करने में जुटी है। लोजपा सांसद भी इन कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) से सांसद अरुण भारती मुंगेर जिले में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे। कार्यक्रम में उन्होंने जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर की तारीफ की। उन्होंने कहा कि हम लोग बिहार से दूर जाकर पढ़े और अब अपने क्षेत्र और राज्य के लिए कुछ करना चाहते हैं। आने वाले समय में हम चाहते हैं कि जो भी बिहारी छात्र बाहर पढ़ने गए थे, वहां नौकरी या फिर व्यापार कर रहे हैं, वह बिहार जरूर लौटें। यहां आकर वह यह जरूर सोचें कि हम अपने क्षेत्र में विकास के लिए कौन-कौन से कार्य कर सकते हैं। जहां तक संभव हो उस काम को धरातल पर उतार सकें। उन्होंने कहा, किशोर बिहार के रहने वाले हैं। वह अब अपना पूरा समय बिहार को दे रहे हैं। प्रशांत किशोर ने कहा था कि उनका पूरा फोकस अब बिहार पर रहेगा। वह बिहार को अन्य राज्यों की तरह प्रगति करते हुए देखना चाहते हैं। इसी कड़ी में उन्होंने ऐलान किया है कि जनसुराज पार्टी बिहार का आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगी। वहीं, पीके नाम से मशहूर प्रशांत किशोर बिहार की एनडीए सरकार के साथ ही साथ आरजेडी नेता तेजस्वी यादव पर भी जमकर बरस रहे हैं। प्रशांत कई बार कई मंचों से कह चुके हैं कि 9वीं फेल नेता कभी बिहार की प्रगति नहीं कर सकता है।

## महिला पुलिस अधिकारी को धमकाने के मामले में मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के खिलाफ एफआईआर

जयपुर । राजस्थान में भजनलाल सरकार का अंदरूनी झगड़ा अब विवाद का रूप लेता जा रहा है। भाई जगमोहन मीणा के दौसा से चुनाव हारने पर भीतरघात का आरोप लगाने के बाद से ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा नाराज चल रहे हैं। अब मंत्री के महिला थानेदार कविता शर्मा को धमकाने के मामले में पुलिस ने मंत्री रिपोर्ट लिख दी है। बीते मंगलवार देर रात हुए घटनाक्रम की रिपोर्ट डालने के बाद सीनियर अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई है और मंत्री पर राजकार्य में बाधा डालने का आरोप लगा है। वहीं, मंत्री मीणा ने भी महेशनगर पुलिस थाने की सीआई कविता शर्मा पर फर्जी तरीके से नौकरी हासिल करने का आरोप लगाया है। दरअसल, महावीर नगर में एसआई भर्ती परीक्षा रद्द करने की मांग करने वाले छात्र नेताओं को पुलिस गिरफ्तार करने गई थी। तभी छात्र नेता विकास विधूड़ी ने मंत्री मीणा को कॉल सूचना दी। मौके पर पहुंचे मंत्री किरोड़ीलाल महिला थानेदार पर ही भड़के और उन्हें खूब खरी खोटी भी सुनाई। यही नहीं, मंत्री के साथ आए लोग पुलिस की गाड़ी से एक युवती को भी उतार अपने साथ ले गए। घटनाक्रम के बाद सुबह किरोड़ीलाल मीणा ने पूरे मामले की शिकायत गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम से की और सीआई को हटाने की मांग की। जबकि सीआई कविता शर्मा का कहना है कि वे उच्च अधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई कर रही थीं और अपनी ड्यूटी निभाने में लगी थीं।

## बाबा सिद्दीकी से पहले हिट लिस्ट में थे अभिनेता सलमान खान

मुंबई। पिछले कई महीनों से बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जान से मारने की धमकी मिल रही है। इतना ही नहीं बिश्नोई गैंग द्वारा सलमान खान के घर पर फायरिंग भी की गई थी। सलमान खान के बेहद करीबी दोस्त और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी को बिश्नोई गैंग के तीन शूटरों ने मुंबई में गोली मार दी थी। इसके बाद सोशल मीडिया पर बिश्नोई गैंग की ओर से एक पोस्ट शेयर कर इस हत्या की जिम्मेदारी ली गई। बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में अब तक पुलिस ने 26 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस बीच खबर है कि बाबा सिद्दीकी मामले में गिरफ्तार आरोपियों ने अब एक बड़ा और चौंकाने वाला खुलासा किया है। आरोपी ने कहा कि बाबा सिद्दीकी से पहले उसका टारगेट सलमान खान थे। हालांकि कड़ी सुरक्षा के चलते वे सलमान खान पर गोली नहीं चला सके। उसने कई बार सलमान खान पर गोली चलाने की कोशिश की। लेकिन सलमान खान के आसपास भारी सुरक्षा के कारण यह संभव नहीं हो सका। बता दें कि सलमान खान को पिछले कुछ दिनों से बिश्नोई गैंग से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। सलमान कड़ी सुरक्षा के बीच अपनी फिल्मों की शूटिंग कर रहे हैं। लगातार मिल रही धमकियों के चलते उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## मुंबई एयरपोर्ट पर 1 करोड़ का सोना जब्त, फूड स्टॉल कर्मचारी समेत दो गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज हवाई अड्डे पर सोने की तस्करी के मामले में सीमा शुल्क अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर काम करने वाले और विदेश से आए एक व्यक्ति को हवाई अड्डे के बाहर एक फूड स्टॉल के एक कर्मचारी के साथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में डेढ़ किलो सोना जब्त किया गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस सोने की कीमत 1 करोड़ 5 लाख रुपये है। बताया गया है कि सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों को सूचना मिली थी कि दुबई से मुंबई में सोने की तस्करी की जा रही है। जिसके बाद संबंधित उड़ान से उतरे एक यात्री को अधिकारियों द्वारा निगरानी में रखा गया था। इस शख्स का नाम है मुशाहिद अख्तर अंसारी। मुंबई एयरपोर्ट पर उतरने के बाद अंसारी मोबाइल चार्जिंग पॉइंट पर अपना मोबाइल चार्ज करने के लिए खड़ा था। इसी दौरान एयरपोर्ट पर काम करने वाली सोनाली नाम की युवती उनके पास पहुंची। अंसारी ने सोनाली को एक बटुआ दिया। इस बटुए को देने के बाद जब अधिकारियों ने सोनाली से पूछताछ की तो उन्हें उसके पास से यह सोना मिला। सोनाली ने कबूल किया कि अंसारी ने उसे यह सोना दिया है और वह इसे हवाई अड्डे के बाहर एक फूड स्टॉल में काम करने वाले तरबेज शेख को देगी। इसके बाद तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया और आगे की जॉंच की जा रही है।

# भारत से दुश्मनी और पाकिस्तान से दोस्ती के लिए बेचैन है बांग्लादेश की यूनुस सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक पर एक बार हिंसा बढ़ गई है। शेख हसीना सरकार की तख्तापलट के बाद से बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हमले हो रहे हैं। इतिहास में जाएं तो बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा के कारण से ही भारत ने हस्तक्षेप किया था। जिसके बाद पूर्वी पाकिस्तान नाम की जगह खत्म हो गई और बांग्लादेश का उदय हुआ। एक बार फिर हिंसा की आग में बांग्लादेश झुलस रहा है। सरकार के फैसले भी यही संकेत दे रहे हैं कि बांग्लादेश पूर्वी पाकिस्तान बनने की राह पर है। पाकिस्तान से बढ़ती नजदीकियां भी यही इशारा कर रही हैं।

बांग्लादेश का रवैया भारत के प्रति अच्छा नहीं है। बांग्लादेश लगातार भारत विरोधी कदम उठा रहा है और पाकिस्तान से दोस्ती के लिए खुद का नुकसान करने से भी पीछे नहीं हट रहा है। इसी साल सितंबर में पाकिस्तान ने घोषणा की थी कि बांग्लादेशी बिना किसी वीजा शुल्क के पड़ोसी देश की यात्रा कर सकेंगे। इसके बाद अंतरिम सरकार ने बांग्लादेशी वीजा के लिए आवेदन करने से पहले पाकिस्तानी नागरिकों के लिए सुरक्षा मंजूरी प्राप्त करने की आवश्यकता को हटा दिया है। और अब बांग्लादेश ने भारत से अपने 2 राजनियक को वापस बुला लिया है। खबर है कि बांग्लादेश ने भारत से अपने दो राजनयिक को वापस बुलाया है। यह फैसला बांग्लादेश ने तब लिया है जब दोनों देश के बीच तनाव बढ़ रहा है। हालात ये हैं कि बांग्लादेश ने



पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा से अपने दो राजनयिक को वापस बुलाया है। इधर भारत के साथ तनाव के बीच बांग्लादेश दुनिया को साधने चला है। बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस 27 यूरोपियन देशों के राजनयिकों से मिलेंगे। यूनुस 9 दिसंबर को ढाका में यूरोपियन देशों के राजनयिकों से मिलेंगे। 27 यूरोपियन देशों राजनयिकों में 20 राजनयिक दिल्ली में मौजूद हैं जबकि 7 ढाका में। बैठक का मकसद बांग्लादेश और यूरोपियन देशों के बीच सहयोग को बढ़ाना है। मालूम हो कि हाल ही में त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में बांग्लादेश के राजनयिक मिशन में तोड़फोड़ हुई थी। बाद में इस मामले में 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। कैम्पस में घुसपैठ के मामले में 4 पुलिस अफसरों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई थी। वहीं, बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त को तलब कर घटना का विरोध जताया गया था। साथ ही बांग्लादेश ने अगरतला में अपनी काउंसलर सर्विस भी बंद करने का ऐलान किया था। अब बांग्लादेश ने त्रिपुरा से अपने डिप्लोमेट को वापस बुला लिया है।

## गांधी के परिवार ने देश के लिए अपनी कुर्बानी दी : प्रमोद तिवारी

नई दिल्ली । राज्यसभा सदस्य और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने भाजपा सांसद संबित पात्रा की उस टिप्पणी पर घोर आपत्ति जाहिर की हैं, जिसमें उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर देशद्रोह का आरोप लगाया था। वहीं किसानों और उन्हें रोकने के लिए प्रशासन की तरफ से लगाई गई बैरिकेडिंग को लेकर कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने



कहा, यह केंद्र सरकार की क्रूरता है। जब तीन साल पहले करीब 700 किसानों की शहादत हुई थी, तब उन्होंने खुद ही समझौता किया था। न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार के कृषि मंत्री एवं किसानों के बीच समझौता हुआ था। लेकिन अगर ये आज मुखर रहे हैं, तब यह विश्वासघात है। भाजपा प्रवक्ता पात्रा के राहुल गांधी को देशद्रोही बोलने और देश का नैरेटिव खराब करने के सवाल पर कांग्रेस नेता तिवारी ने कहा, जिन्होंने अंग्रेजों की मुखबिरी की और अंग्रेजों की फौज में भर्ती होने का पत्र लिख रहे थे, उन्ही संगठनों के राजनीतिक दल के सदस्य पात्रा ने ये घटिया आरोप लगाया है। याद कर लें कि देशद्रोह करने का काम भाजपा के मातृ संगठन ने किया था। राहुल गांधी के परिवार ने देश के लिए अपनी कुर्बानी दी। उनके खून में देश के लिए कुछ कर गुजरने की तमन्ना है। वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभल और बांग्लादेश के हालात पर 500 साल पहले बाबर के समय से तुलना करने पर कांग्रेस नेता ने कहा, भाजपा डीएनए पर नहीं जाए। वरना आजादी के समय या उससे पहले जो किया, कहीं डीएनए टेस्ट हो तब भाजपा का डीएनए ही बाबर और औरंगजेब से नहीं निकाल आए।

## दिल्ली में एनओ2 का स्तर बढ़ने से अस्पताल जाने के मामले बढ़े: नड्डा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा दिल्ली में पांच स्थानों पर किए गए एक अध्ययन में पता चला है कि नाइट्रोजन डाईऑक्साइड (एनओ2) जैसे यौगिकों के स्तर में वृद्धि के साथ लोगों को सांस लेने में घरघराहट पैदा होने तथा आपात स्थिति में अस्पताल जाने के मामलों में वृद्धि देखी गई है।

उन्होंने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। मंत्री पे कहा कि सरकार ने वायु प्रदूषण पर एक स्वास्थ्य परामर्श जारी किया है और वायु प्रदूषण के मुद्दों के समाधान के लिए कई कदम भी उठाए हैं। नड्डा ने कहा कि भारत सरकार ने 1,561 'प्रेशर स्विंग एड्सॉर्पशन' (पीएसए) ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्रों को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि देश में पीएम केयर्स फंड के तहत 1,225 पीएसए संयंत्रलगाए गए हैं। उनका कहना था कि इसके अतिरिक्त, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, बिजली, कोयला, रेल मंत्रालयों के तहत आने वाले सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा अब तक 336 पीएसए संयंत्र स्थापित किए गए हैं।

# बंगाल को बर्बाद करने में तुली ममता बनर्जी, भाजपा आईटी सेल प्रमुख का आरोप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आरोप लगाया कि वे प्रदेश को बर्बाद करने में तुली हुई हैं। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख ने अपनी बात को साबित करने के लिए एक आंकड़ा भी साझा किया। भाजपा नेता ने बंगाल से जुड़े कुछ चौंकाने वाले आंकड़े साझा कर कहा, बंगाल भारत में करीब 67 फीसदी केरोसिन की खपत करता है और यह स्थिति एलपीजी के पर्याप्त आपूर्ति के बावजूद बनी हुई है। उन्होंने सवाल उठाया, 'क्या कारण हो सकता है? गरीबी, कालाबाजारी या बड़ी संख्या में अवैध प्रवासी, सत्तारूढ़ टीएमसी के लिए वोट बैंक के रूप में दोगुना हो रहे हैं?' उन्होंने कहा, 'कारण चाहे जो भी हो। लेकिन, इस बात को खारिज नहीं किया जा सकता है कि ममता अपने पीछे एक बर्बाद राज्य छोड़ रही हैं।

उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद समिक भट्टाचार्य ने



राज्यसभा में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी से मुद्दे को लेकर सवाल पूछे थे। मालवीय ने इसी प्रश्न को आधार बनाकर यह प्रतिक्रिया दी।

दरअसल, भाजपा सांसद भट्टाचार्य ने सवाल किया था कि क्या बंगाल देश में सबसे अधिक मात्रा में केरोसिन की खपत करता है? क्या सरकार ने दावे का संज्ञान लिया है कि केरोसिन का सेवन बड़े पैमाने पर बांग्लादेशी घुसपैठियों द्वारा किया जाता है? इस तरह के दुरुपयोग को रोकने और इच्छित लाभार्थियों को यह सुनिश्चित करने के लिए निगरानी और वितरण में सुधार के लिए क्या उपाय लागू किए जा रहे हैं।

इन सभी सवालों के जवाब में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री मंत्री सुरेश गोपी ने बताया कि भारत सरकार खाना पकाने के उद्देश्य से तिमाही आधार पर बंगाल सहित अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत मिट्टी के तेल का आवंटन करती है। वर्ष 2023-24 के दौरान विभिन्न राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों को पीडीएस एसकेओ का आवंटन अनुबंध में दिया गया है।

उन्होंने कहा, 'वर्ष 2023-24 के दौरान, बंगाल राज्य को 7,04,016 केएल पीडीएस एसकेओ आवंटित किया गया था, जो देश भर के राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों को किए गए 10,60,524 केएल के कुल आवंटन का 66.38 फीसदी है। भारत सरकार ने समय-समय पर संशोधित केरोसिन (उपयोग पर प्रतिबंध और अधिकतम कीमत का निर्धारण) आदेश 1993 जारी किया है, जिसमें सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत केरोसिन की बिक्री केवल खाना पकाने और रोशनी के प्रयोजनों के लिए पात्र उपभोक्ताओं तक सीमित कर दी गई है।

## वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा करने अब तक दिल्ली में 28 बैठकें हुईं: जगदंबिका पाल

*** बैठकों में इस्लामिक विद्वानों, न्यायाधीशों, वाइस चांसलर्स और अन्य साथी स्तंभ शामिल हुए**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में वक्फ संशोधन विधेयक पर जेपीसी की संयुक्त समिति की गतिविधियों का जायजा लेते हुए अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने बताया कि इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर 28 बैठकें आयोजित की गई हैं। यहां विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की जा रही है। जेपीसी ने इस संशोधन पर सभी पक्षों की राय लेने के लिए विभिन्न राज्यों का दौरा किया है। मुख्य धारा में वक्फ संशोधन विधेयक को गहरी समझने के उद्देश्य से बैठकों में इस्लामिक विद्वानों, न्यायाधीशों, वाइस चांसलर्स और अन्य साथी स्तंभों को शामिल किया गया है। साथ ही विभिन्न मंत्रालयों के प्रतिनिधि और अल्पसंख्यक संगठनों के प्रतिनिधियों से भी चर्चा की जा रही है। जगदंबिका पाल ने बताया कि वक्फ संशोधन विधेयक के सभी पहलुओं पर गहरी चर्चा की जा रही है और सरकार चाहती है कि इस विधेयक से जुड़े सभी मामलों पर विस्तार से विचार किया जाए। जेपीसी का मुख्य लक्ष्य देशभर से विभिन्न मुद्दों पर राय लेना और सभी पक्षों की चिंताएं समझना है। इसके अतिरिक्त संसदीय समिति की बैठक में अल्पसंख्यक मंत्रालय के अधिकारियों ने भी अपने पक्ष को साझा किया। पाल ने पिछले हफ्ते लोकसभा समिति के कार्यकाल को बढ़ाए जाने के प्रस्ताव की मंजूरी दी थी, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वक्फ संशोधन विधेयक पर गहरी चर्चा की जा रही है। वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर संसदीय समिति के विचारों और सुझावों की प्रक्रिया तेजी से बढ़ रही है, जिससे इस महत्वपूर्ण विधेयक के बारे में समस्त पक्षों की दृष्टि स्पष्ट हो सके।

## भाजपा वाले कुछ भी कहें, राहुल गांधी के लिए देश से बढ़कर कुछ नहीं : प्रियंका गांधी

**भिवाड़ी (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को ''देशद्रोही'' कहे जाने पर शुक्रवार को कहा कि सत्तारूढ़ दल के लोग कुछ भी कहें, उन्हें फर्क नहीं पड़ता क्योंकि उनके भाई के लिए देश से बढ़कर कुछ नहीं है।



उन्होंने कहा कि जो लोग देश की आजादी के लिए 13 साल जेल में काटने वाले पंडित जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के दो टुकड़े करने वाली इंदिरा गांधी को 'देशद्रोही' कह सकते हैं, उनके लिए राहुल गांधी के लिए इस शब्द का इस्तेमाल करना कोई नई बात नहीं है।

प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''जो लोग आजादी की लड़ाई में 13 साल जेल में रहने वाले जवाहरलाल नेहरू जी को देशद्रोही कह सकते हैं, जो पाकिस्तान के दो टुकड़े करने वाली और शहीद हुईं इंदिरा जी को देशद्रोही कह सकते हैं, जो राजीव गांधी जी को देशद्रोही कह सकते हैं, वो अगर राहुल जी के लिए ऐसा कह रहे हैं, तो कोई नई बात नहीं है।''

उन्होंने कहा, ''मुझे मेरे भाई पर बहुत गर्व है, उनके लिए देश से बढ़कर कुछ नहीं है। उन्होंने देश की एकता के लिए आठ हजार किलोमीटर की यात्रा की जिसमें से चार हजार किलोमीटर की पदयात्रा थी।''

प्रियंका गांधी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, '' ये लोग कुछ भी कहते रहें, फर्क नहीं पड़ता।'' भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने बृहस्पतिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया था कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भारत को अस्थिर करने का प्रयास कर रही खोजी मीडिया समेत अंतरराष्ट्रीय ताकतों के साथ संबंध रखते हैं और वह देशद्रोही हैं।

## हरियाणा में नए जिले, उप मंडल, तहसील और उप तहसील की संभावना

### – चार सदस्यीय कमेटी का किया गया गठन, तीन महीने में सरकार को सौंपेगी रिपोर्ट

चंडीगढ़ । हरियाणा में एक ऐतिहासिक फैसले को लेकर चार सदस्यीय कमेटी का गठन हुआ है जो नए जिले, उप मंडल, तहसील और उप तहसील के गठन के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेगा। इस कमेटी का अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार को निर्वाचित किया गया है। इसके तीन महीने के अध्ययन के बाद कमेटी अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। इस कमेटी का मुख्य उद्देश्य है हरियाणा के प्रशासनिक सुधारों की समीक्षा करना और नए जिले, उपमंडल, तहसील और उप-तहसील के गठन के बारे में सुझाव देना। कमेटी को संयुक्त रूप से वित्तायुक्त राजस्व और राजस्व एवं आपदा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी के नेतृत्व में गठित किया गया है। पिछली महीने में जून के चुनावों में हार के बाद कमेटी की रिपोर्ट को दोहराने की मांग उठी थी। हालांकि, वर्तमान जिलों में कारगर संगठन और प्रशासनिक व्यवस्था है, लेकिन नए जिले के गठन से प्रदेश के विकास में और गति लाने की उम्मीदें हैं। विधायकों की इस कमेटी में शामिल होने की संभावना है, जिससे स्थानीय जनता की भी सुनवाई हो सके।

## भुवनेश्वर में न्यायिक परिसर से सांप पकड़ा गया

भुवनेश्वर। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में नवनिर्मित न्यायिक परिसर का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा बृहस्पतिवार को उद्घाटन किए जाने से कुछ घंटे पहले वहां से दो फुट का एक सांप पकड़ा गया। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि सांप को इमारत के मुख्य द्वार के पास एक चालक ने देखा और परिसर में अन्य लोगों को सतर्क किया। अधिकारी ने कहा कि सांप हेल्पलाइन की एक टीम मौके पर पहुंची और सांप को पकड़ा। एहतियात के तौर पर टीम ने पूरे परिसर की तलाशी भी ली।

# भारत-चीन समझौतों के तहत शांति-सौहार्द बनाए रखने की आवश्यकता पर दिया जोर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्वी लद्दाख में बीते करीब साढ़े चार साल से अधिक समय से जारी एलएसी विवाद की 21 अक्टूबर 2024 को हुई समाप्ति के बाद गुरुवार को राजधानी दिल्ली में भारत और चीन के बीच सीमा संबंधी मामलों के समाधान के लिए गठित किए गए कूटनीतिक तंत्र यानी डब्ल्यूएमसीसी की 32वीं बैठक हुई। इसमें भारतीय पक्ष का नेतृत्व विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) गौरांग लाल दास ने किया। जबकि चीनी प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई वहां के विदेश मंत्रालय के तहत आने वाले सीमा और महासागरीय मामलों के विभाग के महानिदेशक होंग लियांग ने की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें बताया कि बैठक के बाद चीन के महानिदेशक ने भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री से शिष्टाचार मुलाकात भी की। मंत्रालय ने बताया कि इस बैठक में जहां एक ओर दोनों पक्षों ने एलएसी पर विवाद समाप्ति को लेकर हुए समझौते के सकारात्मक क्रियान्वयन को लेकर प्रतिबद्धता जाहिर की। वहीं, रूस के कजान में 23 अक्टूबर 2024 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई पहली द्विपक्षीय बैठक में लिए गए निर्णय के मुताबिक विशेष प्रतिनिधियों (विदेश मंत्री, एनएसए और विदेश सचिव स्तर की बैठक) की अगली बैठक को लेकर तैयारी पर मंथन किया गया।

**सीमाई हालात की समीक्षा की**

बैठक में दोनों पक्षों ने 21 अक्टूबर को हुए विवाद समाप्ति समझौते के बाद सीमा पर बने हुए हालातों की समीक्षा की। इसमें वर्ष 2020 के घटनाक्रम से दोबारा ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने को लेकर ली गई सीख भी शामिल है। मामले पर दोनों ने स्थापित तंत्र की मदद से लगातार आदान-प्रदान और कूटनीतिक व सैन्य स्तर पर संवाद बनाए रखने के महत्व को भी रेखांकित किया। साथ ही प्रभावी सीमा प्रबंधन, शांति-सौहार्द कायम करने और इसकी बहाली के लिए भारत और चीन के बीच मौजूद द्विपक्षीय समझौतों, प्रोटोकॉल और दोनों सरकारों के बीच बनी आपसी समझ के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता पर भी बल दिया।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9386895799, 9507466535, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902